{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
गुरुवार 26 मार्च 2026
चैत्र शुक्ल 08 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 180
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

PMG पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 74,068.45 |
| निफ्टी | - | 22,912.40 |
| सोना | - | 1,42,910 |
| चांदी | - | 2,35,000 |
| डॉलर | - | 93.98 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### ब्लड बैंकों की अब डिजिटल निगरानी

नई दिल्ली। देशभर के ब्लड बैंकों पर अब सरकार की 'डिजिटल' नजर रहेगी। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने सभी लाइसेंस प्राप्त ब्लड सेंटर्स के लिए 'ई-रक्तकोष' पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। इसका मकसद देशभर में खून की उपलब्धता का एक सेंट्रलाइज्ड सिस्टम तैयार करना और कालाबाजारी रोकना है। इस बार सबसे बड़ा बदलाव यह है कि 'ई-रक्तकोष' को सीधे निरीक्षण (इंस्पेक्शन) प्रक्रिया का हिस्सा बना दिया गया है। यानी जांच के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर पोर्टल पर दर्ज डेटा और वास्तविक स्टॉक का मिलान करेंगे। डेटा में हेराफेरी मिलने पर पहली बार सख्त कार्रवाई होगी। राज्यों की लाइसेंसिंग अथॉरिटी को 30 दिन में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। डोनर्स का रिकॉर्ड भी अब 'आभा आईडी' या आधार से जोड़ा जा सकेगा, जिससे पूरी सप्लाई चेन पारदर्शी होगी।

### अजित पवार प्लेन क्रैश में एफआईआर

बेंगलुरु। महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनके भतीजे और एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की शिकायत पर दर्ज हुई है। उन्होंने हादसे को आपराधिक साजिश बताया है। उन्होंने एफआईआर में 5 मुख्य आरोप लगाए हैं। रोहित ने कहा कि उन्होंने मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन, बारामती पुलिस और महाराष्ट्र सीआईडी से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 23 मार्च को बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज कराई। जहां अपराध हुआ है उसे छोडक़र देश के किसी भी थाने में उस अपराध की एफआईआर दर्ज कराई जाती है तब उसे जीरो एफआईआर कहते हैं। इसे फिर संबंधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाता है।

### घर के पास पीएनजी पाइपलाइन, तो कनेक्शन लेना ही होगा

नई दिल्ली। अगर आपके घर के पास गैस पाइपलाइन आ गई है और आपने पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया है, तो अगले 3 महीने में आपके घर आने वाला एलपीजी सिलेंडर बंद कर दिया जाएगा। मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध और गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने नेचुरल गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026 लागू किया है। इसके तहत अब पाइप वाली गैस (पीएनजी) का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। हालांकि, इसके लिए पहले नोटिस दिया जाएगा। सूचना मिलने के बाद भी अगर कोई कनेक्शन नहीं लेता, तो 90 दिन बाद उसकी एलपीजी सप्लाई रोक दी जाएगी।

## सरकार बोली- देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

### कीमतों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, घबराकर जरूरत से ज्यादा खरीदने से बचें

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। स्टॉक में पेट्रोल-डीजल की मात्रा काफी है। लोग पैनिक होकर पेट्रोल-डीजल की खरीदारी ना करें। दिल्ली में इंटर-मिनिस्ट्रियल ब्रीफिंग के दौरान पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा- हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। स्टॉक में पेट्रोल की काफी मात्रा है।

सुजाता शर्मा ने कहा- घरेलू पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं और इसकी 100 प्रतिशत सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि परिवहन के लिए इस्तेमाल होने वाली ष्टहृत्र की आपूर्ति भी पूरी तरह उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही राज्य सरकारों को भी लेटर लिखकर पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने में सहयोग करने और 10 प्रतिशत अतिरिक्त कॉमर्शियल एलपीजी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका की जंग का आज 26वां दिन है। जंग के कारण भारत सहित कई देशों में होमूर्ज से आने वाले तेल और गैस की सप्लाई बाधित हुई है।

### सप्लाई संकट की वजह होर्मुज स्ट्रेट का लगभग बंद होना




अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी 2026 को ईरान पर संयुक्त हमला किया, जिसमें कई सैन्य और परमाणु ठिकाने निशाना बने। इस ऑपरेशन में सुप्रीम लीडर अली खामेनेई समेत कई अधिकारी मारे गए। अमेरिका ने इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया। इस युद्ध के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव के कारण तेल और गैस सप्लाई की आपूर्ति बाधित हुई। यहां से भारत का 80-85 प्रतिशत एलपीजी आयात होता है। इसके कारण भारत में एलपीजी किल्लत जैसे हालत बने। हालांकि, भारत सरकार लगातार लोगों से अफवाहों से बचने की अपील कर रही है। सरकार कई बार कह चुकी है कि देश में एलपीजी और तेल की कोई कमी नहीं है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहे। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 प्रतिशत हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं।

## पब्लिक इवेंट्स में वंदेमातरम अनिवार्य नहीं : जब सजा होगी तब विचार किया जाएगा

### -सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर कहा

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाने को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पब्लिक प्लेस और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जारी यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका समय से पहले दायर की गई है।



मामला सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच में था। बेंच ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की एडवाइजरी में वंदेमातरम न गाने पर किसी भी तरह की सजा का प्रावधान नहीं है। ये दिशानिर्देश केवल प्रोटोकॉल हैं और इनका पालन करना अनिवार्य नहीं है। जब याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी, या फिर उसके लिए गाना अनिवार्य किया जाएगा, तब हम इन सब बातों पर ध्यान देने वाले है।

अदालत मुहम्मद सईद नूरी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि हमें वह नोटिस दिखाइए जिसमें आपको राष्ट्रगान बजाने के लिए मजबूर किया गया है। आप एक स्कूल चलाते हैं, हमें यह भी नहीं पता कि वह मान्यता प्राप्त है या नहीं इस पर नूरी के वकील ने कहा कि जो व्यक्ति वंदेमातरम गाने या राष्ट्रगीत के समय खड़े होने से इंकार करता है, उस पर हमेशा बहुत बड़ा बोझ होता है। सलाह देने के बहाने लोगों को साथ गाने के लिए मजबूर कर सकते है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह सिर्फ एक दृष्टिकोण है और लोग इस बात से असहमत हो सकते हैं। अगर आपके खिलाफ कोई एक्शन होता है, नोटिस आता है, तब आप फिर से कोर्ट आ सकते हैं।

## मिडिल ईस्ट तनाव के बीच खाने के तेल की कीमतों में उछाल, आम आदमी की रसोई पर बढ़ा बोझ

### सरकार बोली— सप्लाई पर फिलहाल नहीं बड़ा खतरा

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष और सैन्य तनाव का असर अब भारतीय रसोई तक पहुंचने लगा है। पहले जहां एलपीजी की कीमतों को लेकर चिंता थी, वहीं अब खाने के तेल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। पूड़ी, पराठा, समोसा और रोजमर्रा की सब्जियों में इस्तेमाल होने वाला तेल महंगा होने से घरेलू बजट बिगड़ने लगा है।



पिछले एक महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो 24 फरवरी से 24 मार्च 2026 के बीच खाने के तेल की कीमतों में स्पष्ट बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सूरजमुखी तेल की कीमत 175 रुपये से बढ़कर 181 रुपये प्रति किलो हो गई है। वहीं पाम ऑयल 5 रुपये महंगा होकर 141 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। सोयाबीन तेल में 4 रुपये प्रति किलो का इजाफा हुआ है, जबकि मूंगफली, वनस्पति और सरसों तेल भी करीब 3 रुपये प्रति किलो महंगे हुए हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में खाने के तेल की बढ़ती मांग और सीमित घरेलू उत्पादन इस समस्या की बड़ी वजह है। देश में तेल की खपत लगातार बढ़ रही है, जबकि उत्पादन उस गति से नहीं बढ़ पा रहा। 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति सालाना खपत लगभग 12 किलो और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 11 किलो रही है।

भारत अपनी जरूरत का लगभग 56 फीसदी खाने का तेल आयात करता है, जबकि केवल 44 फीसदी घरेलू उत्पादन से आता है। आयात पर बढ़ती निर्भरता का असर कीमतों पर साफ दिखाई देता है। वर्ष 2017 में जहां भारत ने 11.8 अरब डॉलर का तेल आयात किया था, वहीं 2022 में यह बढ़कर 21.1 अरब डॉलर हो गया। हालांकि 2025 में इसमें कुछ गिरावट आई और यह 18.6 अरब डॉलर पर आ गया। आयात में पाम ऑयल की हिस्सेदारी सबसे अधिक 41 फीसदी है, जबकि सोयाबीन तेल 35 फीसदी और सूरजमुखी तेल 18 फीसदी हिस्सेदारी रखते हैं।

सरकार ने हालांकि स्थिति को लेकर आश्वस्त किया है। अधिकारियों के अनुसार, ईरान से जुड़े मौजूदा तनाव के बावजूद भारत की तेल आपूर्ति पर कोई बड़ा खतरा नहीं है। भारत मलेशिया, इंडोनेशिया और अमेरिका जैसे कई देशों से आयात करता है, जिससे वैकल्पिक सप्लाई बनी रहती है।

## कांग्रेस को दफ्तर खाली करने का नोटिस

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी को 24 अकबर रोड वाला दफ्तर 28 मार्च तक खाली करना होगा। एस्टेट डिपार्टमेंट ने पार्टी को नोटिस दिया है। दफ्तर खाली करने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है। हालांकि, यह दफ्तर पहले ही यहां से इंदिरा भवन में शिफ्ट हो चुका है। पार्टी इस बंगले को आवासीय तौर पर इस्तेमाल कर रही है। उधर, एस्टेट डिपार्टमेंट ने कांग्रेस के 5 रायसीना हिल्स रोड स्थित इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यालय के लिए भी एक और नोटिस जारी किया है। कुछ रिपोर्ट्स का कहना है कि कांग्रेस सरकार के इस रवैए के खिलाफ कोर्ट में अपील करेगी। कांग्रेस का आरोप है कि 1 अशोक रोड या पंत मार्ग स्थित भाजपा का दफ्तर खाली क्यों नहीं करवाया गया है। कांग्रेस ने 14 जनवरी 2025 को ही अकबर रोड वाले ऑफिस से अपना दफ्तर इंदिरा भवन में शिफ्ट किया है। 46 साल बाद पार्टी ने अपना पता बदला था।

### मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच कूटनीतिक और सैन्य गतिविधियां तेज, ट्रंप की 15 शर्तों के जवाब में ईरान की 7 डिमांड्स, थमती नहीं दिख रही ईरान जंग...

## अमेरिका का सीजफायर प्लान ईरान ने किया खारिज!

### कुवैत के एयरपोर्ट पर ईरान का ड्रोन अटैक, फ्यूल टैंक में आग लगी, इराकी लड़ाकों का अमेरिका के 23 ठिकानों पर हमला

तेल अवीव/तेहरान/वाशिंगटन। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के कई हफ्ते गुजर चुके हैं। इस अटैक में ना केवल ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई सहित कई शीर्ष नेता मारे गए, बल्कि ईरान के सैन्य संसाधनों को भी तगड़ी क्षति पहुंची। अमेरिका और इजराइल को भी खासा नुकसान हुआ है। और तो और, इस जंग की वजह से वैश्विक तेल-गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे भारत समेत दुनिया के बहुत सारे देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। यानी, जो देश इस जंग में हिस्सेदार भी नहीं हैं, उनपर भी इसका बुरा असर पडऩा शुरू हो गया है। लेकिन फिलहाल जंग थमती नजर रही आ रही है। पाकिस्तान ने अमेरिका का जो सीजफायर प्लान ईरान को सौंपा था, उसे उसने खारिज कर दिया है। वहीं ईरान और इजराइल के बीच लगातार हमले हो रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में सीजफायर करने के लिए 15 शर्तें रख दी थीं। अब अमेरिका को जवाब देते हुए ईरान ने भी अपनी मांगों की लंबी लिस्ट जारी कर दी है। ईरान ने अमेरिका के सामने 7 शर्तें रख दी हैं। इनमें खाड़ी देशों से अमेरिकी बेस हटाने से लेकर वित्तीय मुआवजा तक शामिल हैं। हाल ही में ईरानी सैन्य प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाकरी ने अमेरिका पर हमला बोला था। उन्होंने मजाक उड़ाते हुए कहा, अमेरिका खुद के साथ ही बातचीत कर रहा है। क्या आपके आंतरिक संघर्ष का स्तर उस चरण तक पहुंच गया है जहां आप खुद से बातचीत कर रहे हैं? हम जैसे लोग आप जैसे लोगों के साथ कभी नहीं रह सकते। इस बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने देश के नेतृत्व पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। ऐसे में सीजफायर के लिए आईआरजीसी ही शर्तें रख रहा है।

#### अमेरिका की शर्तें मान्य नहीं

पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि यह प्रस्ताव इस्लामाबाद के मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपा गया. इसमें कई अहम बिंदु शामिल हैं. इनमें प्रतिबंधों में राहत, नागरिक परमाणु सहयोग, ईरान के परमाणु कार्यक्रम में कमी, मिसाइल कार्यक्रम पर सीमाएं और होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की अनुमति जैसे मुद्दे शामिल हैं. पाकिस्तान की तरफ से ये प्रस्ताव ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका पहले ही क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा चुका है. वॉशिंगटन ने मरीन सैनिकों की सहायता के लिए पैराट्रूपर्स को मिडिल ईस्ट में भेजना शुरू कर दिया है. इससे साफ है कि कूटनीति के साथ-साथ सैन्य तैयारी भी समानांतर चल रही है. ऐसे में ईरान ने अमेरिका की शर्तों को नकार दिया है।

## मोहम्मद सुलेमान सहित चार वरिष्ठ अधिकारी अवमानना के दोषी

इंदौर,। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अदालत के आदेश की अनदेखी करने पर सख्त रुख दिखाकर पूर्व अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मोहम्मद सुलेमान सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों को अवमानना का दोषी ठहरा दिया है। न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा की एकलपीठ ने सुलेमान, आईएएस अधिकारी तरुण राठी, उज्जैन स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. डीके तिवारी और मंदसौर सीएमएचओ डॉ. गोविंद चौहान को दो-दो माह के कारावास की सजा सुनाई। हालांकि कोर्ट ने आदेश के पालन का अंतिम अवसर देने के लिए सजा तीन सप्ताह के लिए स्थगित रखी है।

अधिवक्ता के अनुसार मामला मंदसौर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के नियमितीकरण से जुड़ा है। हाईकोर्ट ने 6 दिसंबर 2023 को कर्मचारियों को वर्ष 2004 से 7 अप्रैल 2016 तक नियमित करने के निर्देश दिए थे। आदेश के पालन के लिए विभाग को 3 माह का समय दिया गया था, लेकिन तय अवधि में कार्रवाई नहीं की गई। आदेश का पालन न होने पर कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में नौ अवमानना याचिकाएं दायर कीं। सुनवाई के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को पक्षकार बनाया गया।

## पश्चिम एशिया संकट पर सर्वदलीय बैठक, रणनीति और सुरक्षा पर हुआ मंथन

### -रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में केंद्र ने सभी दलों को दी मौजूदा हालात की जानकारी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक बुधवार शाम को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जहां मौजूदा स्थिति, भारत के हितों और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई और सुरक्षा पर मंथन किया गया।

सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति से जुड़े प्रमुख मंत्री मौजूद रहे। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और विदेश सचिव विक्रम मिस्री की उपस्थिति को अहम माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री द्वारा पश्चिम एशिया के ताजा हालात पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई है। इसमें क्षेत्रीय तनाव, भारत के रणनीतिक हित, ऊर्जा आपूर्ति और वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर जानकारी साझा की गई। सरकार का उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों को स्थिति से अवगत कराते हुए एक समन्वित राष्ट्रीय दृष्टिकोण तैयार करना है। सूत्र बताते हैं, कि बैठक में भारत की कूटनीतिक रणनीति, नागरिकों की सुरक्षा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई है। गौरतलब है कि विपक्ष ने संसद में इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान के बाद सर्वदलीय बैठक की मांग की थी।

इस अहम बैठक में विपक्ष की ओर से कांग्रेस के तारिक अनवर और मुकुल वासनिक, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, बीजद के सस्मित पात्रा, जेडीयू के ललन सिंह और संजय झा, सीपीआई(एम) के जॉन ब्रिटास तथा आम आदमी पार्टी के संजय सिंह शामिल हुए। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इस बैठक से दूरी बनाई और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी इसमें शामिल नहीं हुए।

प्रधानमंत्री ने इससे पहले राज्यसभा में कहा था कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए सात अधिकार संपन्न समूहों का गठन किया गया है। ये समूह एलपीजी, आवश्यक सेवाओं और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों की आपूर्ति पर नजर रखेंगे और समय-समय पर सुझाव देंगे।

इस सर्वदलीय बैठक को पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर भारत की नीति तय करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## कुछ ना कहना




## बंगाल चुनाव 2026 : भाजपा की तीसरी सूची जारी, आरजी कर केस की पीड़िता की मां को टिकट देकर बड़ा दांव

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए अपनी तीसरी उम्मीदवार सूची जारी कर दी है। इस सूची में कुल 19 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं, जिनमें कई नए चेहरों को मौका दिया गया है। हालांकि, सबसे ज्यादा चर्चा पानीहाटी सीट से रत्ना देबनाथ को टिकट दिए जाने की हो रही है, जो आरजी कर मेडिकल कॉलेज रेप-मर्डर केस की पीड़िता की मां हैं।



पार्टी का यह कदम राजनीतिक और भावनात्मक दोनों लिहाज से अहम माना जा रहा है। उत्तर 24 परगना जिले की महत्वपूर्ण सीट पानीहाटी से रत्ना देबनाथ को मैदान में उतारकर भाजपा ने कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों को चुनाव के केंद्र में लाने की रणनीति अपनाई है। वहीं, उत्तरपाड़ा सीट से पार्टी ने पूर्व एनएसजी अधिकारी दीपांजन चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाया है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल 2026 को आयोजित होंगे, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। चुनावी माहौल के बीच इस सूची को भाजपा की रणनीतिक चाल के रूप में देखा जा रहा है।

टिकट मिलने के बाद रत्ना देबनाथ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने काफी सोच-विचार के बाद चुनाव लड़ने का फैसला लिया। उन्होंने बताया कि पार्टी के लोग लंबे समय से उनके संपर्क में थे और उन्होंने हाल ही में अपनी सहमति दी। गौरतलब है कि कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 9 अगस्त 2024 की रात एक 31 वर्षीय ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया और बाद में अदालत ने उसे दोषी ठहराते हुए जनवरी 2025 में उम्रकैद की सजा सुनाई। इस घटना के विरोध में देशभर में डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया था और कोलकाता के कई अस्पतालों में 42 दिनों तक हड़ताल चली थी। बाद में कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की जांच की और आरोपी को दोषी पाया। भाजपा द्वारा इस संवेदनशील मामले से जुड़ी पीड़िता की मां को चुनावी मैदान में उतारना राज्य की राजनीति में बड़ा संदेश माना जा रहा है और इससे चुनावी मुकाबला और भी दिलचस्प होने की संभावना है।

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए 19 उम्मीदवारों की तीसरी उम्मीदवार सूची जारी की है जो इस प्रकार है ङ्क

कूचबिहार दक्षिण से रथीन्द्र नाथ बोस, राजगंज (अजा) से दिनेश सरकार (हराधन सरकार), इस्लामपुर से चित्रजीत रॉय, हेमताबाद (अजा) से हरिपद बर्मन, इंग्लिश बाजार से अमलन भादुरी, शांतिपुर से स्वपनदास, पानीहाटी से रत्ना देबनाथ, हावड़ा मध्य से बिप्लब मंडल, उत्तरपाड़ा से दीपांजन चक्रवर्ती, सिंगूर से डॉ. अरुप कुमार दास, चंदननगर से दीपांजल कुमार गुहा, चुंचुडा से सबीर नाग, हरिपाल से मधुमिता घोष, तमलुक से डॉ. हरे कृष्णा बेरा, मेदिनीपुर से डॉ. शंकर गुच्छैत, पूर्वस्थली दक्षिण से प्राणकृष्ण तपदार, कटवा से कृष्णा घोष, सैंथिया (अजा) से कृष्णा कांत साहा, नलहाटी से अनिल सिंह।

## कोटक बैंक पर 160 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

### पंचकूला नगर निगम की एफडी में गड़बड़ी, बैंक ने पुलिस में खुद शिकायत दर्ज की

पंचकूला। हरियाणा की पंचकूला नगर निगम के करोड़ों रुपए के फिक्स्ड डिपॉजिट को लेकर कोटक महिंद्रा बैंक विवादों में है। बैंक पर करीब 160 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। मामला सामने आने के बाद बैंक ने पंचकूला पुलिस में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है और नगर निगम के साथ मिलकर खातों की जांच शुरू कर दी है। पंचकूला नगर निगम के कमिश्नर विनय कुमार ने बताया कि नगर निगम की कुछ एफडी लंबे समय से कोटक महिंद्रा बैंक की पंचकूला शाखा में थीं। जब निगम ने एक एफडी के मैच्योर होने पर फंड ट्रांसफर करने के लिए बैंक से कहा कि तब रिकॉर्ड में गड़बड़ी पाई गई। इसके बाद निगम ने बैंक से सभी जमा राशि का हिसाब मांगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह गड़बड़ी 160 करोड़ रूपए तक हो सकती है। कोटक महिंद्रा बैंक के प्रवक्ता ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा कि बैंक ने नगर निगम के निर्देशों के बाद फिक्स्ड डिपॉजिट और उससे जुड़े बैंक खातों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज गैलरी

### वन विभाग की कार्रवाई सर्च वारंट के तहत छापा, सागौन की लकड़ी जब्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** वन विभाग ने अवैध लकड़ी पर अंकुश लगाने के लिए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 24 मार्च को उपमंडलाधिकारी उकवा और दक्षिण लामता वन परिक्षेत्र के अधिकारियों के मार्गदर्शन में सर्च वारंट के आधार पर ग्राम ठूटी में छापेमार कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, वन विभाग की टीम ने सरोज बघेले पिता शिव प्रसाद बघेले के निवास पर तलाशी ली। तलाशी के दौरान मौके



से सागौन की चिरान लकड़ी के 12 नग बरामद किए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर ही पंचनामा तैयार कर संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। वन विभाग ने बताया कि अवैध लकड़ी के भंडारण और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई में विभागीय टीम के कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें नरेंद्र बंसोड, रुपसिंह परते, डी.के. बरिये, दिशा दामाहे, इमरान कुरैशी, गिरीश चौहान, रजत बोपचे, कमल किशोर पाण्डेय, राहुल श्रीवास्तव, अम्बिका प्रसाद सैयाम और नरेंद्र बिसेन सहित सुरक्षा श्रमिक और वाहन चालक साजिद खान का विशेष योगदान रहा। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की सुरक्षा के लिए इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जल आवर्धन योजना में अनियमितता, 9 पर नोटिस

## नगर पालिका बालाघाट पर उठे सवाल, भोपाल आयुक्त ने मांगा 15 दिन में जवाब

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**नगर पालिका में आमजन को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई जल आवर्धन योजना में अनियमितताओं को लेकर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के आयुक्त द्वारा इस मामले में संज्ञान लेते हुए नगर पालिका के करीब 9 कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों को नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत शहर में पुरानी पाइपलाइन को बंद कर नई पाइपलाइन बिछाई जानी थी और नई पानी टंकियों के माध्यम से नागरिकों को दो वक्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जानी थी। लेकिन योजना का क्रियान्वयन अपेक्षित रूप से नहीं हो सका, जिससे आमजन को इसका लाभ नहीं मिल पाया। इस संबंध में पहले कांग्रेसी पार्षदों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई थी, वहीं बाद में बालाघाट विधायक ने भी अपने पहले विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को उठाया था। शिकायतों के बाद अब आयुक्त स्तर से कार्रवाई हेतु नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार नोटिस प्राप्त करने वालों में पूर्व में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री, लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं। इन सभी से योजना में हुई कथित अनियमितताओं को लेकर 15 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।**




नगर पालिका बालाघाट एक बार फिर विवादों में घिर गई है। परिषद के वर्तमान कार्यकाल में लगातार सामने आ रहे अनियमितताओं के मामलों के बीच अब शासन की महत्वपूर्ण जल आवर्धन योजना को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले में नगरीय प्रशासन विभाग ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कुछ जनप्रतिनिधियों को नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका में बीते वर्षों में डीजल खर्च, वाहन खरीदी और अन्य कार्यों में अनियमितताओं को लेकर कई शिकायतें सामने आई थीं। इन मामलों में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के पार्षदों ने विभागीय स्तर से लेकर न्यायालय तक शिकायतें की थीं। हालांकि, इन मामलों में अभी तक अंतिम जांच रिपोर्ट और ठोस परिणाम सामने नहीं आए हैं। अब ताजा मामला शहर में जल आपूर्ति सुधार के लिए शुरू की गई जल आवर्धन योजना से जुड़ा है। कुछ वर्ष पूर्व करोड़ों रुपये की लागत से यह योजना इस उद्देश्य से शुरू की गई थी कि शहरवासियों को प्रतिदिन दो समय पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। लेकिन योजना के क्रियान्वयन के बाद भी शहर के कई ऊपरी वार्डों और दूरस्थ क्षेत्रों में पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं पहुंच पा रहा है। इससे नाराज होकर पहले विपक्ष के कांग्रेसी पार्षदों ने इस योजना में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए विरोध जताया था। इस मुद्दे को बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने भी अपने पहले ही कार्यकाल में विधानसभा में उठाया था, जिसके बाद मामला और अधिक गंभीर हो गया।

### आयुक्त ने जारी किए नोटिस

अब नगरीय प्रशासन भोपाल के आयुक्त संकेत भोडवे ने इस पूरे मामले में हस्तक्षेप करते हुए नगर पालिका के कुछ अधिकारियों, उपयंत्रियों, जल विभाग के कर्मचारियों और सत्ता पक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों को नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, योजना के क्रियान्वयन के दौरान लगभग 7 से 9 लोगों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। सभी संबंधितों से 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है कि योजना में अनियमितताएं क्यों हुईं और अपेक्षित परिणाम क्यों नहीं मिल सके।

### नोटिस दबाने की भी चर्चा

बताया जा रहा है कि यह नोटिस कुछ दिन पहले ही नगर पालिका को प्राप्त हो गया था, लेकिन शुरुआत में इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। बाद में इसकी जानकारी सामने आने पर मामला चर्चा में आ गया। जब इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी कतरोलिया से चर्चा की गई, तो उन्होंने आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। हालांकि अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने स्वीकार किया कि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा कुछ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### क्या यह मामला भी हो जायेगा शांत ?

अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि क्या जवाब देते हैं और विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो नगर पालिका में बड़े स्तर पर कार्रवाई संभव मानी जा रही है। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों से नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं शहरवासी भी अब इस पूरे प्रकरण में पारदर्शिता और ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

# ज्वेलर्स की दुकान पर जीएसटी टीम की कार्रवाई

## रिटर्न में गड़बड़ी की शिकायत पर 8 सदस्यीय टीम ने खंगाले दस्तावेज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर में जीएसटी विभाग की टीम ने 25 मार्च को एक ज्वेलर्स की दुकान पर कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। विभाग की आठ सदस्यीय टीम द्वारा यह कार्रवाई जीएसटी रिटर्न में अनियमितता की शिकायत मिलने के बाद की गई है। टीम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दुकान के दस्तावेज, बिल और रसीदों की गहन जांच शुरू की। प्रारंभिक स्तर पर टीम द्वारा जीएसटी रिटर्न से संबंधित अभिलेखों का मिलान किया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी या कर चोरी की पुष्टि की जा सके। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल जांच प्रक्रिया जारी है और दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। यदि जांच के दौरान कागजी रिकॉर्ड अन्य संबंधित जानकारी में कोई अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित ज्वेलर्स के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। शहर में पिछले कुछ महीनों से सेंट्रल जीएसटी विभाग द्वारा अलग-अलग प्रतिष्ठानों, दुकानों और कार्यालयों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 25 मार्च को एक बार फिर शहर के पुराने श्रीराम मंदिर के




सामने स्थित करणी ज्वेलर्स में जीएसटी विभाग की टीम ने दबिश दी। जानकारी के अनुसार, सेंट्रल से आई करीब आठ सदस्यीय टीम दोपहर लगभग 3 बजे के बाद दुकान में पहुंची और प्रवेश करते ही शटर गिराकर अंदर जांच कार्रवाई शुरू कर दी। टीम ने बंद कमरों में जीएसटी रिटर्न, बिलिंग रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की। कार्रवाई के दौरान सेंट्रल जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर अनूपसिंह गौर ने दूरभाष पर चर्चा में बताया कि विभाग को प्राप्त शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल टीम दस्तावेजों का परीक्षण कर रही है और जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद आसपास के व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई। दुकान के बाहर विभागीय वाहनों को देखकर आसपास के व्यापारी और आमजन एकत्र हो गए और चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। सूत्रों के अनुसार, जांच कार्रवाई देर रात तक चलने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अभी तक विभाग की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि जांच में क्या अनियमितताएं सामने आई हैं और आगे किस प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी विभाग की इस लगातार कार्रवाई से शहर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सतर्कता बढ़ गई है और व्यापारी वर्ग में हलचल का माहौल बना हुआ है।

# बालाघाट में शराब दुकान के पास उपद्रव मचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने शराब दुकान के पास हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति संदीप सोनवाने 38 वर्ष बूढी बालाघाट निवासी है जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक 25 मार्च 2026 को को सूचना मिली कि एक व्यक्ति शराब बूढी शराब दुकान के पास गाली-गलौज करते हुए शांति भंग कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को समझाने का प्रयास किया।लेकिन वह अत्यधिक उत्तेजित होकर हंगामा करता रहा। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी संदीप सोनवाने 38 वर्ष बूढी बालाघाट निवासी है जिसके खिलाफ इश्तगासा क्रमांक 24/156/2026 के तहत धारा 170, 126(बी), 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे अनुविभागीय दंडाधिकारी की न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वालों



के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश धूमकेती, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार एवं अन्य पुलिस कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

## बालाघाट पुलिस को मिली सफलता

# चोरी के मामले में फरार आदतन आरोपी काला टी आई गिरफ्तार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कोतवाली पुलिस ने चोरी और नकबजनी के मामले में फरार चल रहे एक आदतन आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह आरोपी कपूर कामड़े उर्फ काला टी आई 26 वर्ष इंदिरा नगर बालाघाट निवासी हैं। जिसके खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, 20 फरवरी 2026 को फरियादी आकाश बिसेन ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अवधपुरी कालोनी स्थित उसके गोदाम से अज्ञात चोरों द्वारा टावर की कैप,सेंट्रिंग प्लेट नट-बोल्ट सी -चैनल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 98/26 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही थी।




इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। जबकि एक आरोपी कपूर कामडे उर्फ काला टी आई फरार चल रहा था। जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था।

इसी क्रम में 24 मार्च 2026 को फरार आरोपी कपूर कामड़े उर्फ काला टीआई को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार इस आरोपी के कब्जे से चोरी गया सामान दो सेंट्रिग प्लेट भी बरामद किया गया है।कोतवाली पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कपूर उर्फ काला टीआई 26 निवासी इंदिरा नगर, निवासी के खिलाफ थाना कोतवाली में पहले से ही नकबजनी, चोरी, गृह भेदन, गाली-गलौच, मारपीट और आर्म्स एक्ट एवं आबकारी एक्ट सहित करीब 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। गिरफ्तार इस आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश धूमकेती, प्रधान आरक्षक गिरधारी बिसेन,गजेंद्र माटे,युगल किशोर पटले, आरक्षक शेख शहजाद, प्रियांक श्रीवास की सराहनीय भूमिका रही।

# 5 साल पहले मारपीट के मामले में 4 महिला सहित 6 आरोपियों को 6-6 माह की सजा- 9000 रुपये अर्थदंड

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कोतवाली थाना क्षेत्र आने वाले ग्राम सरेखा में पांच वर्ष पहले हुए मारपीट के एक मामले में न्यायालय ने छह आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 6-6 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई और 9000 रुपये अर्थदंड से दंडित किये। इस मामले में दूसरे पक्ष के आरोपी पति-पत्नी को भी सजा सुनाई गई है

अभियोजन के अनुसार के यह मामला वर्ष 2021 का है।जब 2 जुलाई की शाम करीब 6 बजे फरियादी हेमलता अपनी दुकान पर बैठी थीं। उसका पति घर में था।इसी दौरान पुराने विवाद को लेकर आरोपी महेश ठाकरे और संतोषी ठाकरे उसकी दुकान के सामने आए और गाली-गलौज करने लगे। हेमलता के विरोध करने पर दोनों हेमलता को मारपीट करने लगे। जिसके चिल्लाने की आवाज सुनकर उसका पति घर से बाहर आया। तब महेश उसके साथ हाथ, मुक्कों से मारपीट करने लगा। शोर सुनकर अन्य आरोपी रूपेश मरकाम,केसरबाई, प्रियंका ,शारदा पिछोडे भी मौके पर पहुंचे और सभी ने मिलकर हेमलता और उसके पति के साथ मारपीट की।

इस घटना में हेमलता और उसके पति को गंभीर चोटें आई थी।जिनमें एक को फ्रैक्चर भी शामिल था। साथ ही आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की रिपोर्ट पर कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध धारा 294 323 506 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।मामले की जांच विवेचना उपरांत न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था यह मामला पीछे 5 साल से न्यायालय में चल रहा था। हाल ही में इस। मामले की सुनवाई करते हुए माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती शीनी जैन न्यायालय ने सभी छह आरोपी जिनमे महेश ठाकरे पिता तेजनाथ ठाकरे 39 वर्ष ,रूपेश मरकाम पिता रमेश सिह मरकाम 28 वर्ष, केसर बाई पति स्व.तेजराम ठाकरे 60 वर्ष, संतोषी ठाकरे पति महेश ठाकरे 34 वर्ष, प्रियंका उके पिता दिलीप उके 20 वर्ष, शारदा पिछोडे पिता कमल पिछोड़े 23 वर्ष सभी वार्ड नंबर 5 सरेखा निवासी को दोषी पाते हुए उन्हें भादवि की धारा 323/34 के तहत न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 500-500 रुपए अर्थदंड तथा भादवि की धारा 325/34 के तहत 6-6 माह का साधारण कारावास एवं 1000-1000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया। इस मामले में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी जिसमें हेमलता पति श्यामला लिल्हारे 40 वर्ष और उसके पति श्यामलाल पिता टिंकूलाल लिल्हारे 48 वर्ष को भी भादवि की धारा 323/34 के तहत दोषी पाते हुए दोनों पति-पत्नी को न्यायालय उठने तक का कारावास और 1000-1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है।अभियोजन की ओर से इस मामले की पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी सहायक संचालक कपिल कुमार डहेरिया के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती शाहजहां अंसारी द्वारा की गई थी।

# गढ़वाल समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित




**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** अखिल भारतीय गढ़वाल समाज युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में आयोजित भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समन्वय का सशक्त मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं नगरपालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर ने गढ़वाल समाज के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि पूरे शहर को उनके बलिदान पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यदि समाज द्वारा शहर के किसी चौक का नामकरण इन महान सेनानियों के नाम पर करने का प्रस्ताव दिया जाता है, तो उसकी स्वीकृति देना उनकी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने समाजजनों से उपयुक्त स्थान का चयन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आग्रह किया, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन महान विभूतियों से प्रेरणा ले सकें। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मौसम बिसेन ने अपने संबोधन में कहा कि गढ़वाल समाज से उनका पारिवारिक और आत्मीय संबंध वर्षों पुराना है। उन्होंने लालबर्रा, भरवेली और बालाघाट क्षेत्र में समाज के सहयोग को याद करते हुए आश्वस्त किया कि समाजहित के हर कार्य में वे सदैव साथ खड़ी रहेंगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि युवा प्रकोष्ठ की पहल पर आयोजित यह सम्मेलन ऐतिहासिक रहा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया और आपसी संवाद को बढ़ावा दिया। इस दौरान समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने के उद्देश्य से गढ़वाली गीत का विमोचन किया गया, वहीं युवक-युवती परिचय पुस्तिका का लोकार्पण भी अतिथियों के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, इसके बाद समाज के महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। युवक-युवतियों ने समाज की एकता, प्रगति और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र नागेश्वर ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की असली ताकत उसकी एकता और युवा ऊर्जा में निहित है। उन्होंने युवक-युवती परिचय सम्मेलन को केवल वैवाहिक संवाद का मंच नहीं, बल्कि सामाजिक समन्वय और सांस्कृतिक संरक्षण का माध्यम बताया। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, संगठन और संस्कार के माध्यम से समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया।

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह से पंपों पर उमड़ी भारी भीड़

## संचालकों ने कहा-स्टॉक पर्याप्त, घबराएं नहीं, फिर भी बड़ी संख्या में बाईक, बोतल, केन लेकर पेट्रोल भरवाने पहुंच रहे है लोग





## राजस्व एवं पुलिस विभाग ने पेट्रोल पंप पहुंचकर भीड़ को किया व्यवस्थित, दी समझाईश

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**नगर मुख्यालय में बीती रात्रि उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जब अचानक क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की किल्लत होने की अफवाह फैल गई। इस खबर की जानकारी आग की तरह फैलते ही स्थानीय पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं का भारी भीड़ उमड़ पड़ा। लोग आनन-फानन में अपने वाहनों के टैंक फुल करवाने और अतिरिक्त पेट्रोल, डीजल का स्टॉक जमा करने की होड़ में नजर आये। वहीं मंगलवार की रात्रि एवं बुधवार को दिनभर नगर मुख्यालय सहित कंजई स्थित पेट्रोल पंपों में पेट्रोल भरवाने वालों की भीड़ लग गई। वहीं लोगों में यह अफवाह चल रही है कि पेट्रोल का साल्टेज होने वाला है इस कारण लोग बड़ी संख्या में बोतल, केन एवं मोटरसाइकिल लेकर पेट्रोल व डीजल लेने पहुंच रहे है। जिसके कारण पेटोल पंपों में काफी भीड़ बढ़ जाने से पेट्रोल भरवाने वाले सहित पंप के कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पेट्रोल की साल्टेज होने की अफवाह के चलते पेट्रोल पंपों में बढ रही भीड़ को देखते हुए नायब तहसीलदार एवं पुलिस विभाग पेट्रोल पंप पहुंचकर लोगों को समझाईश दी कि पेट्रोल, डीजल का जिले में कोई कमी नही है, अफवाहों पर ध्यान न दे। साथ ही पेट्रोल पंपों में फैली अव्यवस्था को व्यवस्थित कर पेट्रोल पंप संचालकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

### अफवाह के चलते मची अफरा-तफरी

जिले में बीती रात पेट्रोल पंप का साल्टेज की जानकारी जैसे ही फैली। वहीं खबर लालबर्रा में फैलते ही देखते ही देखते पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। डर इस बात का था कि यदि पेट्रोल खत्म हो गया, तो दैनिक आवाजाही ठप हो जायेगी। कई लोग बोतलों और जरिकेन में भी पेट्रोल भरवाते दिखे। भीड़ इतनी अधिक थी कि मंगलवार की रात एवं बुधवार को दिनभर प्रबंधकों को व्यवस्था संभालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि लालबर्रा के कुछ पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल का स्टाक खत्म होने वाला है। किन्तु जिन पेट्रोल पंपों में पर्याप्त पेट्रोल-डीजल है उन पेट्रोल पंपों में पेट्रोल, डीजल भरवाने वालों की काफी भीड़ है। साथ ही पेट्रोल पंप संचालकों के द्वारा कर्मचारियों के माध्यम से लोगों को लाइन से पेट्रोल दे रहे है। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से पेट्रोल की कमी की सूचना मिली थी, जिसके चलते वे समय रहते सुरक्षित होना चाहते थे इसलिए पंपों में पहुंचकर पेट्रोल भरवा रहे है। अगर जिले में पेट्रोल-पंपों की कमी नही है तो एकाएक लोग पेट्रोल भरवाने के लिए क्यों पहुंच रहे है। जिससे ऐसा लग रहा है कि पेट्रोल का साल्टेज हो सकता है।

### संचालकों ने किया अफवाहों का खंडन

वहीं पेट्रोल पंपों में पेट्रोल की कमी को लेकर नगर मुख्यालय स्थित कुछ पेट्रोल पंप संचालकों से चर्चा की गई, तो उन्होंने स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट किया और बताया कि डिपों से पेट्रोल-डीजल (ईंधन) की आपूर्ति निरंतर जारी है और पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कुछ पंपों में स्टाक खत्म हुआ होगा, लेकिन टेंकर जल्द आ जायेगें, पेट्रोल की किल्लत की खबरे पूरी तरह से निराधार और भ्रामक है। वहीं पेट्रोल पंप के संचालकों ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की सुनी-सुनाई बातों या सोशल मीडिया पर वायरल हो रही भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें। साथ ही यह भी कहा कि अनावश्यक भीड़ के कारण ही असमंजस की स्थिति निर्मित होती है, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। संचालकों ने विश्वास दिलाया है कि पेट्रोल की कोई कमी नहीं होगी, इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है।

### अफवाहों पर ध्यान न दे क्षेत्रीयजन - किशोर

जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल ने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कमी नही है किन्तु क्षेत्र में डीजल, पेट्रोल गैस की किल्लत की जो अपवाह फैल रही है। जिसके कारण पेट्रोल पंपों में भीड़ बढ़ रही है, इस ओर आमजनों को ध्यान नही देना चाहिए। कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ और आर्थिक लाभ के लिए इस तरह की अफवाह फैला रहे हैं जो गलत है। क्षेत्रीयजनों से अपील है कि इन अपवाहों पर ध्यान न दे।

### पेट्रोल, डीजल का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है - मधुसूदन

पेट्रोल पंप संचालक मधुसूदन शर्मा ने बताया कि अफवाह के चलते पेट्रोल पंप में लोगों की भीड़ लग गई है, जबकि सभी पेट्रोल पंपों में पर्याप्त स्टॉक है। डिपों में भी पर्याप्त स्टॉक है, आम जनता परेशान ना हो। श्री शर्मा ने बताया कि किसी के द्वारा निजी स्वार्थ के लिए क्षेत्र में डीजल-पेट्रोल नहीं होने की अफवाह फैला दी है जिससे लोग भयभीत हो गये हैं इसलिए बड़ी संख्या में पेट्रोल-डीजल लेने पहुंच रहे है। क्षेत्रीयजनों से अपील है कि डीजल-पेट्रोल की कोई समस्या नहीं आयेगी और सभी पेट्रोल पंप में स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है।

## सेलवा में भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा चैत्र नवरात्र पर्व


**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बगदेही के ग्राम सेलवा स्थित माता मंदिर में गत दिवस जवारे एवं कलश प्रज्वलित कर चैत्र नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। साथ ही रोजाना



जस गायन एवं विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे है जिससे पूरा ग्राम भक्तिमय हो गया है। चर्चा में समाजसेवी मुनेन्द्र ठाकरे ने बताया कि ग्राम स्थित मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है, जिसमें सुबह-रात 8 बजे आरती की जाती है। साथ ही भजन मंडली एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे है। आगे बताया कि 26 मार्च को अष्टमी पर्व मनाया जायेगा और ग्रामीणजन माता-रानी के दरबार में पहुंचकर पूजा अर्चना कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। इस अवसर पर ग्रामीणजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील पुरूषोत्तम सोनवाने, समाज अध्यक्ष मुरलीधर ठाकरे, सचिव ठानेन्द्र ठाकरे, भजन मंडली समिति की अध्यक्ष ताराबाई पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी मुनेन्द्र ठाकरे ने की है।

## आज सार्वजनिक देवी दुर्गा मंदिर में मनाया जायेगा अष्टमी पर्व

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी दूर ग्राम पंचायत घोटी के सार्वजनिक देवी दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 26 मार्च को अष्टमी का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। माँ दुर्गा मंदिर में समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 19 मार्च को विधि-विधान से पूजा अर्चना एवं जवारे बोकर %योति कलश की स्थापना की गई। जिसके बाद सुबह-शाम माता रानी की आराधना की जा रही है और माता रानी के जयकारों एवं देवी गीतों की गूंज से पूरे ग्राम का माहौल भक्तिमय हो गया है। वहीं अष्टमी के अवसर पर माता-रानी की विशेष पूजा अर्चना कर अठवाईयां चढ़ाई जायेगी तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर ग्रामीणजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने की है।



## महाविद्यालय में समय प्रबंधन, अध्ययन जीवन प्रबंधन और तनाव मुक्त रहने के आधारित मनोबल सत्र का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में राष्ट्रीय कार्यबल मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण के लिए शासकीय महाविद्यालय में बुधवार को मनोबल सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और अध्ययन जीवन सन्तुलन एवं परीक्षा पूर्व तैयारी के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया गया। वहीं डॉ. संगीता मेश्राम ने विद्यार्थियों को बताया किपरीक्षा के समय सन्तुलित जीवन जीने के लिए समय के साथ-साथ इकाई वार गहन अध्ययन पर बल देने की बात कही। वहीं डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम ने विद्यार्थियों को समय सारणी बना कर अध्ययन करने पर बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं समय प्रबंधन का महत्वपूर्ण स्थान होता हैं। अत: स्वयं के बनाये हुए नोट्स से अध्ययन करे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे ने समय प्रबंधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षणों को आनंद की अनुभूति करते हुए सकारात्मक कार्य करने पर बल दिया। जिससे की जीवन में तनाव से दूर रहा जा सके एवं समाज के मार्गदर्शक, प्रेरक लोगों से प्रेरणा लेने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कामाक्षा बिसेन एवं आभार प्रदर्शन नरेश सौलखे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. देवराज चौरे, डॉ. हृषिकेश पटेल, श्रीमती संध्या भलावे, मनीश शिवहरे, डॉ. आशीष बागडे, डॉ. आशा कारे, श्रीमती अनिभा शरणागत, डॉ. आरती विश्वकर्मा, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, व्यकंट नगपुरे, श्रीमती सरिता ऐडे, रामदयाल मथारे, लकेश गेड़ाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, प्रसिक हुमनेकर, सोनम हरिनखेडे, मिनेश पंचेश्वर, निशांत तलवरे एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।



## पनबिहरी के आंगनवाड़ी केन्द्र में विद्यारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार बच्चों के प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ बनाने और उन्हें आंगनवाड़ी से प्राथमिक शालाओं में सहज रूप से प्रवेश दिलाने के उद्देश्य से नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी के आंगनवाड़ी केंद्र में मंगलवार को 'विद्यारंभ' कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम पनबिहरी सरपंच वीरेन्द्र बनवाले, उपसरपंच मुकेश देशमुख के प्रमुख आतिथ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी रानू शिवहरे एवं पर्यवेक्षक छाया मर्सकोले के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आंगनवाड़ी में प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर चुके 5 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को 'विद्यारंभ' प्रमाण पत्र वितरित किये गये। जिसके बाद उपस्थित अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब%चों को आंगनवाड़ी के खेल-खेल वाले वातावरण से निकलकर प्राथमिक स्कूल के औपचारिक वातावरण में ढलने में मदद करना, प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देना ताकि ब%चों का आधार मजबूत हो सके और वे अब प्राथमिक स्कूल में प्रवेश लेकर आगे की शिक्षा प्राप्त करेगें। साथ ही यह भी बताया कि इस पहल से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह पैदा होगा और उनके शैक्षणिक जीवन की एक सकारात्मक शुरूआत होगी। पर्यवेक्षक छाया मर्सकोले ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र में जो बच्चें अध्ययनरत है और जिन्होने 5 से 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। उन्हें शासन के निर्देशानुसार विद्यारंभ प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है और यह कार्यक्रम बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं प्रोत्साहन के लिए आयोजित किया गया। साथ ही यह भी बताया कि इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी बच्चों व अभिभावकों को दिखाया गया है। जिन्हे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी के द्वारा संबोधित भी किया गया। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# लोहे की पाइप से वार कर पत्नि की निर्मम हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

## पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा, शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पंचायत अमोली में मंगलवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। यहां आपसी विवाद और चारित्रिक संदेह के चलते एक पति ने अपनी ही पत्नि की लोहे की पाइप से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बुधवार को मृतिका महिला का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे आज न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा और इस मामले में पुलिस ने हत्या का मामला कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### विवाद के बाद पाइप से किया हमला

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमोली के वार्ड नंबर 15 आमाटोला रोड निवासी रितेन्द्र यादव 38 वर्ष का विवाह वर्ष 2018 में कुमनगांव निवासी अंजू यादव के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि रितेन्द्र अपनी पत्नि के चरित्र पर संदेह करता था। साथ ही शराब का सेवन भी करता था और दोनों पति-पत्नि में छोटी-मोटी बातों को लेकर विवाद होता था। मंगलवार शाम करीब 5 बजे दोनों के बीच फिर से बहस हुई जो इतनी बढ़ गई कि आवेश में आकर रितेन्द्र ने पास रखे लोहे के पाइप से अंजू के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना ने दो मासूम ब%चों के भविष्य पर सवालिया निशान लगा दिया है। मृतिका की एक 3 वर्षीय बेटी और मात्र 6 माह का दूधमुंहा बेटा है। विशेष बात यह है कि घटना के कुछ दिन पहले ही अंजू अपने मायके से ससुराल लौटी थी और मंगलवार को ही दोनों पति-पत्नि अपने बच्चों का उपचार करवाकर घर लौटे थे। घर पहुंचने पर पत्नि ने पति को खाने के लिए पपीता भी दिया था। लेकिन कुछ ही देर बाद आपसी विवाद की आग ने एक हँसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। बुधवार को पुलिस ने लालबर्रा अस्पताल में मृतिका महिला का पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद शोकाकुल माहौल में मृतिका का अंतिम संस्कार अमोली के स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। पुलिस ने आरोपी रितेन्द्र यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (ए) के तहत हत्या का मामला पंजीबध्द किया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और गुरूवार को वारासिवनी न्यायालय में पेश कर वह से जेल भेजा जायेगा।






### आरोपी को कर लिया गया है गिरफ्तार - थाना प्रभारी

दूरभाष पर चर्चा में थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी ने बताया कि अमोली निवासी रितेन्द्र यादव ने मंगलवार की शाम में आपसी विवाद के चलते अपनी पत्नि पर लोहे की पाइप से वार कर दिया था जिसके सिर में चोट अधिक लगने से उसकी मौत हो गई। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि वे अपनी पत्नि पर चरित्र संदेह करता था और छोटी-मोटी बातों को लेकर विवाद भी करता था। इसी के चलते उसने अपनी पत्नि की हत्या की है। श्री चतर्वेदी ने बताया कि बुधवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है एवं रितेन्द्र यादव के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे गुरूवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# संदीप नगपुरे अध्यक्ष तो अभिजीत शुक्ला सचिव निर्वाचित

## अधिवक्ता संघ वारासिवनी निर्वाचन २०२६ संपन्न





पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। व्यवहार न्यायालय वारासिवनी के बार रूम में अधिवक्ता संघ निर्वाचन २०२६ शांतिपूर्वक संपन्न किया गया। जिसमें अधिवक्ता संघ के चार पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए संदीप नगपुरे ,उपाध्यक्ष पद के लिए वंदना बनोटे ,सचिव पद के लिए अभिजीत शुक्ला ,सहसचिव पद के लिए अनामिका शुक्ला बहुमत से निर्वाचित हुए। इस दौरान सुबह १०.३० से शाम ३ बजे तक अधिवक्ता संघ बार रूम में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें कुल दर्ज २०२ मतदाता में से १८८ अधिवक्ता मतदाताओं के द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना मतदान किया गया। इसके बाद ४ बजे से मतगणना प्रारंभ की गई जिसमें क्रमशः सहसचिव, सचिव ,उपाध्यक्ष और अध्यक्ष के पद के लिए प्राप्त मतों की गणना कर सभी को प्राप्त मतों की घोषणा करते हुए अधिक मत प्राप्त करने वाले प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया। इस दौरान चार पदों पर विजय प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद उपस्थित अधिवक्ताओं के द्वारा गुलाल खेल कर अपना हर्ष जाहिर किया गया। तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारी रामकिशोर बिसेन, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के द्वारा नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ पदाधिकारी को प्रमाण पत्र देकर शुभकामनाएं दी गई।

### इन्हें इतने मत हुए प्राप्त

अधिवक्ता संघ के चार पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया आयोजित कराई गई थी। जिसमें चार पदों पर ८ अभ्यर्थियों के द्वारा फ ॉर्म भरकर निर्वाचन में भाग लिया गया था। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए रमेश कुमार ब्रम्हे को ९१ मत, संदीप नगपुरे को ९५ मत मिले २ मत अवैध हुए इसमें अध्यक्ष के लिये संदीप नगपुरे ४ मतों से विजयी हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए वंदना बनोटे को १०५ मत ,नागेंद्र परिहार को ८१ मत प्राप्त हुए इमे २ मत अवैध हुए उपाध्यक्ष के लिए वंदना बनोटे २४ मतों से विजयी घोषित हुई। सचिव पद के लिए प्रदीप पटले को ८७ मत ,अभिजीत शुक्ला को १०० मत प्राप्त हुए १ मत अवैध हुआ सचिव के लिये अभिजीत शुक्ला १३ मतों से विजयी हुये। सहसचिव पद के लिए अनामिका शुक्ला को १५९ मत, कुलदीप बागड़े को २८ मत प्राप्त हुए एक मत अवैध हुआ। सह सचिव पद के लिये अनामिका शुक्ला १३१ मतों से विजयी हुई।

### यह हुए निर्विरोध निर्वाचित

अधिवक्ता संघ निर्वाचन २२०२६ सभी पदों के लिए आयोजित था। जिसमें कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए एक आवेदन दाखिल किया गया था। इसमें कोषाध्यक्ष पद के लिये शैलेष पाठक, ग्रंथपाल पद के लिये संदेश इंदुरकर, कार्यकारिणी सदस्य रितेश शुक्ला, मनोज कुमार दमाहे ,मोहेन्द्र नगपुरे ,शिशुपाल पारधी ,मुकेश पटले ,कचरूलाल पंचतिलक ,अजय कुमार डहाके, श्रीमती भुवनेश्वरी उर्फ भूमि सोनकुसरे ,श्रीमती रीना मरार ,कुमारी मनीषा जायसवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### चर्चाओं से भरा रहा पूरा दिन

अधिवक्ता संघ २०२६ निर्वाचन २५ मार्च को अधिवक्ता संघ बार रूम में संपन्न कराया गया। जिसके सामने पूरे दिन अधिवक्ता साथी बैठे रहे और इस दौरान जीत हार की चर्चाओं का दौर चलता रहा। जिसमें देखने में आया कि सभी प्रत्याशी एक साथ समस्त अधिवक्ताओं के साथ बैठे रहे जहां पर परिणाम घोषणा के पहले तक हर किसी में भीषण उत्साह देखा गया। परंतु जैसे ही परिणाम घोषणा के लिए मतगणना प्रारंभ हुई तो प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से देखी गई। परंतु ४ बजे से प्रारंभ हुई मतगणना ५.३० तक चलती रही जिसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देने का दौर प्रारंभ हो गया।

### विधायक विवेक पटेल ने किया मतदान

अधिवक्ता संघ वारासिवनी निर्वाचन २०२६ कि मतदान प्रक्रिया में क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल के द्वारा हिस्सा लिया गया। जिसमें विधायक पटेल के द्वारा नियम अनुसार प्रक्रिया में शामिल होकर बैलेट पेपर के माध्यम से अपना गोपनीय मतदान किया गया। विदित हो की विधायक विवेक पटेल एक अधिवक्ता है जिनका नाम अधिवक्ता संघ की मतदाता सूची में दर्ज है। उनके द्वारा प्रत्येक चुनाव की तरह इस चुनाव में भी समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर मतदान किया गया।

# बच्चों के सामने माता पिता जैसा करेंगे बच्चे भी वहीं सीखेंग-विवेक पटेल

## बोदलकसा में भागवत कथा में शामिल हुए विधायक विवेक पटेल

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदलकसा में श्री संगीतमय भागवत महापुराण कथा में विधायक विवेक पटले पहुँचे। जहाँ विधायक विवेक पटेल ने कथा वाचक धर्मपथ गामिनी देवीपूजा किशोरी का आर्शीवाद प्राप्त किया। वहीं कथा वाचक धर्म पथ गामिनी देवीपूजा ने भगवान श्रीराम और शिव माता पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए कहा की माता पार्वती ने राजा हिमालय के यहां जन्म लिया था। माता पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थीं इसलिए भोलेबाबा का विवाह पार्वती के साथ हुआ। कथा के दौरान श्रद्धांलुगण भी धार्मिक भजनो पर नृत्य करते रहें। जिसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती विधिवत पूजा.अर्चना करने के बाद सजीव झाँकिया भी सजाई गई थीं जो आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान ओमप्रकाश बिसेन, अमरलाल मात्रे,सुरेन्द्र जैतवार,आशाराम बिसेन, लक्ष्मीचंद बिसेन, युवराज पारधी, शेरसिंह जैतवार, चतरुलाल हरदे,राधेश्याम जैतवार, धुरनलाल जैतवार सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। विधायक विवेक पटेल ने कहा की ग्राम बोदलकसा में भागवत कथा के माध्यम से ज्ञान की गंगा बह रही है। पूरा ग्राम भक्तिमय हो गया है ग्राम में भागवत करना और भागवत सुनना यह बहुत किस्मत की बात होती है। जो जैसा कर्म करेगा उसे वैसा फल मिलेगा,इसलिए दूसरों के बारे में अच्छा सोचे अच्छा करें अच्छे इंसान बने भागवत हमें जीवन जीने की शैली सिखाती है। अगर आप दिल और मन से शिव भगवान को आकर्षित करने लगेंगे तो निश्चित ही भगवान शिव आपकी मनोकामना जरूर पूरी करेंगे। बड़ी से बड़ी विपत्ती कष्ट भोलेनाथ दूर करेंगे। शंब्दो से प्रेरणा देने वाला हर कोई मिल जायेगा पर अपने व्यवहारो और अपने आचरणों से प्रेरणा देने की कोशिश करनी चाहिए। हम जो दुसरो को सिखाते हैँ वह हमें भी ग्रहण करना चाहिए।





# वारासिवनी रामपायली मार्ग पर रेत से भरा डंपर पलटा बडा हादसा टला

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी रामपायली मार्ग पर स्थित ग्राम महेंदीवाड़ा चंदन नदी पर बने पुल के पास मंगलवार की देर रात अनियंत्रित होकर रेत से भरा डंपर खेत में पलट गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा होते.होते टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डंपर वाहन रामपायली की तरफ से खापा के लिए निकल के आ रहा था। जो वारासिवनी रामपायली हाईवे मार्ग से वारासिवनी की तरफ आ रहा था। यह डंपर को मेहंदीवाड़ा चौक से ग्राम खापा के लिए जाना था परंतु चालक मेहंदीवाड़ा क्रॉस करते हुए चंदन नदी पर बना उच्च स्तरीय पॉल को पार कर लिया। तब उसे ज्ञात हुआ कि यह रास्ता गलत है और ग्राम खापा का रास्ता पीछे छूट गया है जिसके लिए वह नदी के पुल से करीब ५० मीटर की दूरी पर डंपर को वापस पीछे जाने मोड रहा था। सड़क पर डंपर आडा हो गया जो रिवर्स ले रहा था इसी दौरान सामने से एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आ गई। बाइक सवार को बचाने और उसे रास्ता देने के प्रयास में डंपर चालक ने वाहन को ज्यादा रिवर्स ले लिया जिससे चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। डंपर सीधे सड़क किनारे सुरेश सोनी के खेत में जाकर पलट गया यह घटना को देख रास्ते पर राहगीरो की भीड़ जमा हो गई। राहत की बात यह रही कि डंपर चालक और सहायक सुरक्षित बताये जा रहे हैं। मौके पर बुधवार की सुबह ८ बजे डंपर को बाहर निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई जिससे डंपर को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। हालांकि यह डंपर जिस खेत में पलटा था वहां खेती लगाई गई थी डंपर के पलटने से और उसके अंदर भरी रेत खेत में खाली होने से फसल में नुकसान की बात बताई जा रही है।



# शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी का कक्षा ८ वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी का सत्र २०२५-२६ का कक्षा ८ वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल १३ छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए जिनमें सभी १३ छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। शाला की छात्रा कु कशिश कटरे ने ८८.३३ प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, कु प्राची उइके ८५.१६ प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं माही परते ने ८३.३३ प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हर्ष कटरे ८१.६६, शानिका बिसेन ८०.८३, रोहित पटले ७९८३,आरुषि उईके ७९.८३, श्रेयांश मोहेश्वर ७६.६६, चिंकेश्वरी पटले ७६.१६, वैष्णवी इनवाते ७०.५, प्रणव पटले ६९.१६,सुभाष भलावे ६७.५ एवं आयुष बिसेन ने ६७.३३ अंक अर्जित किया। बच्चो की इस उपलब्धि पर शाला प्रमुख सविता रिनायत ,शिक्षक रूपसिंह उईके , रेखा कैलाश राणा, शारदा प्रसाद शिव ,ओमप्रकाश ठाकरे ,ओखेंद्र पटले , अनीता पटले ,गणेशा बिसेन, बुदबुदा के प्राचार्य राजेंद्र बारमाटे, जनशिक्षक रोशनलाल नगपुरे, अलका वर्मा, शाला के शिक्षक धन्नालाल बिसेन सहित ग्रामीण जनों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अफवाह का असर वारासिवनी और खैरलांजी के पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भारी भीड़

## वाहन बॉटल जरीकेन लेकर फ्यूल स्टेशन पहुंचे लोग पुलिस ने संभाला मोर्चा





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** क्षेत्र में पेट्रोल डीजल की किल्लत होने की एक अफवाह ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। मंगलवार रात खैरलांजी में मचे हड़कंप के बाद अब बुधवार को वारासिवनी के फ्यूल पंपों पर भी लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई है। आलम यह है कि लोग अपनी गाड़ियों की टंकी फुल कराने के साथ साथ बोतलों और जरीकेन डिब्बों में भी तेल भरकर स्टॉक करने में जुटे रहे। सोशल मीडिया और मौखिक चर्चाओं के जरिए फैली इस अफवाह ने लोगों के मन में भय पैदा कर दिया है कि आने वाले दिनों में परिवहन पूरी तरह ठप हो सकता है। इसी डर के कारण लोग कामकाज छोड़कर पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ पड़े। भीड़ इतनी अधिक है कि पंपों पर लंबी कतारें लगी रही जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती रही। स्थिति को बिगड़ते देख प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। वारासिवनी खैरलाँजी के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर डायल ११२ की टीम लगातार निगरानी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का मुख्य उद्देश्य शांति व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को रोकना है।

### खैरलांजी में देर रात तक रहा हंगामा

गौरतलब है कि यह सिलसिला मंगलवार रात खैरलांजी से शुरू हुआ था। वहाँ भी देर रात पेट्रोल पंपों पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। जिसके बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा और काफी मशक्कत के बाद भीड़ को नियंत्रित किया गया। जहाँ डायल ११२ से लगातार मुनादी की जाती रही की ईंधन की कमी की खबरें महज अफवाह हैं। नागरिकों से अनुरोध है कि वे घबराएं नहीं और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण नही करें देश में पेट्रोल डीजल की कोई कमी नहीं है सभी शांति बनाए रखें। इसके बाद भी लोग नहीं माने वह पेट्रोल लेने के लिए पंपों में लाइन लगाकर खड़े रहे और पेट्रोल लेकर ही घर वापस लौटे।

### नगर के पेट्रोल पंपों में सुबह से लगी भीड़

वारासिवनी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पंप में सुबह ८ बजे से लोगों की भीड़ लगना प्रारंभ हो गई। जहां पर दोपहर १ बजे तक पेट्रोल पंप के बाहर तक लोग अपने वाहनों के साथ पेट्रोल के लिए खड़े नजर आए। वह मोटरसाइकिल सहित विभिन्न स्टोरेज सामान के साथ लोग खड़े रहे जिन्होंने भारी मात्रा में सुबह से पेट्रोल खरीदना प्रारंभ कर दिया। जिसकी जानकारी लगते ही एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी ,थाना प्रभारी पवन यादव के द्वारा समस्त पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। पम्पो पर पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर व्यवस्था बनाने निर्देशित कर उपस्थित लोगों से अफ वाह पर ध्यान नही देने की अपील की गई। परंतु लोग पेट्रोल मिलते तक डटे रहे इसके बाद तेज गर्मी महसूस होने के बाद यह भीड़ कम होती नजर आई।

### लोग बलैक में खरीदेंगे तो आर्टिफिशियल कमी बनेगी -अभिषेक चौधरी

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम के माध्यम से अफ वाह उडी की वारासिवनी सहित बालाघाट जिले में पेट्रोल की कमी है। पुलिस अधीक्षक जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश है किसी भी स्तर पर पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है। वारासिवनी अनुविभाग के चारों थानों में लगातार थाना मोबाइल पुलिस बल फ्यूल पंप पर लोगों को समझाइस दे रहे है सोशल मीडिया पर जागरूक कर रहे हैं। लोग अनावश्यक पैनिक हो रहे हैं जिन्हें आवश्यकता नहीं है वह भी टंकी फुल करवाएंगे तो निश्चित ४ दिन का पेट्रोल दो दिन में खाली होगा। इससे आर्टिफिशियल कमी बनेगी सभी को संदेश है कि क्षेत्र में कोई कमी नहीं है सामान्य रूप से वह लोग रहे। पंप को हमने कहा है कि किसी को भी मना मत करो केवल नियम का पालन कर डब्बा जरीकेन में पेट्रोल ना दे। सभी थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक के द्वारा पंप का निरीक्षण करने कहा गया है। यदि आर्टिफिशियल कमी होती है तो आपातकाल में १०८ व अन्य जरुरी स्तिथि में मांग की जायेगी। सभी पेट्रोल पंप में प्रशासन लगा हुआ है पंप के मालिक और डिपो संपर्क में है।

# राष्ट्रीय नेशनल मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति के लिए शासकीय माध्यमिक शाला खरखड़ी के ४ छात्रों का चयन

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/खैरलांजी।** खैरलांजी जनपद क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला खरखड़ी के चार छात्रों का राष्ट्रीय नेशनल मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन हुआ है। जिन छात्रों का चयन हुआ है उनमें छात्रा कुमारी कशिश तुरकर, समीक्षा डोंगरे, आयुषी भगत एवं दिव्यांश दमाहे शामिल है। सभी छात्र कक्षा आठवीं के छात्र थे जिन्होंने परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने शिक्षकों एवं माता पिता का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित होने वाले छात्र को कक्षा ९ वीं से १२ वीं तक प्रतिवर्ष बारह बारह हज़ार रुपये की राशि प्रदान की जाती है। जिससे कि वह ठीक से और टेंशन फ्री होकर तैयारी कर सके। इन सभी बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ग्राम के प्राइवेट शिक्षक रितेश लिल्हारे एवं श्याम लिल्हारे के मार्गदर्शन द्वारा परीक्षा की तैयारी करवाई गई। इन छात्रों को नेशनल मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होने पर प्रधान पाठक कुंती हनवत, शिक्षिका श्रीमती भारतीय इंडपाचे,नरेंद्र रांहागडाले,दिनेश दमाहे के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी बधाइयां दी गई।



# भारती हाई स्कूल वार्षिक परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/रामपायली। भारती हाई स्कूल का कक्षा आठवीं का वार्षिक परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा पांचवी हिंदी माध्यम प्रथम स्थान पर आर्या जितेंद्र खोबरागड़े ९० , द्वितीय स्थान पर वेदिका नरेंद्र पटले ८०,तृतीय स्थान राही धर्मेंद्र भिवगड़े ७६,कक्षा ८वीं हिन्दी माध्यम प्रथम स्थान सावनी किशोर नेवारे ९२, द्वितीय स्थान .वैशाली जगदीश मड़ावी ८८, तृतीय स्थान दिव्या ८७, कक्षा ५ वीं अंग्रेजी माध्यम एवं ८वीं अंग्रेजी माध्यम प्रथम स्थान अंजनेय दमाहे ९०,द्वितीय स्थान अवि शरणागत ८८,तृतीय स्थान मौलित हनवत ८८, क्लास ८ जी प्रथम स्थान सोनाली डोहरे ९५,द्वितीय स्थान ज्योति सहारे ९४, तृतीय स्थान रक्षा हरिनखेडे ९३ परीक्षा फल शत प्रतिशत आने पर संस्था परिवार एवं विद्यालय परिवार ने छात्र छात्राओं को बधाई प्रेषित की एवं अच्छे परिणाम की खुशी में मिठाई बांटी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# बढ़ती गर्मी और जलवायु संकट का वर्तमान पर असर

मार्च के महीने में ही जिस तरह से देश के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी ने दस्तक दी है वह सामान्य मौसमी बदलाव नहीं बल्कि एक गंभीर चेतावनी है। उत्तर मध्य और पश्चिमी भारत के राज्यों में तापमान का तेजी से बढ़ना और लू जैसी परिस्थितियों का समय से पहले बनना यह संकेत देता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का खतरा नहीं बल्कि वर्तमान की सच्चाई बन चुका है। जहां पहले मई और जून में हीट स्ट्रोक और लू से मौतों की खबरें आती थीं वहीं अब मार्च में ही ऐसे समाचार सामने आने लगे हैं। इससे स्पष्ट है कि मौसम का पारंपरिक चक्र असंतुलित हो चुका है और इसका सीधा असर आम आदमी के जीवन पर पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के कारण वातावरण में कार्बन उत्सर्जन बढ़ा है जिससे तापमान लगातार ऊपर जा रहा है। इस बढ़ते तापमान का प्रभाव केवल गर्मी तक सीमित नहीं है बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है। दिन और रात के तापमान के बीच का अंतर कम हो रहा है और रात का तापमान अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ रहा है जिससे शरीर को राहत नहीं मिल पाती। यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है क्योंकि लगातार गर्मी में रहने से शरीर की सहनशक्ति कम होती है और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। देश के पहाड़ी क्षेत्रों में भी तापमान का बढ़ना एक चिंताजनक संकेत है। हिमालय की चोटियों पर बर्फ का तेजी से पिघलना आने वाले समय में जल संकट का कारण बन सकता है। शुरुआती समय में नदियों में पानी का बहाव बढ़ता है लेकिन धीरे धीरे यह स्रोत कमजोर पड़ने लगते हैं जिससे भविष्य में पानी की कमी की समस्या गहराती है। उपग्रह आंकड़ों और वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि ग्लेशियर सिकुड़ रहे हैं और यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में कई नदियों का जलस्तर प्रभावित होगा। इससे न केवल पेयजल संकट बढ़ेगा बल्कि राज्यों के बीच जल विवाद भी तेज हो सकते हैं। स्थानीय स्तर पर भी तापमान में अचानक बढ़ोतरी के कई कारण हैं। तेजी से हो रहा शहरीकरण हरियाली की कमी और कंक्रीट के बढ़ते जंगल शहरों को गर्म द्वीप में बदल रहे हैं। पेड़ों की कटाई और जल स्रोतों के खत्म होने से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। इसके साथ ही मरुस्थलीय क्षेत्रों से आने वाली गर्म हवाएं उत्तर भारत के बड़े हिस्से को प्रभावित करती हैं जिससे लू का असर और तेज हो जाता है। इस बार इन हवाओं का प्रभाव जल्दी देखने को मिला है जिससे गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है।कृषि क्षेत्र इस बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। तापमान बढ़ने से फसलें समय से पहले पक रही हैं जिससे उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों प्रभावित हो रही हैं। सरसों जैसी फसलें जल्दी तैयार हो गई हैं और गेहूं पर भी इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। विशेषकर देर से बोई गई फसलें अधिक प्रभावित हो रही हैं क्योंकि उन्हें पकने के समय ज्यादा गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण उत्पादन में कमी आने की आशंका है और इसका सीधा असर किसानों की आय पर पड़ता है। बाजार में समर्थन मूल्य पर खरीद की व्यवस्था भी कई बार पर्याप्त नहीं होती जिससे किसानों को कम कीमत पर अपनी उपज बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। पानी का संकट इस पूरी स्थिति को और गंभीर बना रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण जहां एक ओर पानी की मांग बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर जल स्रोत तेजी से घट रहे हैं। कई राज्यों में भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा है जिससे जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। शहरों में पानी के उपयोग पर प्रतिबंध और जुर्माने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं लेकिन यह केवल अस्थायी समाधान हैं।

# मर्यादा, सुशासन और शांति के विश्वनायक श्रीराम

रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का पुण्य और पवित्र अवसर है। आज जब दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक, असहिष्णुता, पारिवारिक विघटन, राजनीतिक अविश्वास और नैतिक पतन जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रही है, तब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन-दर्शन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव समाज और विश्व-राजनीति के लिये मार्गदर्शन का स्रोत बन सकता है। श्रीराम का जीवन केवल एक धार्मिक आख्यान नहीं है, बल्कि वह शासन, समाज, परिवार, युद्ध, कूटनीति, न्याय और मानव संबंधों का एक संपूर्ण दर्शन है, जिसे आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ की आवश्यकता है। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन विलक्षणताओं एवं विशेषताओं से ओतप्रोत है, प्रेरणादायी है। उन्हें अपने जीवन की खुशियों से बढकर लोक जीवन की चिंता थी, तभी उन्होंने अनेक तरह के त्याग के उदाहरण प्रस्तुत किये। राजा के इन्हीं आदर्शों के कारण ही भारत में रामराज्य की आज तक कल्पना की जाती रही है। श्रीराम के बिना भारतीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। अब श्रीराम मन्दिर के रूप में एक शक्ति एवं सिद्धि स्थल बन गया है, जो रामराज्य के सुदीर्घ काल के सपने को आकार देने का सशक्त एवं सकारात्मक वातावरण भी बनेगा। श्रीराम मंदिर जीवनमूल्यों की महक एवं प्रयोगशाला के रूप में उभरेगा। क्योंकि श्रीराम का चरित्र ही ऐसा है जिससे न केवल भारत बल्कि दुनिया में शांति, अहिंसा, अयुद्ध, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं अमन का साम्राज्य स्थापित होगा। ईरान-इजरायल एवं यूक्रे-रूस के बीच चल रहा युद्ध एवं इस परिप्रेक्ष्य में विश्वयुद्ध की संभावनाओं को देखते हुए श्रीराम के जीवन आदर्शों को विश्व व्यापी बनाने की अपेक्षा है, ताकि दुनिया शांति एवं चैन से जी सके।

श्रीराम का जीवन हमें सबसे पहले मर्यादा का संदेश देता है। आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी समस्या मर्यादा का संकट है-राजनीति में मर्यादा नहीं, समाज में मर्यादा नहीं, परिवार में मर्यादा नहीं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी मर्यादा नहीं। श्रीराम का जीवन बताता है कि शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण मर्यादा होती है। उन्होंने सामर्थ्य होते हुए भी राज्य के लिये संघर्ष नहीं किया, बल्कि पिता की आज्ञा और समाज की मर्यादा को सर्वोच्च माना। आज यदि विश्व राजनीति में मर्यादा और नैतिकता का समावेश हो जाये, तो अनेक युद्ध स्वतः समाप्त हो सकते हैं। राष्ट्र यदि केवल शक्ति और विस्तारवाद की नीति छोड़कर मर्यादा और न्याय की नीति अपनाएं, तो विश्व शांति संभव हो सकती है। आज दुनिया के अनेक युद्ध चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो, मध्य-पूर्व के संघर्ष हों या अन्य क्षेत्रीय युद्ध-इन सबके मूल में अहंकार, विस्तारवाद, संसाधनों पर अधिकार और वैचारिक वर्चस्व की ल?ाई है। श्रीराम का युद्ध दर्शन इससे बिल्कुल भिन्न था। उन्होंने कभी युद्ध को लक्ष्य नहीं बनाया, बल्कि युद्ध उनके लिये अंतिम विकल्प था। उन्होंने पहले संवाद किया, फिर दूत भेजा, फिर समझौते का प्रयास किया और अंत में जब सभी रास्ते बंद हो गये तब युद्ध किया। यह युद्ध नीति आज के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिये एक आदर्श मॉडल हो सकती है-पहले संवाद, फिर कूटनीति, फिर प्रतिबंध और अंत में युद्ध। आधुनिक विश्व यदि इस क्रम को स्वीकार कर ले, तो युद्धों की संख्या कम हो सकती है।




श्रीराम का जीवन सुशासन का भी आदर्श प्रस्तुत करता है, जिसे आज रामराज्य के रूप में जाना जाता है। रामराज्य का अर्थ केवल धार्मिक राज्य नहीं, बल्कि न्याय, समानता, सुरक्षा, समृद्धि और नैतिक शासन व्यवस्था है। रामराज्य में राजा और प्रजा के बीच दूरी नहीं थी, शासन उत्तरदायी था, न्याय त्वरित था, समाज में भय नहीं था और आर्थिक असमानता अत्यधिक नहीं थी। आज लोकतंत्र होने के बावजूद जनता और शासन के बीच दूरी बढ़ती जा रही है, राजनीति सेवा से अधिक सत्ता का माध्यम बनती जा रही है। श्रीराम का शासन हमें बताता है कि शासन का उद्देश्य सत्ता नहीं, सेवा होना चाहिए। आधुनिक लोकतंत्र यदि रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा ले, तो लोकतंत्र अधिक मानवीय और उत्तरदायी बन सकता है। श्रीराम का जीवन पारिवारिक मूल्यों का भी अद्भुत उदाहरण है। आज दुनिया में परिवार टूट रहे हैं, पीढ़ियों के बीच संवाद समाप्त हो रहा है, रिश्ते स्वार्थ पर आधारित होते जा रहे हैं। श्रीराम ने पुत्र के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, भाई के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया, पति के रूप में आदर्श प्रस्तुत किया और मित्र के रूप में भी आदर्श प्रस्तुत किया। भरत और राम का संबंध त्याग और प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। आज यदि परिवारों में अधिकार की जगह कर्तव्य और स्वार्थ की जगह त्याग की भावना आ जाये, तो समाज की आधी समस्याएं समाप्त हो सकती हैं।

श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता, यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इनका परिवार, आदर्श भारतीय परिवार का प्रतिनिधित्व करता है। श्रीराम रघुकुल में जन्मे थे, जिसकी परम्परा प्रान जाहुं बरु बचनु न जाई की थी। श्रीराम हमारी अनंत मर्यादाओं के प्रतीक पुरुष हैं इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से पुकारा जाता है। हमारी संस्कृति में ऐसा कोई दूसरा चरित्र नहीं है जो श्रीराम के समान मर्यादित, धीर-वीर, न्यायप्रिय और प्रशांत हो। वाल्मीकि के श्रीराम लौकिक जीवन की मर्यादाओं का निर्वाह करने वाले वीर पुरुष हैं। उन्होंने लंका के अत्याचारी राजा रावण का वध किया और लोक धर्म की पुनःस्थापना की। लेकिन वे नील गगन में दैदीप्यमान सूर्य के समान दाहक शक्ति से संपन्न, महासमुद्र की तरह गंभीर तथा पृथ्वी की तरह क्षमाशील भी हैं। वे दुराचारियों, यज्ञ विध्वंसक राक्षसों, अत्याचारियों का नाश कर लौकिक मर्यादाओं की स्थापना करके आदर्श समाज की संरचना के लिए ही जन्म लेते हैं। आज ऐसे ही स्वस्थ समाज निर्माण की जरूरत है। सामाजिक दृष्टि से भी श्रीराम का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज के सबसे निम्न माने जाने वाले लोगों को भी सम्मान दिया। केवट, शबरी, जटायु, सुग्रीव, हनुमान-ये सभी समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि थे। श्रीराम ने सभी को साथ लेकर संघर्ष किया और विजय प्राप्त की। यह सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है। आधुनिक राष्ट्र निर्माण में भी यही सिद्धांत लागू होता है कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर ही राष्ट्र शक्तिशाली बन सकता है। केवल आर्थिक विकास से राष्ट्र महान नहीं बनता, सामाजिक समरसता और नैतिक एकता से राष्ट्र महान बनता है।

श्रीराम हमारे कण-कण में समाये हैं, हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग हैं। श्रीराम का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि एक आदर्श राष्ट्र केवल सेना और अर्थव्यवस्था से नहीं बनता, बल्कि चरित्र से बनता है। यदि नागरिक चरित्रवान होंगे, तो राष्ट्र स्वतः शक्तिशाली होगा। आज राष्ट्र शक्ति का अर्थ केवल सैन्य शक्ति और आर्थिक शक्ति माना जाता है, जबकि श्रीराम का जीवन बताता है कि नैतिक शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। रावण के पास अधिक सेना, अधिक धन, अधिक विद्या और अधिक शक्ति थी, फिर भी उसकी हार हुई क्योंकि उसके पास नैतिक शक्ति नहीं थी। यह आज के विश्व के लिये बहुत बड़ा संदेश है। आज जब दुनिया अस्तित्व के संकट, पर्यावरण संकट, युद्ध संकट और नैतिक संकट से जूझ रही है, तब श्रीराम का जीवन मानवता को संतुलन का संदेश देता है-शक्ति और शांति का संतुलन, अधिकार और कर्तव्य का संतुलन, भोग और त्याग का संतुलन, राज्य और समाज का संतुलन, परिवार और व्यक्तिगत जीवन का संतुलन। यही संतुलन ही मानव सभ्यता को बचा सकता है।


रामनवमी का पर्व हमें केवल पूजा करने का संदेश नहीं देता, बल्कि श्रीराम के जीवन को अपने जीवन, समाज और राष्ट्र की नीति में उतारने का संदेश देता है। यदि विश्व राजनीति श्रीराम की युद्ध नीति से प्रेरणा ले, यदि लोकतंत्र श्रीराम के सुशासन से प्रेरणा ले, यदि परिवार श्रीराम के पारिवारिक मूल्यों से प्रेरणा ले और यदि समाज श्रीराम की समरसता की भावना से प्रेरणा ले, तो एक आदर्श समाज और आदर्श राष्ट्र की कल्पना साकार हो सकती है। आज आवश्यकता इस बात की नहीं है कि हम केवल मंदिर बनाएं, बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर राम का निर्माण करें। जब व्यक्ति के भीतर राम का जन्म होगा, तभी समाज में रामराज्य आएगा। राम केवल इतिहास नहीं हैं, राम केवल आस्था नहीं हैं, राम मानव सभ्यता के नैतिक भविष्य का नाम हैं। यही रामनवमी का वास्तविक संदेश है।

**- ललित गर्ग**

# भारतीय रेल में रिफॉर्म की पटरी पर विकास का बिगुल

**सुविधा,सुरक्षा और गति के नए युग की ओर बढ़ता भारत का भारतीय रेल**

भारत की जीवनरेखा कही जाने वाली भारतीय रेल आज एक ऐसे परिवर्तनकाल से गुजर रही है,जहाँ उसकी भूमिका केवल परिवहन तक सीमित नहीं रह गई है।यह अब देश की आर्थिक गति,सामाजिक संपर्क और सांस्कृतिक एकात्मता का सशक्त माध्यम बन चुकी है।वर्ष के प्रारम्भ में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा व्यक्त दृष्टि ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भारतीय रेल को पारंपरिक ढांचे से निकालकर आधुनिक,कुशल और यात्री-केंद्रित प्रणाली में रूपांतरित करना अब प्राथमिकता है।यह परिवर्तन केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर तेजी से आकार लेता दिखाई दे रहा है।रेल भवन में आयोजित हालिया प्रेस वार्ता में घोषित आठ प्रमुख सुधारों ने




इस बदलाव को एक स्पष्ट दिशा दी है। ये सुधार किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं,बल्कि रेलवे के संचालन,संरचना,सेवा और सोच—सभी को समाहित करते हैं।यही कारण है कि आज भारतीय रेल का चेहरा व्यापक रूप से बदलता नजर आ रहा है।आधुनिक ट्रेनों के संचालन ने इस परिवर्तन को सबसे अधिक दृश्य रूप दिया है।अमृत भारत,वंदे भारत एक्सप्रेस और वंदे भारत स्लीपर जैसी ट्रेनों ने यात्रा के अनुभव को नई ऊँचाई दी है।ये ट्रेनें गति,आराम और तकनीकी उत्कृष्टता का संतुलित मेल प्रस्तुत करती हैं।वही नमो भारत ट्रेन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई गति देते हुए छोटे शहरों और महानगरों के बीच दूरी को कम कर रही है।इसके साथ ही बुलेट ट्रेन परियोजना भारत को उच्च गति रेल नेटवर्क की वैश्विक श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी प्रयास है।स्टेशनों का पुनर्विकास इस परिवर्तन की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी है।देश के अनेक रेलवे स्टेशन अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर यात्रियों को एक व्यवस्थित,स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण प्रदान कर रहे हैं।प्रतीक्षालयों की गुणवत्ता,डिजिटल सूचना प्रणाली,एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएँ अब सामान्य होती जा रही हैं। रेलवे स्टेशन अब केवल यात्रा के पड़ाव नहीं,बल्कि अनुभव के केंद्र बनते जा रहे हैं।इन व्यापक परिवर्तनों के बीच घोषित आठ सुधार भारतीय रेल के भविष्य की बुनियाद के रूप में उभरते हैं।सबसे पहला सुधार टिकटिंग प्रणाली के पूर्ण डिजिटली करण और सरलीकरण से संबंधित है।टिकट बुकिंग की जटिलताओं को समाप्त कर इसे पारदर्शी और सहज बनाने का प्रयास किया जा रहा है।मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया जा रहा है,जिससे हर वर्ग का यात्री बिना किसी कठिनाई के टिकट प्राप्त कर सके।दूसरा सुधार सुरक्षा तंत्र के सुदृढ़ीकरण का है।रेलवे परिसरों और ट्रेनों में आधुनिक निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी नेटवर्क और तकनीक आधारित सुरक्षा उपायों को विस्तार दिया जा रहा है।इससे यात्रियों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ेगा और रेलवे एक अधिक सुरक्षित यात्रा माध्यम के रूप में स्थापित होगा।तीसरा सुधार समय बद्धता और परिचालन दक्षता पर केंद्रित है।ट्रेनों की देरी को कम करने के लिए सिग्नलिंग प्रणाली का आधुनिकी करण,ट्रैक उन्नयन और बेहतर संचालन प्रबंधन पर बल दिया जा रहा है।यह पहल रेलवे की विश्वसनीयता को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

चौथा सुधार स्टेशनों के कायाकल्प से जुड़ा है,जिसके अंतर्गत उन्हें आधुनिक सुविधाओं और बेहतर प्रबंधन के साथ विकसित किया जा रहा है।इससे यात्रियों को एक सुव्यवस्थित और सम्मानजनक यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।

पाँचवाँ सुधार खानपान और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने का है।भोजन की गुणवत्ता और सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त निगरानी तंत्र विकसित किया जा रहा है,जिससे यात्रियों को सुरक्षित और संतोषजनक सेवाएँ मिल सकें।

छठा सुधार आधुनिक ट्रेनों के विस्तार और उनकी गति में वृद्धि का है।नई पीढ़ी की ट्रेनों के माध्यम से यात्रा को तेज,आरामदायक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जा रहा है,जिससे भारतीय रेल वैश्विक मानकों की ओर अग्रसर हो सके।

सातवाँ सुधार बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और हाई-स्पीड परियोजनाओं के विकास से संबंधित है।ट्रैक,पुल और अन्य संरचनाओं के उन्नयन के साथ-साथ बुलेट ट्रेन जैसी परियोजनाएँ रेलवे को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखती हैं।आठवाँ और अंतिम सुधार पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का है।रेलवे तेजी से विद्युतीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है,जिससे डीजल पर निर्भरता कम हो और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखा जा सके।यह कदम सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इन सुधारों की श्रंखला में भारतीय रेल केवल अपनी संरचना ही नहीं, बल्कि अपनी कार्यशैली और दृष्टिकोण को भी बदल रही है।अब यह एक ऐसी सेवा प्रणाली के रूप में उभर रही है,जो यात्रियों की अपेक्षाओं को समझते हुए उन्हें प्राथमिकता देती है।यह परिवर्तन देश की अर्थव्यवस्था को गति देने, व्यापार को सशक्त करने और दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

आज भारतीय रेल जिस दिशा में आगे बढ़ रही है,वह एक नए भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती है -जहाँ गति है,सुरक्षा है,सुविधा है और सबसे बढ़कर विश्वास है।यह विकास का बिगुल केवल पटरियों तक सीमित नहीं,बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति का प्रतीक बन चुका है। आने वाले समय में यही रेल तंत्र भारत की विकास यात्रा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में निर्णायक भूमिका निभाईगी ।

**-बिनोद कुमार सिंह**

# अपनी बुद्धि का सकारात्मक उपयोग लेने पर अगर हम उतारू हो गए! तो हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं

मानवीय जीव इस सृष्टि में अनमोल हीरा है।मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार समाया हुआ है, परंतु हम अपने आप की शक्ति को पहचानने की कोशिश नहीं करते बल्कि हमेशा दूसरों की ताकझांक करते रहते हैं। हर क्षेत्र में दूसरों से प्रतियोगिता करने पर उतारू हो जाते हैं, कुछ नया करने की नहीं सोचते। अपनी बुद्धि का सकारात्मक उपयोग लेने पर अगर हम उतारू हो गए!तो हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं क्योंकि इतनीं बुद्धि कौशलता हर एक भारतीय में समाई हुई है। बस!ज़रूरत है उसे पहचान कर निखारने की परंतु हम अपने ही बढ़ बोलेपन से घिरे रहते हैं, दूसरों की टांग खींचने में हमको मजा आता है। किसी भी नकारात्मक विस्तार वादी बात को समाधान कर समाप्त करना जैसे हमने सीखे ही नहीं? मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूँ कि भारत माता की मिट्टी में ही मानवीय गुणों की खान समाई हुई है जिसे हमें चुनकर अपनाना है। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से गुणों की खान के दो हीरे चुप रहना और माफ करना पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मानवीय अनमोल गुण चुप रहने की करें तो, बड़े बुजुर्गों की इस पर दो कहावतें हैं (1) बोलत बोलत बड़े बिखात, पहली कहावत का भावार्थ है, अति बोलने से ही बातें बिगड़ती है झगड़े दंगे फसाद मारपीट हत्याएं तक हो जाती है इसलिए चुप भली,

(2) अति का भला ना बोलना अति की भली न चूप, अति का भला न बरसना अति की भली न धूप, याने दूसरी कहावत का भावार्थ अति चुप रहने को भी नकारा गया है याने अन्याय के खिलाफ चुप रहना हानिकारक है। परंतु हमें इसका निर्णय अपने समाज और राष्ट्र के फायदे को देखकर ही लेना है परंतु मेरा मानना है चुप रहने से कई फायदे हैं और सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है। बोलने से पहले हमें याद रखना होगा के (1) बिना तथ्य के ना बोले (2)शब्दों से ठेस ना पहुंचे (3) पवित्र वस्तुओं सेवाओं का अपमान ना करें (4) क्रोध में चुप रहे (5) मुद्दे से संबंध ना होने पर चुप रहें (6) शब्दों से किसी को ठेस ना पहुंचे (7) चिल्लाने से चुप भली (8) अपमान से ना बोलें (9) जरूरत पड़ने पर सकारात्मक बोलें (10) निंदा से बचें।



साथियों बात अगर हम चुप रहकर भी अपनी दिमागी ताकत से जवाब देने की करें तो, चुप रहना और कुछ समय तक खुद को स्थिर रखना हमको एक अच्छा श्रोता और समीक्षक बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब हम चुप रहते हैं तो हम बोलने की बजाय अधिक से अधिक सुनते हैं और उसका विश्लेषण कर पाते हैं। इससे हम पूरे तर्क और वितर्कों को जानने के बाद सही फैसला ले पाते हैं। हम सभी पक्षों को सुनते, समझते और डिसिजन ले पाते हैं। चुप रहना हमारे दिमाग को शांत करता है और हमको लॉजिकल समीक्षक बनाता है हमारे चुप रहने से अनेक बार सामने वाले को सटीक जवाब भी मिल जाता है।

साथियों हमारे शरीर का सबसे जटिल हिस्सा दिमाग होता है। ये पूरे शरीर को चलाता है और ये हमारे सभी इमोशंस को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दिमाग को भी व्यायाम करवाएं। जिस तरह शरीर को मजबूत बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम जरूरी है, उसी तरह दिमाग को मजबूत बनाने के लिए उनकी ताकत बढ़ाना जरूरी है। मौन रहना दिमाग के लिए एक व्यायाम जैसा ही है और इससे दिमाग की मांसपेशियां तंदरुस्त रहती हैं।चुप रहने के अपने शारीरिक और मानसिक फायदे भी हैं? विशेषज्ञ मानते हैं कि चुप रहने से व्यक्ति दिमागदार और उत्पादक बनने की और अग्रसर होता है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वाध्याय स्वास्थ्य सुधार होने की संभावना बनी रहती है। व्यर्थ का बोलना ऊर्जा को नष्ट करना है, और यह बोलना ही हमें कभी अपने भीतर की ओर लौट ने नहीं देता , क्योंकि यह हमें बाहर की ओर झुकाए रखता है और जिन्हें भीतर की यात्रा करनी है उन्हें अपने मुंह को बंद ही रखना चाहिए। चुप रहने में अद्भुत शक्ति है।

साथियों बात अगर हम किसी को माफ करने की करें तो, खुद को दुख पहुँचाने या धोखा देने वाले व्यक्ति को माफ करना सबसे कठिन काम है। हालाँकि, यदि हम किसी के साथ अपने संबंधों को सुधारना चाहते हैं, तो उस के लिए हमको माफ करना सीखना भी ज़रूरी है या फिर सीधे तौर पर बीते हुए पलों को भुलाकर, आगे बढ़ने की कोशिश करें। नकारात्मक भावनाओं से निपटना सीखें, हमको दुख पहुँचाने वाले व्यक्ति का सामना करें और अपने जीवन में आगे बढ़ते जाएँ। क्षमा करना पसंद करें, क्योंकि बड़े बुजुर्गों की कहावत भी है क्षमा दान महादान, क्षमा करके भी हम सामने वाले को एक यादगार सजा के रूप में दे सकते हैं। क्षमा की भावना लेकर, हमको नकारात्मकता को अपने से दूर करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए एकदम सचेत और सक्रिय निर्णय करने की ज़रूरत है। यह भावना आसानी से नहीं पनपती। खुद के अंदर क्षमा की भावना उत्पन्न करने के लिए हमको ही इस दिशा में कार्य करने की ज़रूरत है।

साथियों लोग अक्सर इस तरह की बातें करते हैं, कि वे उस इंसान को नहीं भुला सकते, जिसने उन के साथ कुछ ग़लत किया है। वे ऐसा मानते हैं, कि अपने अंदर मौजूद दर्द और धोखा मिलने की भावना को भूलना उन के लिए असंभव है। लेकिन लोग इस बात को महसूस करने में नाकाम रह जाते हैं, कि क्षमा करना भले ही हमारी पसंद है, लेकिन अगर हम उस व्यक्ति को क्षमा करने का निर्णय लेते हैं, जिसने हमको कष्ट दिया हैं, तो यदि इस निर्णय से किसी को लाभ होता है, तो वो सिर्फ़ हम हैं और सामने वाले को हमेशा के लिए उस माफी के रूप में एक सजा और हमारा बड़प्पन। जीवन में माफी मांगने की कला बहुत लोगों को बहुत अच्छे से आती है तो वहीं कुछ लोगों को माफी मांगना उतना ही कठिन लगता है. दरअसल माफी मांगना या फिर किसी को क्षमा करना उतना भी सीधी-सादी बात नहीं है, लेकिन ऐसा करने के बाद व्यक्ति बड़ा सुकून मिलता है. हमारे यहां क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है. जिससे व्यक्ति के जीवन में अहंकार दूर होता है और वह स्वस्थ मन से जीवन जीता है इसलिए भूल करना मनुष्य का स्वभाव है लेकिन क्षमा करना देवताओं का गुण है।

अत:अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मनुष्य में अनमोल गुणों का भंडार है। हम सफलताओं का हर दिन एक नया इतिहास रच सकते हैं।उनमें चुप रहना और माफ करना दो अनमोल हीरे हैं। चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं और माफ कर देने से बड़ी कोई सजा नहीं। मानवीय जीव में जन्म से ही भरपूर कौशलताएं समाई हुई है बस पहचान कर निखारनें की जरूरत है।

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर। एजेंसी।** आवकें ठंडी रहने से बुधवार को तिलहनों में सरसो व रायडा बाजार बढ़त पर रहे। खाद्य तेलों में सुर्खी रही। दहनों में सामान्य कामकाज के बीच बाजार टिके रहे। किराना जिंसों में शक्कर व शाहजीरे में मजबूती रही। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार तिलहनों में व्यापार सामान्य है। सरसो व रायडे में सुस्त आवकें से भावों में सुधार देखा गया। खाद्य तेलों में सुर्खी देखी गयी। दलहनों में व्यापार विशेष का अभाव रहा। चने सहित अन्य दलहनों में बाजार टिके रहे। उधर, किराना जिंसों में शक्कर, शाहजीरा व खोपरा गोले में सुधार की स्थिति रही। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना-** शक्कर 4080-4130, खोपरा गोला 320-380, खोपरा बूरा 3800-7000 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 250-260, ऊंझा हल्का 265-275, मीडियम 280-295, बेस्ट 300-310, हल्दी निजामाबाद 225-250, सांगली 280-290, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 760-770, गरबल 725-730, मटरदाना 790-810, खसखस अनक्लीन 1200-1250, क्लीन 1300-1350, दालचीनी 220-240, जायफल 815-870, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 450-1100, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 2000-2100, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरी इलायची शंकर बोल्ड 1675-1775, मीडियम 1825-1875, बेस्ट 1925-2050, एक्ट्रा बोल्ड 2250-2350, पानबार 1550-1600, बड़ी इलायची 1575-1850, बेस्ट1900-2100, तरबूज मगज 490-550, काजू (240) 925-960, काजू (320) 850-860, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 880-920, सिंगापुरी 820-840, अखरोट 500-850, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1500-1700, बेस्ट 1700-1800, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 850-1200, बेस्ट 1350-1400, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2800-2850, (160) 2800-2900, (200) 2900-3000, (250) 3000-3100

**तेल-** सींगदाना 1750-1780, मुम्बई 1790, राजकोट तेलिया 2750, सोया साल्वेंट 1455-1460, सोया रिफाइंड 1510-1515, कपास्या 1415, धूलिया 1420, कड़ी 1420,

**रात की धारणा-** गुजरात लुज 1725-1730, मुम्बई पाम 1440, मुम्बई सोया 1540,

**खली-** कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2275, देवास-उज्जैन 2275, खंडवा-बुरहानपुर 2250, अकोला 3525 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन-** सरसो 7000-7200, रायडा 5800-6200, सोयाबीन 5500, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन-** चना कांटेवाला बेस्ट 5550-5625, एवरेज 5400-5500, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5760-5800, एवरेज 5600-5700, मूंग देशी 8100-8200, पाला 8200-8300, चमकी 8300-8400, नायलोन 8300-8400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, हल्की 7000-7100, तुअर महाराष्ट्र 7800-8000, उड़द बेस्ट 8600-8700, एवरेज 8400-8500, शंकर 8200-8300, हल्की 8000-8100,

**दाल-** चना दाल एवरेज 7000-7200, मीडियम 7300-7400, बोल्ड 7500-7800, तुअर दाल सवा नं. 8400-8800, तुअर दाल फूल 10500-10800, तुअर दाल बोल्ड 11500-11700, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज-** गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल-** चावल हंसा सफेद 2900-3100, सेला 3500-3700, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7200-7500, काली मुंछ 8800-9000, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4500-5100,

**मावा-** इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 320 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर। एजेंसी।** विश्व बाजार में युद्ध के बदलते माहौल में स्थानीय सराफा बाजार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 235000, चॉंदी (99) 234000, टंच 235000, सिक्का 2800, सोना 10 ग्राम 148000,

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई। एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 8 पैसे की गिरावट के साथ ही 93.84 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 18 पैसे टूटकर 93.94 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से निवेशक चिंतित हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर की कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों की मजबूत शुरुआत ने स्थानीय मुद्रा में अधिक गिरावट को रोक दिया। उन्होंने बताया कि हालांकि पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निकासी ने स्थानीय मुद्रा पर दबाव बना रखा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 93.94 पर खुला जो पिछले बंद भाव से 18 पैसे की गिरावट दर्शाता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भी लगातार दूसरे कारोबारी दिन तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को भी बाजार उछाल के साथ बंद हुआ था। बाजार में ये तेजी मध्यपूर्व में संघर्ष घटने की संभावनाओं के कारण , विदेशी बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1372.06 अंक उछलकर 74,068.45 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 399. 75 अंक बढ़कर 22,912.40 पर बंद हुआ। बाजार में आये इस उछाल का कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होना है। अमेरिका ने बातचीत के लिए और समय देने के लिए ईरान की ऊर्जा केन्द्रो पर हमलों को रोकने का आदेश भी दिया है। वहीं कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से नीचे आने से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 5 फीसदी से अधिक गिरकर 100



डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गईं हैं। ब्रेंट ऑयल के जून फ्यूचर्स भाव भी गिरकर लगभग 93.45 डॉलर पर आ गए। आज कारोबर के दौरान निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज़्यादा बढ़त श्रीराम फाइनेंस के शेयरों में रहीं। , जिसमें 5.80 फीसदी की बढ़त रही। इसके बाद, अल्ट्राटेक सीमेंट्स में 4.09 फीसदी की बढ़त, बजाज फाइनेंस में 3.98 फीसदी की बढ़त, ग्रासिम इंडस्ट्रीज में 3.86 फीसदी की तेज़ी और अडानी एंटरप्राइजेज में 3.78 फीसदी की बढ़त रही। निफ्टी की कंपनियों में सबसे ज़्यादा नुकसान टेक महिंद्रा को हुआ जिसमें 1.69 फीसदी की गिरावट देखी गई। इसके बाद, पावर ग्रिड में 1.34 फीसदी की गिरावट, टीसीएस में 0.90 फीसदी की गिरावट और भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड में 0.25 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 1610.04 अंक चढ़कर 75,678.49 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 505.20 अंक चढ़कर 23,417.60 अंक पर आ गया। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक तनाव में कमी की उम्मीद और विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख से भारतीय बाजार को समर्थन मिला है। निवेशकों ने आईटी, बैंकिंग और मेटल सेक्टर में खरीदारी दिखाई, जिससे बाजार को अतिरिक्त मजबूती मिली।

# ईरान ने कहा, नये नियमों के तहत होर्मुज से निकल सकते हैं विदेशी जहाज

**नई दिल्ली। एजेंसी।** ईरान ने कहा है कि विदेशी जहाज अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर सकते हैं, लेकिन उन्हें ईरानी नियमों का पालन करना होगा और किसी भी तरह की आक्रामक गतिविधियों में शामिल नहीं होना चाहिए। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह जानकारी ईरान ने अंतरराष्टीय समुद्री संगठन को भेजे गए 22 मार्च के एक पत्र में दी। पत्र के अनुसार सुरक्षित आवाजाही के लिए जहाजों को ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय करना होगा। सूत्रों के मुताबिक ईरान ने कुछ व्यावसायिक जहाजों से ट्रांजिट शुल्क लेना भी शुरू कर दिया है। इस कदम से यह साफ संकेत मिलता है कि दुनिया के सबसे अहम समुद्री ऊर्जा मार्ग पर ईरान का नियंत्रण बढ़ रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण इस जलमार्ग पर जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई थी, और फिलहाल केवल कुछ ही जहाज ईरान के तट के पास से होकर गुजर रहे हैं। ईरान ने स्पष्ट किया कि केवल गैर-शत्रुतापूर्ण जहाजों को अनुमति दी जाएगी। जहाजों को ईरान के खिलाफ किसी भी आक्रामक कार्रवाई में शामिल नहीं होना चाहिए और तय सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा। जिन देशों को ईरान आक्रामक मानता है, उनके जहाजों के गुजरने पर रोक रहेगी। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का नियंत्रण तेल, गैस, खाद्य सामग्री और धातुओं की आपूर्ति पर सीधे असर डालता है। इस मार्ग पर व्यवधान से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तेजी आई है। एशियाई देशों में गैस की कमी और ईंधन की राशनिंग की आशंका बढ़ी है। निवेशक स्थिति सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं, और आवाजाही बढ़ी तो तेल की कीमतों में गिरावट आ सकती है।

# एलपीजी बुकिंग समयसीमा में कोई बदलाव नहीं, सरकार ने अफवाहों को किया खारिज

**नई दिल्ली। एजेंसी।** हाल ही में सोशल मीडिया और कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के नियम बदल दिए गए हैं। इन दावों के अनुसार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयवाय) कनेक्शन के लिए 45 दिन, गैर-पीएमयूवाइ सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समयसीमा लागू की गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इसे भ्रामक और गलत बताया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी रीफिल बुकिंग की मौजूदा समयसीमा पहले जैसी ही रहेगी। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन की अवधि सभी प्रकार के कनेक्शनों पर समान रूप से लागू है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और अनावश्यक बुकिंग से बचें। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि देश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और कोई कमी की स्थिति नहीं है। सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं। सोमवार तक 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है। पेट्रोल और डीजल का भंडार भी पर्याप्त है और एक लाख से अधिक पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन का विस्तार भी तेजी से हो रहा है। सिर्फ एक दिन में 7,500 नए कनेक्शन दिए गए हैं। मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि वे निगरानी और वितरण व्यवस्था को मजबूत करें, ताकि आपूर्ति पूरी तरह सुचारू बनी रहे। पेट्रोलियम मंत्रालय ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और जरूरत के अनुसार ही एलपीजी बुकिंग करें। सरकार लगातार आपूर्ति को मजबूत करने और नए स्रोत जोड़ने के प्रयास कर रही है।




**मेष-** आज का दिन आपके लिए सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आने वाला है। अपने कामों में आपको अच्छी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं, जिससे आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। आप प्रॉपर्टी या सोने-चांदी जैसी किसी कीमती वस्तु की खरीदारी करने का विचार बना सकते हैं। हालांकि किसी बड़े फैसले से पहले परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए लाभदायक रहेगा।

**वृषभ-** आज का दिन आपके मान-सम्मान में वृद्धि करने वाला रहेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है, खासकर किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचें। परिवार में किसी सदस्य की सेहत खराब होने से भागदौड़ बढ़ सकती है। हालांकि आपकी कोई मनोकामना पूरी होने के संकेत भी हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने से आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकता है।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए थोड़ा उलझनों से भरा हो सकता है। इसलिए अपनी वाणी और व्यवहार में संयम बनाए रखना बहुत जरूरी होगा। पारिवारिक मामलों को आपस में बैठकर सुलझाना ही बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझाव बॉस को बहुत पसंद आएंगे, जिससे आपकी प्रशंसा भी हो सकती है। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए अच्छा और सहयोग से भरा रहेगा। परिवार के वरिष्ठ सदस्य हर कदम पर आपका साथ देंगे। आय बढ़ाने के नए अवसर भी सामने आ सकते हैं, जिन्हें आपको हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। हालांकि किसी कानूनी मामले में थोड़ी निराशा मिल सकती है।

**सिंह-** आज का दिन आपको जोखिम भरे कार्यों से दूर रहने की सलाह देता है। कार्यक्षेत्र में आपको लोगों का अच्छा सहयोग मिलेगा और आप अपने काम समय पर पूरे करने की कोशिश करेंगे। यदि कहीं घूमने-फिरने की योजना बना रहे हैं तो पिताजी से सलाह लेना बेहतर रहेगा।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए सुख और संतोष से भरा रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे घर का माहौल खुशहाल हो जाएगा। व्यापार में आप अपनी आय बढ़ाने के नए रास्तों पर ध्यान देंगे। हालांकि किसी बात को लेकर पिताजी से हल्की कहासुनी हो सकती है। आज किसी से धन उधार लेने से बचना बेहतर रहेगा।

**तुला-** आज का दिन निवेश से जुड़े मामलों में आपके लिए शुभ रहने वाला है। शेयर मार्केट या निवेश से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिल सकता है। आपके सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और आप घर की सजावट के लिए कोई नया सामान खरीद सकते हैं। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मिलने आ सकता है। आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी माताजी से कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे, जिससे समस्याओं का समाधान भी मिल सकता है। यात्रा या घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा और परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन भी हो सकता है।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए आनंद और मौज-मस्ती से भरा रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जिससे आपको गर्व महसूस होगा। हालांकि दूसरों के मामलों में बिना वजह बोलने से बचें और किसी विवाद से दूर रहें। कोई भी बड़ा निर्णय लेते समय पूरी सावधानी रखें। वाहन चलाते समय भी सतर्क रहें, क्योंकि चोट लगने की संभावना बन सकती है। नौकरी से जुड़े किसी काम के सिलसिले में आपको बाहर भी जाना पड़ सकता है।

**मकर-** आज परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने कामों में काफी व्यस्त रहेंगे और कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ सकती हैं। तेज गति से वाहन चलाने से बचें और सावधानी रखें। भाग्य आज आपका साथ देगा और आपके नए प्रयास भी सफल हो सकते हैं। रुका हुआ धन मिलने की संभावना है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में भी अच्छा मुनाफा मिलने के संकेत हैं।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल और प्रगति से भरा रहेगा। अपनी बुद्धिमत्ता और समझदारी से आप लोगों को प्रभावित करेंगे। तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं और एक के बाद एक अच्छी खबरें मिलने की संभावना है। खर्चों को थोड़ा नियंत्रित करने की कोशिश करें और किसी के बहकावे में आने से बचें। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की दिशा में भी कदम बढ़ाएंगे। नया वाहन खरीदने का विचार भी आपके मन में आ सकता है।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए लाभ और प्रगति के संकेत लेकर आया है। अपनी मेहनत और लगन से आप अच्छा मुकाम हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। परिवार के लोगों से आपको कोई उपहार भी मिल सकता है। आपके मन में दूसरों की मदद करने की भावना प्रबल रहेगी और आप जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको मनपसंद काम मिलने से खुशी होगी। बेवजह की चिंताओं से दूर रहें और जीवनसाथी के साथ शॉपिंग या घूमने का भी आनंद ले सकते हैं।

## शब्दजाल - 8209

*शब्द जाल में महाराष्ट्र के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | ल | ए | अ | ला | तु | र | व |
| द | ह | ल | प्रे | व | बु | स | द | ह | कां | ड |
| र | स | म | म | दी | छ | ल | आ | र्म | ख | क |
| इं | स | ल | द | दि | वा | स | ढ | ल | ख | क |
| डि | आ | दो | ग | न | ज | ना | प | णा | झ | ड़ |
| य | ना | द | र | दि | ग | उ | र | ण | दे | क |
| ती | व | ग | मी | या | प | र | भ | नां | व | को |
| सां | एं | ऊ | पु | द | ब | क | णी | ए | श | ल्हा |
| क | ग | ल | प | र | जी | स | री | औ | प | पु |
| क | ग | ली | प | लि | जी | त | ऐ | ओ | प | र |
| क | अ | म | र | व | ती | स | व | र्धा | प | म |

अहमदनगर, अमरावती, नागपुर, वर्धा, बुलढाणा, लातुर, नांदेड़, कोल्हापुर, सांगली, परभणी

### शब्दजाल - 8208 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**26 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2026 वर्ष का 85 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 11.49 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 16.19 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 00.32 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 11.49 बजे तदनन्तर बालव 22.56 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 6.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 02° 07'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872660
**जूलियन दिन** 2461125.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल **तारीख** 06
**विशेष** दुर्गाष्टमी, राम नवमी, महातारा जयंती।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.59 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृष | 08.39 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.38 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.51 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 15.07 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 17.19 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.30 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.45 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 00.01 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मकर | 02.06 बजे से |
| | | कुंभ | 03.52 बजे से |
| | | मीन | 05.25 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: पाप का कारण

राजा सत्यप्रिय एक धर्मपरायण शासक थे। एक दिन उनके मन में सवाल उठा कि आखिर क्या कारण है कि लोग पाप करने को विवश होते हैं? यह प्रश्न उन्होंने अपने गुरु से किया। गुरु मुस्कुरा कर बोले, 'राजन, इसका जवाब तुम्हें विद्यामती नामक एक युवती दे सकती है।' गुरु ने राजा को विद्यामती का पता बताया। राजा उन्हें प्रणाम कर उस युवती के पास पहुंचे। विद्यामती अति रूपवान एवं गुणवान थी। राजा ने उसे अपनी शंका बताई तो विद्यामती ने कहा, 'इसका जवाब पाने के लिए आपको कुछ दिन मेरे यहां अतिथि बनकर रहना होगा।' राजा बोले, 'मगर, मैं तो राजा हूं। यहां कैसे ठहर सकता हूं। मेरी प्रजा दिन-रात मुझे अपनी समस्याएं बताती रहती है ...।' राजा की बात बीच में काटकर विद्यामती बोली, 'पर प्रश्न का उत्तर आपको तभी मिल पाएगा।' यह सुन कर राजा वहां रुक गए और अपने राज्य में यह सूचना भिजवा दी कि वह एक अति आवश्यक कार्य से बाहर गए हुए हैं। विद्यामती राजा की दिन-रात सेवा करती, उन्हें स्वादिष्ट भोजन खिलाती और उनसे ज्ञान-विज्ञान व वेदों आदि के बारे में बात भी करती। राजा विद्यामती पर मोहित हो गए और एक दिन उन्होंने प्रणय निवेदन कर डाला। इस पर विद्यामती बोली, 'बस महाराज, आज आपको आपका जवाब मिल गया। अब आप जा सकते हैं।' राजा ने हैरानी से कहा, 'यह मेरा उत्तर नहीं।' इस पर विद्यामती बोली, 'महाराज पाप की जड़ लोभ है जिसकी चपेट में आज आप भी आ ही गए। कहां पहले आप यहां रुकने तक को राजी नहीं थे और कहां आज आप मुझे अपनी रानी बनाने को तैयार हैं। यह लोभ ही तो है, जो मनुष्य को गलत मार्ग की तरफले जाता है और उसकी बुद्धि भ्रष्ट कर देता है।' विद्यामती का यह जवाब सुनकर राजा लज्जित होकर बोले, 'आप सत्य कह रही हैं। लोभ ही मनुष्य से गलतियां कराता है, जैसे आज मुझसे करा रहा था।' वह विद्यामती को नमस्कार कर लौट गए।

## फिल्म वर्ग पहेली- 7153

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी ?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलू' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेंद्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नही' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

### फिल्म वर्ग पहेली- 7152

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | व | फा | ■ | ब | ■ | प्रे | म | रो | ग |
| खु | ■ | य | ल | गा | र | ■ | हा | ■ | ब |
| दी | वा | र | ■ | व | ■ | आ | न | बा | न |
| ■ | दा | ■ | श | त | रं | ज | ■ | जी | ■ |
| स | ■ | श | क्ति | ■ | ग | ■ | जं | ग | ली |
| हे | मा | ■ | मा | या | ■ | सा | ग | र | ■ |
| ली | ■ | शा | न | ■ | का | ज | ल | ■ | स |
| ■ | स | र | ■ | जु | नू | न | ■ | फू | ल |
| शा | न | दा | र | ■ | न | ■ | शू | ■ | मा |
| ■ | म | ■ | वि | द्या | ■ | ब | ल | वा | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7462

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भर जाने आवश्यक है.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7461 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 8677

**बाएँ से दाएँ**

1. अचंभा, आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई, काका-2
7. माह, मास-3
9. धावक(अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन, उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी, धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर, पाँव-2
18. देवमुनि, देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. रनिवास-3
24. बेकार, आंवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय, कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

**ऊपर से नीचे**

1. सहसा, अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2,3
10. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना, बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2
25. पथ, रास्ता, मार्ग-2

### शब्द पहेली -8676 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | च | क | न | ■ | ■ | आ | ब | रु |
| जू | ■ | ■ | ब | र | दा | न | ■ | ख |
| बा | ल | ■ | ■ | वा | दा | ■ | ■ | सा |
| ■ | ल | त | ■ | ना | ■ | म | ग | र |
| ■ | का | र | ण | ■ | क | ल | फ | ■ |
| ह | र | फ | ■ | आ | ■ | बा | ल | ■ |
| बा | ■ | ■ | दा | वा | ■ | ■ | त | ह |
| ला | ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | ■ | व |
| त | मी | ज | ■ | ■ | र | स | खा | न |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# बिल बकाया होने पर विद्युत विभाग ने काटा नल-जल योजना का विद्युत कनेक्शन, ग्राम में गहराया जल संकट

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम बहेला के मुंशीटोला वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 में वार्ड वासियों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिसके पीछे कारण बताया गया है विद्युत विभाग के द्वारा नल जल कनेक्शन विद्युत बिल बकाया होने के चलते काट दिया है जिसका खामियाजा अब ग्राम की जनता को भुगतना पड़ रहा है। बतादे कि वर्तमान में ग्राम बहेला में रायसिंह एण्ड कंपनी के द्वारा नल जल योजना का कार्य किया गया है जो कि अब तक ग्राम पंचायत को हैण्ड नही किया गया है या पंचायत के द्वारा हैण्ड ओवर नही लिया गया है। लेकिन ग्रामीण जनों को जल प्रदाय किया जा रहा था बिते कुछ दिनों यह चर्चा का विषय बना हुआ था कि यदि पंचायत के द्वारा विद्युत बिल का भुगतान नही किया गया तो कनेक्शन काट दिया जायेगा और हुआ भी ऐसे ही विद्युत वितरण कंपनी कारंजा के द्वारा विद्युत कनेक्शन काट दिया गया जिसके चलते तकरीबन 100 परिवार इस जल संकट से जुझ रहे है। वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर भी प्रारंभ होता नजर आने लगा है पानी की आवश्यकता हर किसी परिवार को पड़ती और अब जब उक्त वार्ड वासियों को घर तक पानी पंहुच नही मिल पा रहा है तो वे सार्वजनिक स्थल का रूख करते नजर आ रहे जिसके चलते सार्वजनिक हैण्ड पंप में भी भारी मात्रा में सुबह से शाम तक भीड़ देखी जा सकती है। सभी परिवार जनों ने शासन प्रशासन से निवेदन किया है कि अतिशिघ्र विद्युत कनेक्शन जोड़ा जाकर पानी की समस्या से निजाद दिलाई जाये।



### 4 लाख 96 हजार का बिल बकाया- जेई शर्मा

इस पूरे प्रकरण में जब विद्युत विभाग के जेई इन्द्रजीत शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि शासन के आदेश है सभी सार्वजनिक एवं घरेलु उपभोक्ताओं के बिल समय पर जमा करवाया जाये अन्यथा विद्युत आपूर्ति विच्छेद कर दी जावेगी। इसी आदेश के पालनार्थ बहेला पंचायत के अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति विच्छेद की गई है क्योकि पंचायत पर लगभग 4 लाख 96 हजार 994 रूपये का बिल बकाया है। जिसमें दरबडा, मुंशीटोला तथा शिव मंदिर वार्ड शामिल है। इन तीनों स्थानो के बिल का बकाया होने के चलते विद्युत सप्लाई बाधित की गई है। आपने यह भी कहा कि मेरी पंचायत प्रतिनिधि एवं ठेकेदार से चर्चा हुई है हमने उनको संपूर्ण बिल का जो कि लगभग 4 लाख 96 हजार रूपये है उसका आधा भुगतान करने कहा है तो हम विद्युत सप्लाई प्रारंभ कर देंगे तथा बाकि राशि कब जमा की जावेगी यह वे हमे लिखीत में दे दे जिससे विद्युत बिलो का भुगतान हो जायेगा और बिना किसी परेशानी के सप्लाई शुरू कर दी जावेगी।

### मेघश्याम शिवाजी पटले कर रहे लोगो की मदद

मुंशीटोला में विगत 4 दिनों से भारी जल संकट गहराया हुआ है। विद्युत विभाग से लेकर पंचायत एवं ठेकेदारो ने अपने हाथ खींच लिये है वहीं ग्राम के मेघश्याम पटले के द्वारा इस संबध में मानवीय संवेदना दिखाते हुये अपने घर से वार्ड वासियो को पानी की आपूर्ति की जा रही है। मेघश्याम के इस कार्य को वार्ड वासियो ने खुब सराहा और कहा कि संकट के इस पल में पटले जी के द्वारा हमारी सहायता कर पानी आपूर्ति पूर्ण की गई है।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी ने 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम किया घोषित




**पद्मेश न्यूज। लांजी।** मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार विद्यालयो के द्वारा स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किये गये है जिसके तारतम्य में लांजी मुख्यालय में संचालित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लॉजी में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परिणाम भी एक साथ जारी किया गया। कक्षा 9वीं में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में कुल दर्ज 427 में 17 छात्र अनुपस्थित रहे एवं 410 परीक्षा में सम्मिलित हुये जिसमें कुल 147 छात्र/छात्राएं उत्तीर्ण हुये। इसी प्रकार से कक्षा 11वीं में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में कुल दर्ज 384 में 8 छात्र अनुपस्थित रहे एवं 376 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुये जिसमें कुल 182 छात्र/छात्राएं - उत्तीर्ण हुये। कक्षा 9वीं का सम्मिलित परीक्षा परिणाम 36 प्रतिशत एवं 11वीं का सम्मिलित परीक्षा परिणाम 48 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं हिन्दी माध्यम में प्रथम स्थान झरना/अजय नेवारे 87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्राची/राजेश बडगैया 86. 17 प्रतिशत , तृतीय स्थान आयुष / पीतमलाल अंकर 84 प्रतिशत अंग्रेजी माध्यम में प्रथम स्थान अपर्णा / नंदलाल गजभिये 97.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान मयंक / कुलेश्वर लाखे 93.13 प्रतिशत, तृतीय स्थान नैतिक / हरिराम पंचाले एवं गुंजन/संतोष घरते 91.33 प्रतिशत । इसी प्रकार से कक्षा 11वीं हिन्दी माध्यम में प्रथम स्थान गोपाल / युवराज चंदेले 89.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान बिन्दु/जगन्नाथ बरगैया 87.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान सांई/आशाराम कुशले 85.6 प्रतिशत अंग्रेजी माध्यम में प्रथम स्थान तनुश्री / प्रदीप मुरकुटे 94.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान गजेश / नंदकिशोर कलपुरे 91.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान राधिका / महेन्द्र कालबेले 90.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। संस्था प्राचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार सफलता अर्जित किये छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इसी प्रकार से अगली कक्षा में सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन कर गौरवान्वित करने हेतु उम्मीद जताई। संस्था के प्रभारी प्राचार्य डी. के. फुल्लारे के द्वारा अवगत कराया गया कि असफल हुए छात्र भी निराश न हो उन्हें भी एक अवसर और दिया जा रहा है। अभी समय है. सभी असफल रहे छात्र कडी मेहनत करे, निश्चित ही सफलता मिलेगी। कक्षा 9वीं एवं 11 वीं द्वितीय अवसर की परीक्षा का आयोजन 3 जून से आयोजित है, जिसमें एक विषय से लेकर छ- विषय में अनुत्तीर्ण सभी छात्र सम्मिलित हो सकेंगे।

### कक्षा 6वीं, 9वी में नवीन प्रवेश प्रारंभ

दिनॉक 24 मार्च से विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्राएं विद्यालयीन समय में पहुँचकर अपना प्रवेश ले सकते है। कक्षा 9वीं एवं 11वीं में नवीन व्यावसायिक शिक्षा आई.टी एवं हेल्थकेयर संचालित है। इच्छुक छात्र इसमें अपनी स्वेच्छा से प्रवेश ले सकते है।

# साकेत पब्लिक स्कूल का 5 वीं एवं 8 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा 5वीं एवं 8 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी साकेत पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का पांचवी और आठवी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा । विद्यालय के कक्षा आठवीं से कुल 41 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिसमें से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहें, इसी क्रम में कक्षा पांचवी से 53 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिसमें से सभी विद्यार्थी उत्तीण रहें परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा।

### आठवी मे रूद्रप्रताप सिंह राकेश महिमेहरों 90.66 प्रतिशत से प्रथम

आठवी मे रूद्रप्रताप सिंह राकेश महिमेहरों 90.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, अनुकृति राजेश कश्यप 90.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, नुपूर झनकार सिंह ठाकरे 90 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में वैभवी मेहरलाल लिल्हारे 89 प्रतिशत, ग्रेशी अशोक नारनौरे 87.83 प्रतिशत, एकता भुवनलाल फुल्लारे 87.66 प्रतिशत, अक्षांशी अरविंद जाम्भुरकर 86.66 प्रतिशत, गुंजन अनिल उमरें 85.83 प्रतिशत, आकृति राजु बाहेश्वर 85.83 प्रतिशत, पावन संतोष मोरघ? 84.66, निकुंज दिनेश सातपुते 84.66 प्रतिशत, हिमांशु महेश दशहरे 84.16, विद्या विजयमोहन काडडे 84 प्रतिशत, हिमानी नरेश सातपुते 83.5 प्रतिशत, भुमि जितेन्द्र गौतम 83.16 प्रतिशत, दिपश्री रविशंकर बापुरे 83.16 प्रतिशत, अर्पिता गणेश चौधरी 83 प्रतिशत, दृष्टि भोजराज लटारे 81.5 प्रतिशत, वेदांश राजकुमार मिसारे 80.5 प्रतिशत, वैष्णवी कृष्णा कलपुरे 80.5 प्रतिशत, आदित्य डिलेश्वर लटारे 79.16 प्रतिशत, सना फातमा मुजिबुर रहमान 77.83 प्रतिशत, अमन विकास किरमें 76.83 प्रतिशत, रूपाली विनोद सातपुते 76.5 प्रतिशत, प्रिति खेमराज उमरे 76 प्रतिशत, पूर्वि रवि बनवारी 75.83 प्रतिशत, खुशी राजेश कलपुरे 75.83 प्रतिशत, दक्ष राजेश सहारे 75.33 प्रतिशत, भागवत पदमाकर बिल्हारे 75.33 प्रतिशत एवं अन्य छात्र/छात्राओं ने अपना उत्कर्श प्रदशर्न दिया।

### पांचवी में तिक्षा होमेश्वर पाढ़े 89.25 प्रतिशत से प्रथम

पांचवी मे तिक्षा होमेश्वर पा? 89.25 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, वैशणवी चंद्रकुमार सोनी 89 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, आराध्या गजेन्द्र ऐरपुड़े 88.75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में मानवी नितिन मोरघड़े 88.75 प्रतिशत, माल्या किरनकुमार रामावत 87.75 प्रतिशत, माही हेमेन्द्र ऐरपुड़े 87 प्रतिशत, मानव धनेन्द्र सिंह लखेरे 84.5 प्रतिशत, काव्या विजय आसटकर 83 प्रतिशत, हार्दिक महेन्द्र गव्हारे 81 प्रतिशत, मानवी दिलीप भण्डारकर 80.75 प्रतिशत, गुणेन्द्र गणेश कचवाहे 80.5 प्रतिशत, शितल अंग्रीश सोनवाने 80 प्रतिशत, भूमि धर्मेन्द्र सातपुते 80 प्रतिशत, शिवांक प्रमोद मोरघड़े 80 प्रतिशत, वैष्णवी ईश्वरलाल नगपुरे 79.75, नव्या प्रभाकर लटारे 79.5 प्रियांशी मुकेस डाहके 79 प्रतिशत, वृष्ति जयपाल पिपरे 79 प्रतिशत, , रिया विनोद कुमार रणदिवे 78.75 प्रतिशत, हिमाशी राजेन्द्र नगपुरे 78.75 प्रतिशत, वंश हंसराज सोमनकर 78.5 प्रतिशत, जान्हवी जितेन्द्र आसटकर 78.25 प्रतिशत, मान्य संतोष मेश्राम 78.25 प्रतिशत, नक्ष दुर्गेश ऐडें 78.25 प्रतिशत, कुनाल खेमेन्द्र सिंह परिहार 78 प्रतिशत, हर्ष ताराचंद रणदिवे 78 प्रतिशत, नैंशी उमेश मस्करे 77.75 प्रतिशत, अनन्या टिकाराम नेवारे 77.25 प्रतिशत, एश्वर्य सुनिल सोनवाने 76.75 प्रतिशत, भव्य विजय मस्करे 76.5 प्रतिशत, शौर्य राजु बोपचे 76.25 प्रतिशत, नंदनी रोशनलाल खोब्रागढ़े 76 प्रतिशत, अदिति अरूण सहारे 75.25 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया छात्र/छात्राओं की सफलता पर छात्र/छात्राओं एवं परिजनों को विद्यालय के संचालक संतोष मोरघडे, प्राचार्य महेंद्र दुरूगकर, प्रधान पाठक श्रीमती नेत्रेश्वरी सोनवाने तथा शाला परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिका ने बधाई प्रेषित किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर लांजी ने स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया



**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में स्थानीय कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम कक्षा नर्सरी से एकादश तक घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम कार्यक्रम बारेलाल बडघैया के मुख्यातिथ्य में, विजय कुमार रामटेक्कर की अध्यक्षता में तथा समिति सदस्य ठाकुर दास लिल्हारे, श्रीमती दुर्गा रामटेक्कर, पत्रकार दिनेश रामटेक्कर, प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी एवं प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात वाणी वंदना हुई। वरिष्ठ आचार्य लेखराम ठाकरे द्वारा अतिथियों का तिलक वंदन एवं स्वागत किया गया। त्रयंबक भगत द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। प्रस्तावना उद्बोधन में प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी ने भैया-बहिनों व अभिभावकों से उपस्थिति बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि सत्र 2026-27 से विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षा प्रमुख आचार्य लेखराम ठाकरे द्वारा परीक्षा परिणाम का वाचन किया गया। कक्षा-वार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी= कक्षा नर्सरी= यशस्वी साकरे 91.6 प्रतिशत प्रथम, भैया देवांश वानखेड़े 90.6 प्रतिशत द्वितीय, सिद्धि महोबिया 85 प्रतिशत तृतीय। कक्षा उदय (KG1)= भैया तृषान्त गुरदे 93 प्रतिशत प्रथम, बहिन तृप्ति बिसेन 92.3 प्रतिशत द्वितीय, मयंक भालाधरे 87.6 प्रतिशत तृतीय। कक्षा KG2= बहिन युवांशी मचघैया 93.3 प्रतिशत प्रथम, भैया आयुष सोनवाने 90.6 प्रतिशत द्वितीय, चित्रांश कुंघाडकर 91.6 प्रतिशत तृतीय। कक्षा प्रथम= बहिन स्नेहा अजित 94.6 प्रतिशत प्रथम, दिव्या सैय्याम 94 प्रतिशत द्वितीय, आकांक्षा वाकड़े 92 प्रतिशत तृतीय। कक्षा द्वितीय= छात्रा पार्थ चालाक 97.6 प्रतिशत प्रथम, बहिन वंशिका हिरुंदे 96 प्रतिशत द्वितीय, भारती बिसेन 94 प्रतिशत तृतीय। कक्षा तृतीय= छात्रा त्रिशा मुरकुटे 92.7 प्रतिशत प्रथम, दीप्ति कारमेघे 91.5 प्रतिशत द्वितीय, बहिन सृष्टि आसटकर 90 प्रतिशत तृतीय। कक्षा चतुर्थ= बहिन आर्या घोगड़े 89.7 प्रतिशत प्रथम, बहिन कावेरी बड़मे 84.7 प्रतिशत द्वितीय, श्रीतिका सोनवाने 79.5 प्रतिशत तृतीय। कक्षा षष्ठ= बहिन उपाधि लटारे 80.1 प्रतिशत प्रथम, बहिन तान्या बिसेन 74.6 प्रतिशत द्वितीय, बहिन यामिनी गिरी 69.8 प्रतिशत तृतीय। कक्षा सप्तम= शिवानी रामटेक्कर 79.5 प्रतिशत प्रथम, बहिन हर्षिका नरताम 77.3 प्रतिशत द्वितीय, बहिन महिमा उमरे 75.1 प्रतिशत तृतीय। कक्षा नवम= बहिन मेघा पांचे 91.5 प्रतिशत प्रथम, बालिका मोनिका सोनवाने 87.5 प्रतिशत द्वितीय, दिव्या महोबिया 81 प्रतिशत तृतीय। कक्षा एकादश (गणित)= निखिल सातपुते 55.4 प्रतिशत प्रथम। कक्षा एकादश (जीव विज्ञान)= छात्र संयम बिलावर 72.8 प्रतिशत प्रथम, बालिका भावना भोंडेकर 68.8 प्रतिशत द्वितीय, महिन शेख 68.4 प्रतिशत तृतीय। कक्षा एकादश (कला)= बालिका जानवी करहिे 57 प्रतिशत प्रथम, मनिष कुमार कचवाहे 56.2 प्रतिशत द्वितीय, अर्पित श्रीवास 56 प्रतिशत तृतीय। कक्षा एकादश (वाणिज्य)= छात्रा अंकुश विजयवार 64.2 प्रतिशत प्रथम, बालक दीपिका पांचे 59.2 प्रतिशत द्वितीय, आंचल पांचे 58 प्रतिशत तृतीय।

### सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया

नर्सरी से भैया ऋषभ घोरमारे, अरुण से शिवांश मेश्राम एवं चिरचिव रामटेकर, उदय से युवांशी मचगैया, प्रथम अ शौर्य समरिते, प्रथम ब आकांक्षा वाकडे, द्वितीय अ अनीता पंद्रे, द्वितीय ब फरेंद्र पुरी गोस्वामी, तृतीय अ आरवी मछगैया, तृतीय ब वेदांत दुरुगकर, चतुर्थ अमल पंद्रे, पंचम कुणाल नेवारे, षष्ठ कुमारी नित्या चोरवाड़े, सप्तम शिवानी रामटेकर, अष्टम विनय कुशले, नवम अ भैया अर्पित सोनवाने, नवम ब कुमारी भीमेश्वरी टिकेश्वर, दशम भैया अक्षांश वासनिक, एकादश कृषि भैया गौरव जगने, द्वादश कृषि कुमारी गौरी मानकर। कार्यक्रम के अंत में समिति सदस्य टी.डी. लिल्हारे ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। जो भैया-बहिन किसी कारण से कम अंक प्राप्त कर पाए हैं, उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। उन्हें और अधिक मेहनत करके अपने आप को साबित करना चाहिए।

# तहसील कार्यालय में सड़क, पानी की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**पद्मेश न्यूज। लांजी।** तहसील कार्यालय परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं, सड़क व शुद्ध पेयजल की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता संघ के सचिव अरूण टाडेकर ने जानकारी में बताया कि यहां परिसर में तहसील कार्यालय के अलावा एसडीएम कार्यालय, रजिस्टार कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र भी है। यहां प्रतिदिन हजारों लोग अपने कार्यों से यहां पहुंचते हैं, किन्तु यहां परिसर में बनी रोड़ बहुत पुरानी होने के कारण उखड़ गई है एवं उबड़-खाबड़ हो गई है जिससे हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। यहां पहुंचने वाले छोटे चौपहिया वाहनों के इंजन रोड़ से टकराते रहते हैं। जिसके चलते परिसर में बने मार्ग का पुन: निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। इसके अलावा यहां पहुंचने वाले लोगों द्वारा वाहनों को अस्त-व्यस्त खड़े कर दिया जाता है, जिससे भी लोगों को असुविधा होती है, यहां वाहनों को खड़े करने हेतु चिन्हांकित कर नियत स्थान बनाया जाएं, जहां लोग वाहन खड़े किए जा सके। यहां परिसर के मुख्य द्वार पर लगा गेट टूट गया है जो बंद नहीं उसे ठीक किया जाए तथा परिसर की बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाए। अधिवक्ताओं ने अपनी प्रमुख मांगों में मुख्य रूप से मांग की कि वर्तमान गर्मी के मौसम को देखते हुए परिसर में प्याऊ की व्यवस्था की जाएं। साथ ही परिसर में लगे वाटर कूलर को ठीक कर प्रारंभ कराया जाएं। अधिवक्ता संघ द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चितरंजन मचिया, जे पी खानोरकर, अरूण टांडेकर, नीलकंठ भटेरे, रवि कुमार तिड़के, शशिप्रभा श्रीवास्तव, जितेन्द्र यादव, सुखराम आसटकर, दिनेश कलपुरिया, निलोफर खान, संजय घोरमारे, नरेन्द्र नगपुरे, टी के रणदिवे, वी आर सोनवाने आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### व्यवस्था में किया जाएगा सुधार - एसडीएम

अधिवक्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने पर एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने कहा कि जिन मांगों के संबंध में ध्यान आकर्षित कराया है उन सभी मांगों के निराकरण के लिए मेरे द्वारा प्रयास कर संबंधित विभाग के माध्यम से ठीक कराया जाएगा। वाहनों को व्यवस्थित खड़े किए जाने एवं पीने के पानी की व्यवस्था शीघ्र ही कर दी जाएगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी का रहा शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 25 मार्च को कक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी के सभी छात्र शतप्रतिशत उत्तीर्ण हुए। कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम - कुल छात्र - 37, प्रथम श्रेणी - 27 एवं द्वितीय श्रेणी - 10 विद्यार्थी रहें। जिनमें अव्वल आने वालों में तोषी येड़े पिता देवेश येड़े - 89.75 प्रतिशत, सौरभ महोबिया पिता संतोष महोबिया - 88.5 प्रतिशत, श्रेया बड़मे पिता सुनील बड़मे - 83 प्रतिशत, मोहन रहमतकर पिता विनोद रहमतकर - 80.75 प्रतिशत, काव्या महोबिया पिता धनेश महोबिया - 79.25 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा आठवीं में कुल छात्र दर्ज 45, प्रथम श्रेणी - 31, द्वितीय श्रेणी - 13 विद्यार्थी रहें। अव्वल आने वालों में मोहित दमाहे पिता विजय दमाहे - 87.66 प्रतिशत, चिराग अगासे पिता रंजीत अगासे - 86.83 प्रतिशत, विनय कुशले पिता सतीश कुशले - 85.83 प्रतिशत, दीपेश दोडके पिता भाऊलाल - 83 प्रतिशत, मृणाली डेकाते पिता राजेंद्र डेकाते - 81.83 प्रतिशत रहा। विद्यालय के अध्यक्ष बारेलाल बड़गैया, सचिव विजय रामटेकर, सहसचिव श्रीमती दुर्गा रामटेकर, सदस्य टी. डी. लिल्हारे, प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने एवं समस्त शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण भैया-बहनों एवं उनके माता-पिता को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम जारी, बेटियों ने बाजी मारी

## सरकारी स्कूलों ने निजी स्कूलों को पछाड़ : 5वीं में 95.14 प्रतिशत और 8वीं में 93.83 प्रतिशत बच्चे पास

भोपाल। मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र ने बुधवार को कक्षा 5वीं और 8वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने वल्लभ भवन में एक कार्यक्रम के दौरान बटन दबाकर रिजल्ट घोषित किया। इस साल 5वीं के 95.14 प्रतिशत और 8वीं के 93.83 प्रतिशत पास हुए हैं। दोनों कक्षाओं में छात्रों की तुलना में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार परिणाम लगभग 3 प्रतिशत बेहतर रहा है। मंत्री ने कहा कि सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सरकारी स्कूलों का परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर रहा है। शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

इस बार प्रदेश के सरकारी, निजी स्कूलों और मदरसों के करीब 23.68 लाख विद्यार्थियों ने बोर्ड पैटर्न पर परीक्षा दी थी। फरवरी में आयोजित इन परीक्षाओं के लिए प्रदेश भर में मूल्यांकन का विशाल कार्य किया गया। 322 केंद्रों पर 1.10 लाख से अधिक शिक्षकों ने कॉपियों की जांच की, जिसके बाद अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि की गई।

### 2025 की तुलना में अच्छा रहा रिजल्ट

2025 में करीब 22.85 लाख स्टूडेंट्स ने 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं दी थी। इस बार करीब 23.68 लाख (12.76 लाख + 10.92 लाख) स्टूडेंट इन परीक्षाओं में बैठे। साल 2025 में 5वीं के 92.70 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए थे। साल 2026 में 95.14 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। इसी तरह 2025 में 8वीं के 90.02 प्रतिशत बच्चे पास हुए थे। इस साल 93.83 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं।




### शहरी की तुलना में ग्रामीण स्टूडेंट ज्यादा

इस साल 5वीं और 8वीं की परीक्षा में 23,68,984 छात्र शामिल हुए थे। 5वीं और 8वीं को मिलाकर कुल 16,78,567 छात्र ग्रामीण क्षेत्रों से थे। वहीं, शहरी छात्रों की संख्या मात्र 6,90,417 रही। 5वीं में ग्रामीण स्टूडेंट 9,24,783 (72.45 प्रतिशत) और शहरी 3,51,621 (27.55 प्रतिशत) थे। छात्र 51.58 प्रतिशत और छात्राएं 48.42 प्रतिशत थीं। वहीं 8वीं में ग्रामीण स्टूडेंट 7,53,784 (68.99 प्रतिशत) और शहरी 3,38,796 (31.01 प्रतिशत) थे। छात्र 51.27 प्रतिशत और छात्राएं 48.73 प्रतिशत थीं।

### संभाग और जिलों में टॉप प्रदर्शन

कक्षा 5वीं के परिणामों में शहडोल संभाग ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जिलों में नरसिंहपुर अव्वल रहा। इसके अलावा डिंडोरी, बालाघाट, झाबुआ और अलीराजपुर जैसे जिले भी टॉप सूची में शामिल रहे। कक्षा 8वीं में इंदौर संभाग ने बाजी मारी और जिलों में नरसिंहपुर शीर्ष स्थान पर रहा। अलीराजपुर, डिंडोरी और झाबुआ जैसे जिलों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### लाखों विद्यार्थियों ने एक क्लिक पर देखा रिजल्ट

राज्य शिक्षा केंद्र की आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट जारी होते ही भारी ट्रैफिक देखने को मिला। प्रति मिनट एक लाख से अधिक लोगों ने अपने परिणाम देखे। इस बार तकनीकी व्यवस्था को मजबूत किया गया था, जिसके चलते लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों ने बिना किसी परेशानी के आसानी से रिजल्ट देखा और डाउनलोड किया।

### पूरक परीक्षा का मिलेगा अवसर

मंत्री ने कहा कि जो विद्यार्थी किसी विषय में असफल हुए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। जल्द ही पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें छात्र केवल उसी विषय की पुन: परीक्षा दे सकेंगे, जिसमें वे असफल रहे हैं। सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को अधिक अवसर प्रदान करना और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है।

### लाखों विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

इस वर्ष प्रदेश के 1 लाख 10 हजार 699 शासकीय, निजी विद्यालयों और मदरसों के लगभग 23 लाख 68 हजार विद्यार्थी इन परीक्षाओं में शामिल हुए। इनमें से 93 हजार से अधिक विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों के थे, जबकि 17 हजार से अधिक शहरी क्षेत्रों के थे। कक्षा 5वीं में करीब 12.76 लाख और कक्षा 8वीं में 10.92 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

### तकनीक से सशक्त हुई परीक्षा व्यवस्था

राज्य शिक्षा केंद्र ने इस बार परीक्षा आयोजन को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया। 12 हजार 943 परीक्षा केंद्र बनाए गए और उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 322 केंद्रों पर किया गया। शिक्षकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से ऑनस्पॉट अंक प्रविष्ट किए गए, जिससे परिणाम तेजी और सटीकता के साथ तैयार हो सका।

# 31 मार्च के लिए ई-फाइल शेड्यूल न करें ट्रेजरी अफसर

## - पेमेंट लोड रोकने वित्त विभाग ने जारी की एडवाइजरी

भोपाल। मार्च का अंतिम सप्ताह शुरू होते ही वित्तीय वर्ष के समापन से पहले बिल स्वीकृत कराने और भुगतान की प्रक्रिया तेज हो गई है। 31 मार्च की डेडलाइन नजदीक आने के चलते कोषालयों में पेंडेंसी बढने् लगी है, जिससे सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। स्थिति को देखते हुए वित्त विभाग ने सभी कोषालय अधिकारियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि 31 मार्च को अत्यधिक लोड की स्थिति बनी रहेगी, इसलिए इस दिन ज्यादा ई-फाइल शेड्यूल न की जाएं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पहले ही ई-फाइल शेड्यूल कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर लें। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 27, 28 और 29 मार्च को अवकाश रहने के कारण अधिकतर फाइलों को 25 और 26 मार्च को ही शेड्यूल किया जाए। इसके साथ ही भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा एसएनए और स्पर्श से जुड़े सभी बिलों के लिए 25 मार्च की टाइमलाइन निर्धारित की गई है, जिसे ध्यान में रखते हुए कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। वित्त विभाग ने यह भी कहा है कि अवकाश के दिनों में भी ई-फाइल शेड्यूलिंग संबंधित कार्य निर्धारित निर्देशों के अनुसार किए जाएं, ताकि पेमेंट सिस्टम प्रभावित न हो। सभी कोषालय अधिकारियों को इस संबंध में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### कोषालयों में पेंडेंसी बढने् लगी

मार्च का अंतिम सप्ताह शुरू हो चुका है और 31 मार्च के पहले अधिकाधिक बिल स्वीकृत कराने और पेमेंट कराने को लेकर कोषालयों में पेंडेंसी बढने् लगी है। इस स्थिति को देखते हुए वित्त विभाग ने सभी कोषालय अधिकारियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि 31 मार्च को अत्यधिक लोड की स्थिति रहेगी, इसलिए कोषालय अधिकारी इस दिन ज्यादा ई फाइल शेड्यूल न करें। इससे पहले ई फाइल शेड्यूल कर पेमेंट किए जाएं। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देश में यह भी कहा गया है कि 27, 28 और 29 मार्च को अवकाश होने के कारण अधिकांश फाइलें 25 और 26 मार्च को ही शेड्यूल की जाएं।

# भोपाल-इंदौर का मेट्रोपॉलिटन एरिया तय... सर्वे रिपोर्ट शासन को भेजी

भोपाल। मास्टरप्लान के भले ही अते-पते ना हो मेट्रोपॉलिटन एरिया को उसके पहले लागू करने का दावा शासन करता रहा है। अब भोपाल के साथ इंदौर का मेट्रो पॉलिटन एरिया भी संशोधन के बाद तय कर दिया है, जिसे नगरीय प्रशासन और विकास मंत्रालय के हवाले किया गया है। विभागीय मंत्री की मंजूरी के बाद नोटिफिकेशन की प्रक्रियामंत्रालय द्वारा शुरू की जाएगी। शासन ने यह भी स्पष्ट किया कि स्थानीय नगरीय निकायों, प्राधिकरणों, पंचायतों के अधिकार क्षेत्र में कोई परिवर्तन नहीं होगा और अथॉरिटी नियोजन क्षेत्र के बाहर काम करेगी।

पिछले दिनों प्राधिकरण में भी बढ़े हुए क्षेत्र को लेकर बैठक हुई। दरअसल, मेहता एंड एसोसिएट को ही इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मगर तीन बार शासन ने पहले संशोधन किया और चौथी बार में रतलाम, शाजापुर की तहसीलें भी जोड़ दी गई, जिसके चलते इंदौर मेट्रो पॉलिटन रीजन का एरिया साढ़े 4 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक और बढ़ गया। नतीजतन 14550.29 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल शामिल किया गया। दूसरी तरफ भोपाल का भी एरिया 12 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक हो गया है, जिसमें राजधानी के अलावा नर्मदापुरम, सीहोर, विदिशा, राजगढ़-ब्यावरा के एरिया को भी शामिल किया गया है। अब दोनों अथॉरिटी का एरिया तय होने के बाद अब अनुमोदन की प्रक्रिया की जाएगी और तत्पश्चात नगरीय प्रशासन और विकास मंत्रालय द्वारा नोटिफिकेशन जारी करवाया जाएगा, जिस पर दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# राज्य अध्यापक संघ भी सुप्रीम कोर्ट में लगाएगा रिव्यू पिटीशन

भोपाल। शासकीय शिक्षक संगठन के बाद अब राज्य अध्यापक संघ भी शिक्षकों की पात्रता परीक्षा कराने स्कूल शिक्षा विभाग के फैसले के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करेगा। राज्य अध्यापक संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव ने इसको लेकर सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी को आवश्यक दस्तावेज सौंप दिए हैं। इसी हफ्ते सुप्रीम कोर्ट में शासकीय शिक्षक संगठन और राज्य अध्यापक संघ की रिव्यू पिटीशन दायर हो सकती हैं। राज्य अध्यापक संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी के सहयोगी अधिवक्ताओं पृथ्वीराज सिंह चौहान और सूर्यदेव सिंह को पिटीशन दायर करने के संबंधित दस्तावेज सौंपे गए हैं। ये अब आगे की कार्यवाही करेंगे। यादव ने कहा कि संघ की ओर से रिव्यू पिटीशन को लेकर राज्य सरकार और स्कूल शिक्षा मंत्री से भी मुलाकात की गई थी। सरकार की ओर से यह संकेत दिए गए कि सरकार जो करेगी सो करेगी लेकिन संगठन को रिव्यू पिटीशन दायर करना चाहिए। इसलिए शिक्षकों के हित में संघ की ओर से रिव्यू पिटीशन दायर की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में तटस्थ रहना चाहती है, इसलिए भी संघ इस मामले में कोर्ट में पिटीशन लगा रहा है। शासकीय शिक्षक संगठन पहले ही संपर्क कर चुका वकीलों से इसके पहले शासकीय शिक्षक संगठन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पात्रता परीक्षा लिए जाने के विरोध में रिव्यू पिटीशन दायर करने को लेकर सीनियर एडवोकेट को दस्तावेज सौंपे जा चुके हैं। शिक्षक संगठन के नर्मदापुरम के संभागीय अध्यक्ष राजेश पांडेय का कहना है कि एक दो दिनों में कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर हो जाएगी। इस संगठन की ओर से 2013 से पहले नियुक्त शिक्षाकर्मी, संविदा शिक्षक, गुरुजियों को पात्रता परीक्षा से बाहर करने के लिए लगाई जा रही पिटीशन में सीनियर एडवोकेट और एमपी हाईकोर्ट के जज रहे एसके गांगेले से चर्चा कर उन्हें दस्तावेज सौंपे हैं। इस संगठन की ओर से भी 31 मार्च के पहले सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन लगाने की तैयारी की गई है।

विनोद / 25 मार्च 26

# दिव्यांग बच्चों के साथ सीएम ने मनाया जन्मदिन

## महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने लगाई मेंहदी, लिखा- शक्ति का आशीर्वाद

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को अपना 61वां जन्मदिन मनाया। भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में दिव्यांग बच्चों के साथ सीएम ने जन्मदिन मनाया। मप्र सरकार के मंत्रियों, विधायकों और बीजेपी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उन्हें सीएम हाउस पहुंचकर बधाई दी। बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता हाथों में मेंहदी लगवाकर सीएम को आशीर्वाद देने पहुंचीं। महिलाओं ने हाथों पर लिखा था- शक्ति का आशीर्वाद।

बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सीएम हाउस पहुंचे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सीएम को त्रिशूल भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय



गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी और अन्य प्रमुख नेताओं ने उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी और अमित शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की प्रगति की सराहना की और उन्हें दीर्घायु तथा निरंतर सेवा का आशीर्वाद दिया। योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य नेताओं ने भी शुभकामनाएं भेजी।

### चिट्ठियां लेकर पहुंची महिलाएं

बड़ी संख्या में बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सीएम को हाथ से लिखी चिट्ठियां भेंट कीं। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, मंत्री कृष्णा गौर, प्रतिमा बागरी, महिला मोर्चा की महामंत्री मोना सुस्तानी मौजूद रहे। अलग-अलग तरह के गिफ्ट बॉक्स बनाकर महिलाएं सीएम हाउस पहुंचीं। सीएम ने कहा हमारी सरकार के गठन के बाद से बहनों का आशीर्वाद जिस प्रकार से मिला है। पूरे देश के लिए मप्र एक प्रकार से आकर्षक प्रदेश है। आज भले ही मेरा जन्मदिन हो लेकिन, वास्तव में आज का दिन बहनों के आशीर्वाद का दिन है।

### अलग से बहनों की पंचायत बुलाएंगे

इस मौके पर सीएमने कहा कि अभिव्यक्ति कार्यक्रम के माध्यम से बहनों का स्नेह-आशीर्वाद हमारी सरकार को मिला है। सरकार के गठन के बाद ही बहनें इस तरह आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं। आज भले ही मैं जन्मदिन की बधाई ले रहा हूं, लेकिन वास्तव में आज बहनों के आशीर्वाद का दिन है। मुख्यमंत्री ने बहनों से कहा कि आपका स्नेह-आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहे। हम अलग से बहनों की पंचायत बुलाएंगे, जिसमें विस्तार से बात होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बहनों के आशीर्वाद से हमारा प्रदेश भी आगे बढ़ रहा है।

# नक्सलियों से जुड़े संगठनों पर नवंबर 2026 तक प्रतिबंध

## - कलेक्टरों को मिला एनएसए लगाने के अधिकार

**भोपाल। मध्यप्रदेश में नक्सल गतिविधियों के खिलाफ सरकार सख्त रुख अपनाए हुए है। प्रदेश को नक्सल मुक्त घोषित किए जाने के बावजूद सरकार किसी भी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं है। इसी कड़ी में नक्सलियों से जुड़े संगठनों पर लगाया गया प्रतिबंध अब बढ़ाकर नवंबर 2026 तक कर दिया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ( माओवादी ) और उससे जुड़े संगठन क्रांतिकारी किसान कमेटी ( केकेसी ) तथा क्रांतिकारी जन समिति ( केजेसी )पर यह प्रतिबंध यथावत लागू रहेगा।**

सरकार ने यह कार्वाई मध्यप्रदेश विशेष क्षेत्र सुरक्षा अधिनियम, 2000 के तहत की है। इससे पहले 25 जनवरी 2024 को जारी अधिसूचना में इन संगठनों को विधि विरुद्ध घोषित किया गया था। नई अधिसूचना के मुताबिक, यह प्रतिबंध 18 नवंबर 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। सरकार का मानना है कि भले ही प्रदेश में नक्सल नेटवर्क कमजोर हुआ हो, लेकिन उससे जुड़े संगठनों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी और नियंत्रण बनाए रखना बेहद जरूरी है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश को 31 दिसंबर को नक्सल मुक्त प्रदेश घोषित किया जा चुका है, फिर भी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क बनी हुई हैं।

### कलेक्टरों को मिलें विशेष अधिकार

वहीं कानून-व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कलेक्टरों को विशेष अधिकार भी प्रदान किए हैं। आदेश के अनुसार, 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक कलेक्टर अपने-अपने जिलों में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर सकेंगे। गृह विभाग ने यह निर्णय उन रिपोर्टों के आधार पर लिया है, जिनमें कुछ तत्वों द्वारा साम्प्रदायिक माहौल बिगाडने् और सार्वजनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की आशंका जताई गई है।

### सुरक्षा और कानून व्यवस्था के मामले में ढील नहीं

सरकार का कहना है कि इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एहतियातन यह कदम उठाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की असामाजिक या विध्वंसक गतिविधियों पर समय रहते नियंत्रण किया जा सके। एनएसए के तहत कलेक्टरों को यह अधिकार दिया गया है कि वे अपने जिले में आवश्यकतानुसार कार्वाई कर सकें और शांति व्यवस्था बनाए रखें। कुल मिलाकर, राज्य सरकार का यह कदम स्पष्ट संकेत देता है कि सुरक्षा और कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी और नक्सल तथा असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सख्ती लगातार जारी रहेगी।

# खरीदार ना मिलने पर ग्रुप के बजाए सिंगल शराब दुकान बेचेगी सरकार

## प्रदेश की 40 प्रतिशत से ज्यादा शराब दुकानों को अब तक नहीं मिले खरीदार

भोपाल । मध्यप्रदेश में शराब दुकानों की कीमत 20 प्रतिशत बढ़ाए जाने का निर्णय अब सरकार पर ही भारी पड़ता नजर आ रहा है। प्रदेश की 40 प्रतिशत से प्रतिशत से ज्यादा शराब दुकानों को बढ़ी हुई कीमतों के कारण अब तक खरीदार नहीं मिले हैं। इसे देखते हुए पहली बार सरकार ने शराब दुकानें नीलाम करने की नीति को बदलते हुए इन्हें ग्रुप के बजाए सिंगल दुकान के रूप में भी बेचने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही दुकानों की कीमतों को 15 प्रतिशत तक कम पर बेचने का भी फैसला लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तैयार की गई नई आबकारी नीति 2026-27 के तहत प्रदेश की सभी 3553 शराब दुकानों की कीमत को 20 प्रतिशत बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया था। मौजूदा टेंडर की अवधि 31 मार्च को खत्म होगी और 1 अप्रैल से नए ठेके लागू होंगे। इसमें अब सिर्फ 6 दिनों का समय बचा है, लेकिन प्रदेश की 40 प्रतिशत से ज्यादा दुकान ना बिकने के कारण सरकार बैकफुट पर आती नजर आ रही है। सरकार ने बढ़ी हुई कीमतों को 15 प्रतिशत घटाने के साथ ही ग्रुप के बजाय एक-एक दुकान के लिए भी टेंडर खोल दिए हैं। यानी अब इन दुकानों को नीलाम करने की प्रक्रिया दो तरह से होगी, एक टेंडर ग्रुप के रूप में पहले की ही तरह जारी होंगे और एक टेंडर सिंगल दुकानों के लिए भी खोले जाएंगे। जहां ज्यादा कीमत मिलेगी वहां दुकानों को नीलाम कर दिया जाएगा यानी अगर एक समूह में दो दुकाने हैं जिनकी कीमत 50 करोड़ है तो इनके टेंडर दोनों तरह से स्वीकार किए जाएंगे अगर अलग-अलग दुकानों के रूप में सरकार को ज्यादा बोली मिलती है तो अलग-अलग दुकान नीलाम की जाएगी या समूह के रूप में ज्यादा कीमत मिलती है तो समूह के रूप में।

# मुख्यमंत्री निवास में होगी बहनों की पंचायत - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके जन्म दिवस 25 मार्च को प्रात: बहनों की पाती-भैया के नाम लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंची बहनों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभिव्यक्ति बहनों की पाती-भैया के नाम एक आत्मीय पहल है। बहनों का आशीर्वाद हमें निरंतर प्राप्त होता रहा है। प्रदेश की बहनों ने अपने मन के भाव, अनुभव और सुझाव पाती के माध्यम से व्यक्त किए हैं। बहनों ने अपने भैया के प्रति विश्वास, स्नेह और सम्मान को शब्दों में पिरोया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के स्वाभिमान और सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास में जल्द ही बहनों से संवाद के लिए विशेष पंचायत आयोजित की जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश में गरीब, युवा, नारी और किसान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रदेश में बहनों के कल्याण का कार्य मिशन मोड में चल रहा है। राज्य सरकार ने नारी सशक्तिकरण के लिए एक लाख करोड़ रूपए से अधिक के बजट का प्रावधान किया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। अब हमारी बहनें कारखानों और उद्योगों में भी नेतृत्व कर रही हैं। राज्य सरकार महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पहुंची बहनों से महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी को अधिक से अधिक प्रसारित करने में सहयोग का आहवान किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि हर पात्र बहन आत्मनिर्भरता और उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लें।

# केंद्र को नहीं भाया मप्र का सोलर मोहल्ला प्रोजेक्ट

## - सब्सिडी के पेंच में फंसा मप्र का पीएम सूर्य घर योजना का नया मॉडल

भोपाल। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं को बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान करता है। इस योजना से न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी बचत होगी, बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना को और आसान बनाने के लिए मप्र सरकार ने सोलर पैनल का मोहल्ला मॉडल बनाया है। इस मॉडल को बनाकर प्रदेश सरकार ने अनुमति के लिए केंद्र को भेजा था। लेकिन केंद्र सरकार ने मप्र के सोलर मोहल्ला प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया है। मप्र नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव का कहना है कि भारत सरकार ने यूटिलिटी लैंड एग्रीगेशन माडल का प्रस्ताव लौटा दिया है, इसमें जो आपत्तियां की गई थीं, उन्हें हटाकर नए सिरे से प्रस्ताव बनाकर पुन: भारत सरकार को भेज रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सब्सिडी किसे देंगे, इसकी स्पष्टता न होने से सोलर पैनल के मोहल्ला माडल को केंद्र ने खारिज कर दिया। मप्र के इस यूटिलिटी लैंड एग्रीगेशन (यूएलए) प्रस्ताव को खारिज करने के पीछे तर्क दिया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में अभी ग्राउंड माउंटेड सिस्टम (जमीन-आधारित प्रोजेक्ट) की अनुमति नहीं है, केवल घर की छत पर ही प्रोजेक्ट लगाया जा सकता है। वहीं अगर हितग्राही की छत पर सोलर पैनल नहीं लगता तो इसकी सब्सिडी किसे दी जाएगी, यह बात भी प्रस्ताव में स्पष्ट नहीं है। बता दें कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छतों पर तीन किलोवाट (केवी) तक के सोलर सिस्टम लगवाने पर 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती है, जो 30,000 से 78,000 रुपये तक हो सकती है। पीएम सूर्य घर योजना में सब्सिडी संरचना इस प्रकार है: एक किलोवाट तक 30,000 रुपये सब्सिडी, दो किलोवाट तक 60,000 रुपये सब्सिडी और तीन किलोवाट या उससे अधिक पर 78,000 रुपये तक की अधिकतम सब्सिडी दी जाती है।

### मोहल्ले में लगाया जाना था बड़ा प्रोजेक्ट

मप्र नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के यूटिलिटी लैंड एग्रीगेशन के मोहल्ला माडल में किसी एक व्यक्ति के घर की छत पर सोलर पैनल लगाने के बजाय मोहल्ला चिन्हित कर उसके पास बड़ा प्रोजेक्ट लगाया जाना प्रस्तावित था। उससे उत्पादित बिजली को बैटरी स्टोरेज कर घरों में मांग के अनुरूप आपूर्ति की जाती। प्रस्ताव में बिजली कंपनियां या स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा अपने खर्च पर सोलर प्रोजेक्ट लगाने और घरों में मांग के अनुसार बिजली सप्लाई की तैयारी थी। राज्य सरकार को इस पूरे प्रोजेक्ट से प्रदेश में 3,500 मेगावाट सोलर ऊर्जा उत्पादन की संभावना थी। ग्राउंड माउंटेड सिस्टम एक सौर ऊर्जा प्रणाली है जिसमें सोलर पैनलों को छत पर लगाने के बजाय, जमीन में स्टील के खंभों या बीम के सहारे लगाया जाता है, जिससे पैनलों को सूर्य की दिशा के अनुसार समायोजित किया जा सकता है। इसका रखरखाव भी आसान है और बड़े इंस्टालेशन की क्षमता होती है, खासकर उन जगहों के लिए जहां छत पर जगह कम हो या अनुपयुक्त हो। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रूफटाप सोलर स्टेंडडर्स में व्यक्ति अपनी जेब से खर्च करता है और सब्सिडी का लाभ लेता है। इससे उसकी बिजली का बिल कम हो जाता है। यहाँ मप्र सरकार का प्रयास है कि बिजली कंपनी अपने खर्च से प्रोजेक्ट लगाए और घरों को बिजली सप्लाई करे।

# सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही अमानक दवाएं

भोपाल। मप्र में एक तरफ सरकारी अस्पतालों को हाईटेक बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों में मरीजों को अमानक दवाएं दी जा रही हैं। आलम यह है कि सरकारी अस्पतालों में पहुंचने वाली दवाओं की जांच रिपोर्ट जब तक आती है, तब तक मरीजों में दवाएं बंट जाती हैं। कई बार स्थिति यह सामने आई है कि कोई दवा अमानक निकली है, उससे पहले मरीज उसका सेवन कर चुके होते हैं। अगर पिछले दो माह यानी जनवरी-फरवरी की बात करें तो नौ दवाएं और एक ब्लड ग्रुपिंग किट अमानक मिल चुकी हैं। बड़ी बात यह है कि इनमें छह एंटीबायोटिक हैं, जो संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए उपयोगी हैं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में रोगियों को बांटी जाने वाली दवाओं के लिए राज्य पब्लिक हेल्थ सप्लाई कारपोरेशन दवाओं की खरीदी के लिए कंपनियों से अनुबंध करता है।



## लखनऊ के लिए मध्यक्रम चुनौती, पूरन और शमी पर बड़ी जिम्मेदारी

# IPL: बदले संयोजन के साथ तैयार LSG पंत की कप्तानी में पहले खिताब पर निगाहें



**लखनऊ,एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण में नई सोच और बदले हुए संयोजन के साथ मैदान में उतर रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की मौजूदा टीम का अगर पिछले प्रदर्शन से गहराई से विश्लेषण किया जाए तो यह साफ दिखता है कि फ्रेंचाइजी ने अपनी पुरानी कमजोरियों पर काफी काम किया है। 2022 में डेब्यू सीजन में ही एलएसजी ने केएल राहुल की कप्तानी में 14 में से नौ मैच जीतकर 18 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था और प्लेऑफ तक पहुंची, जहां एलिमिनेटर में हारकर बाहर हो गई। 2023 में भी कहानी लगभग वही रही। टीम ने आठ जीत के साथ फिर तीसरा स्थान पाया, लेकिन नॉकआउट में दबाव झेल नहीं पाई और खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। इसके बाद 2024 व पिछले साल टीम का प्रदर्शन गिरा और वह सातवें स्थान पर लीग की समाप्ति करते हुए संतुलन की कमी और कमजोर गेंदबाजी से जूझती रही। शुरुआती सीजन में एलएसजी की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्थिर बल्लेबाजी थी, जहां केएल राहुल, क्विंटन डिकॉक और मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी शीर्ष क्रम संभालते थे। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई और आवेश खान पर काफी निर्भरता थी, लेकिन आखिरी ओवर की गेंदबाजी और आक्रामक फिनिशर की कमी बार-बार सामने आई। यदि स्टार खिलाड़ियों ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन किया तो लखनऊ का पांच साल से खिताब जीतने का इंतजार खत्म हो सकता है।

### आक्रामक रणनीति अपनाएगी टीम

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की अगुआई में टीम इस बार आक्रामक रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी, जहां बतौर ओपनर एडन मार्करम और मिचेल मार्श की जोड़ी पावरप्ले में तेज शुरूआत की भरपाई करेगी। मिडिल आर्डर में निकोलस पूरन, पंत, जोश इंग्लिस, आयुष बदोनी और अब्दुल समद टीम को मजबूती प्रदान करेंगे। तेज गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, एनरिक नॉर्खिया और मयंक यादव का आक्रमण विपक्षी बल्लेबाजों के लिए चुनौती साबित हो सकता है। 2025 में आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी (27 करोड़ रुपये) ऋषभ पंत टीम से जुड़े, लेकिन वह खुद बल्लेबाजी से संघर्ष करते नजर आए जिससे एलएसजी सिर्फ छह मैच जीत सकी, जबकि कई करीबी मुकाबले खराब गेंदबाजी और धीमी बल्लेबाजी के कारण हाथ से निकल गए। हालांकि इन सालों में निकोलस पूरन और मिचेल मार्श ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खूब सुर्खियां बटोरी।

### लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम

ऋषभ पंत (कप्तान), निकोलस पूरन (उपकप्तान), एडन मार्करम, मिचेल मार्श, मोहम्मद शमी, मयंक यादव, आवेश खान, मोहसिन खान, एनरिक नॉर्खिया, वानिंदु हसरंगा, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, शहबाज अहमद, नमन तिवारी, अर्शिन कुलकर्णी, अर्जुन तेंदुलकर, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, एम. सिद्धार्थ, प्रिंस यादव, आकाश सिंह और जोश इंग्लिस।

### शमी और नॉर्खिया को शामिल करने से गेंदबाजी को मिली धार

आइपीएल 2026 की नीलामी में कमजोरियों को दूर करने के लिए टीम प्रबंधन ने मोहम्मद शमी और एनरिक नॉर्खिया जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल कर अपनी गेंदबाजी को और धारदार बनाया, जबकि रवि बिश्नोई और डेविड मिलर को रिलीज कर टीम संरचना में बड़ा बदलाव किया गया। अब जहां पहले टीम बल्लेबाजी पर अधिक निर्भर थी, वहीं आगामी सत्र में एक संतुलित इकाई के रूप में सामने आई है, जिसमें आक्रामक बल्लेबाजी, मजबूत पेस अटैक और उपयोगी ऑलराउंडर शामिल हैं। ऑलराउंडर के रूप में शाहबाज अहमद और वानिंदु हसरंगा टीम को संतुलन देते हैं, जबकि शमी पावरप्ले में विकेट दिलाने की जिम्मेदारी संभालेंगे और नॉर्खिया आखिरी ओवरों में अपनी रफ्तार से कहर बरपाते हैं।

## आईपीएल में प्रशांत वीर सहित इन उभरते हुए खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार प्रशांत किशोर सहित पांच उभरते हुए खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलेगा। ऐसे में ये सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने के इरादे से उतरेंगे। आईपीएल एक ऐसा मंच है जिसपर उभरती प्रतिभाओं को अवसर मिलता रहा है और ये ही इस बार भी हो रहा है।



**प्रशांत वीर** - चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने प्रशांत को 14.2 करोड़ रुपये की मोटी रकम में खरीदकर सबको हैरान कर दिया था। प्रशांत निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही वह बाएं के एक अच्छे स्पिनर हैं। जिसकी घूमती हुइ गेंदों का सामना करना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता। प्रशांत को ऑलराउडर रविन्द्र जडेजा की कमी करने शामिल किया गया है। ऐमें सभी की नजरें उनपर रहेंगी। यूपी टी20 लीग 2025 में प्रशांत ने 155 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 320 रन बनाए थे, जबकि 6.69 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 8 विकेट भी निकाले थे।

**कार्तिक शर्मा**- कार्तिक को चेन्नई सुपर किंग्स ने नीलामी में 14.2 करोड़ की मोटी रकम लगाकर खरीदा है। कार्तिक विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण सभी की नजरों में आये। लंबे-लंबे छक्के लगाना कार्तिक की खूबी है।

**आकिब नबी डार**- तेज गेंदबाज आकिब नबी की शानदार गेंदबाजी से जम्मूकश्मीर पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने में सफल रही। आकिब इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते नजर आयें। अब देखना है कि वह इमसें कितना प्रभावित करते हैं।

**मुकुल चौधरी**- विकेटकीपर-बल्लेबाज मुकुल चौधरी लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से उतरेंगे। मुकुल राजस्थान की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस घरेलू सीजन में उन्होंने 5 पारियों में 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 173 रन बनाए थे। वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण मैच विजेता माने जाते हैं।

**अशोक शर्मा**- अशोक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली में 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सभी का ध्यान खींचा था। इस टूर्नामेंट में अशोक ने 10 मुकाबलों में कुल 22 विकेट लिए थे। अब वह लीग में गुजरात टाइटंस की ओर से नजर आएंगे। अशोक को अगर मौका मिला, तो वह जरूर इस टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे।

## आइपीएल में प्रवीण के नाम है ये अनौखा रिकार्ड



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार के नाम आईपीएल में एक ऐसा रिकार्ड है जो उनके अलावा कोई भी दूसरा खिलाड़ी नहीं बना पाया है। आरसीबी की ओर से आईपीएल के पहले ही सत्र में साल 2008 में प्रवीण ने अपने पहले ही ओवर में बल्लेबाजों को एक भी रन नहीं बनाने का मौका दिया। इस ओवर में हालांकि तीन अतिरिक्त रन बने पर बल्ले से एक भी रन नहीं गया। आईपीएल का ये पहला ही मैच धमाकेदार रहा। इसमें आरसीबी के प्रवीण के अलावा केकेआर की ओर से ब्रेंडन मैकुलम ने तेजी से खेलते हुए 73 गेंद में 158 रन बनाये। अपनी इस पारी में मैकुलम ने 13 छक्के और 10 छक्के भी लगाए। केकेआर की टीम ने इस मैच में आरसीबी का 40 रनों के बड़े अंतर से हराया था। इस मुकाबले में केकेआर की टीम ने मैकुलम के शतक से निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाये।

## कोको गाफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

फ्लोरिडा। अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गाफ मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। गाफ ने क्वार्टर फाइनल में स्विटजरलैंड की मेलिंडा बेनसिस को हराया। गॉफ ने इस मुकाबले के बीच में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। मैच में गाफ ने पहला सेट 6-3 से जीता पर दूसरे सेट में उसे 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीसरे सेट में गाफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए जबरदस्त वापसी करते हुए मुकाबला 6-3, 1-6, 6-3 से अपने नाम किया । जीत के बाद गाफ ने कहा, यह एक कठिन मैच था। बेलिंडा काफी अच्छी खिलाड़ी हैं। इस मैच में जीत के लिए मुझे काफी संघर्ष करना पड़ा।

## आरसीबी सबसे महंगी बिकी, आदित्य बिरला ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन ने 16,660 करोड़ रुपये में खरीदा

बेंगलुरु। राजस्थान रॉयल्स के बाद अब आईपीएल फ्रैंचाइजी रॉयल चैलेजर्स बेंगुलरु (आरसीबी) भी बिक गयी है। यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) की अगुवाई वाले इस समूह को आदित्य बिरला ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन ने मिलकर (1.78 अरब डॉलर) करीब 16,660 करोड़ रुपये में खरीदा है।



इस सौदे में आरसीबी की पुरुष और महिला दोनों ही टीमों को शामिल किया गया है। इसी के साथ ही ये सबसे महंगा सौदा बना गया है। इससे पहले रॉयल्स का करार 1.63 अरब डॉलर करीब 15,289 करोड़ में हुआ था। आरसीबी के सौद के बाद आदित्य बिरला समूह के आर्यमान बिड़ला आरसीबी के चेयरमैन बनाये गये हैं जबकि टाइम्स इंटरनेट इंडिया लिमिटेड के सत्यन गजवानी उप प्रमुख होंगे। इस कंसोर्टियम में शामिल अन्य लोग बोल्ट वेंचर्स के फाउंडर डेविड ब्लिट्जर और बीएक्सपीई के सीईओ विरल पटेल हैं। इन चार ग्रुप्स के एक ग्रुप ने आरसीबी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए करार किया है।

हालांकि, इस सौदे को अभी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और आईपीएल संचालन समिति के साथ-साथ महिला प्रीमियर लीग और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से औपचारिक मंजूरी लेनी होगी। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स को अमेरिका स्थित काल सोमानी के समूह ने 1.63 अरब डॉलर में खरीदा था।

आईपीएल की इन दो टीमों को नई ओनरशिप आईपीएल 2026 के बाद मिलेगी। इसकी आधिकारिक घोषणा भी जल्द हो सकती है।

आरसीबी के नये चेयरमैन आर्यमान स्वयं एक क्रिकेटर रहे हैं। वहीं आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने एक बयान में कहा, 'पिछले दो दशकों में आईपीएल वैश्विक स्तर पर खेल का पावरहाउस बना है, जिसने भारतीय क्रिकेट का चेहरा बदल दिया है और भारत की गरिमा को बढ़ाया है। आधुनिक समय मे आरसीबी सबसे जबरदस्त फ्रेंचाइजी में से एक है, जो आदित्य बिड़ला ग्रुप को अपनी विरासत को वैश्विक खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्लेटफॉर्म देती है। हम इस संपत्ति के संरक्षक बनकर खुश हैं और इस असाधारण विरासत को और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

## आईपीएल में वापसी को तैयार हैं तेज गेंदबाज मयंक

लखनऊ। पिछले काफी समय से फिट नहीं होने के कारण खेल से दूर रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल के इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। मयंक ने कहा कि पहले वह अपने शरीर पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे पर अब वह करियर को बचाने के लिए काफी सजग हैं। मयंक को कई बार चोट के कारण खेल से दूर होना पड़ा है। आईपीएल 2024 में चोट लगने से उन्हें बड़ा झटका लगा था। इसके बाद वह लगातार चोट से परेशान रहे और आईपीएल 2025 के शुरुआती मैचों के बाद बाहर हो गए।

अब वह बेंगलुरु के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिहैबिलिटेशन पूरा करके आईपीएल में वापसी को तैयार हैं। मयंक ने कहा, 'सर्जरी के बाद मेरे लिए सब कुछ बदल गया। पहले मैं अपना ध्यान नहीं रखता था। रिकवरी सत्र से बचता था और कई चीजों को नजरअंदाज करता था पर अब मैं रिकवरी, पोषण और नींद पर पूरा ध्यान देता हूं। जितना मैं अपने शरीर का सम्मान कर रहा हूं, उतना ही मेरा शरीर भी मैदान पर मेरा साथ दे रहा है।'मयंक ने कहा कि एनसीए में उनकी मुलाकात जसप्रीत बुमराह से हुई, जिन्होंने भी ऐसी ही सर्जरी कराई थी। उनके साथ मेरा अच्छा तालमेल है। उन्होंने इसको लेकर मुझे काफी सुझाव दिये जिनका मैं अब पालन कर रहा हूं। तब उन्होंने कहा था कि सर्जरी के बाद वापसी करने पर किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में उनके अनुभवों से मुझे सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि रिकवरी के दौरान शरीर कैसा महसूस करेगा और इस कठिन समय का सामना कैसे करना है। मयंक का अब तक का करियर चोटों से प्रभावित रहा है। साल 2022 में आईपीएल में प्रवेश के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 20 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा था। दो सीजन बाद 2024 में उन्हें डेब्यू का अवसर मिला। इस गेंदबाज ने अपने डेब्यू मैच में ही 150 किमी की गति से गेंदबाजी कर सभी को हैरान कर दिया। उन्होंने सत्र की सबसे तेज गेंद गेंद 156.7 किमी प्रति घंटे रफ्तार से फेंकी। यह इतिहास की सबसे तेज गेंदबाजों में से एक है। मयंक की नजरें अब आईपीएल सत्र में जबरदस्त प्रदर्शन कर अपने को साबित करना रहेगा। अब तक मयंक ने 6 आईपीएल मैचों में 9 विकेट लिए हैं। उनका लक्ष्य आईपीएल में अपने प्रदर्शन से भारतीय टी20 टीम में अपनी दावेदारी पेश करना रहेगा।

## शाकिब अल हसन की लंबे समय के लिए वापसी चाहते हैं बशर


ढ़ाका । बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के नये चयन पैनल के चेयरमैन हबीबुल बशर के आने के बाद टीम में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की वापसी की उम्मीदें जतायी जा रही हैं। बशर ने साफ किया कि वह न्यूजीलैंड सीरीज ही नहीं लंबे समय तक शाकिब को टीम में शामिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि फोकस शाकिब अभी देश में नहीं है। इसलिए ये नहीं कहा जा सकता कि वह

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में रहेंगे या नहीं। साथ ही कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो स्वयं भी खेलना चाहेगा पर उसे भी तैयारी की जरूरत है। साथ ही कहा, मुझे नहीं लगता कि शाकिब एक सीरीज के लिए आएंगे और फिर चले जाएंगे। अगर हमें उनकी सेवाएं मिल सकती हैं तो हम चाहेंगे कि वह लंबे समय तक अपनी सेवा द दें। मुझे लगता है कि वह अभी दो साल खेल सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा, कई लोग रिटायरमेंट की बात करते हैं, जैसे, हमने मुशफिकुर रहीम के संन्यास की बातें देखी हैं। मैंने कहा है कि वे जितना ज्यादा समय तक खेलेंगे, हमारे लिए उतना ही अच्छा होगा। हम उन्हें जितना ज्यादा टीम में शामिल कर सकते हैं, टीम के लिए उतना ही अच्छा होगा और जब हम उन्हें चुनते हैं, तो ऐसा नहीं होता कि वे आकर रिटायर हो जाएं। मैं उन्हें लंबे समय के लिए चाहता हूं, कम से कम उनके पास ऐसा प्लान हो कि वे 2027 विश्व कप खेल सकें। इसलिए मेरी योजना केवल एक सीरीज के लिए नहीं हैं। बशर ने कहा है कि उनका पहला ध्यान इस बात पर है कि बांग्लादेश की टीम एकदिवसीय विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करे। विश्वकप अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है।

## आईपीएल 2026 से पहले टीमों को झटका, 9 विदेशी खिलाड़ी शुरुआती मैचों से बाहर

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है, लेकिन सीजन के आगाज से पहले ही कई टीमों को बड़ा झटका लगा है। फिटनेस और अन्य कारणों के चलते कुल 9 विदेशी खिलाड़ी शुरुआती मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे, जिससे टीम संयोजन पर असर पड़ना तय है। खास बात यह है कि इनमें चार खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के हैं, जो अपनी-अपनी टीमों के लिए अहम भूमिका निभाते हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पूरी तरह फिट नहीं हैं और शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की कमान ईशान किशन को सौंपी गई है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी चोट से उबर रहे हैं और संभावना है कि वह 12 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे। दिल्ली कैपिटल्स को भी बड़ा झटका लगा है, क्योंकि उनके स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क




शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे। उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया है। इसके अलावा चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाड़ी मैथ्यू शॉर्ट अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण शुरुआती मुकाबलों से बाहर रहेंगे।

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भी शुरुआती सात मैचों में उपलब्ध नहीं रहेंगे, क्योंकि वह पारिवारिक कारणों से अपने देश में हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के श्रीलंकाई गेंदबाज मथीशा पथिराना भी सीजन के पहले दो हफ्तों के लिए बाहर रहेंगे। लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोटिल हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने पर संशय बना हुआ है। सनराइजर्स हैदराबाद के ही ईशान मलिंगा कंधे की चोट के चलते श्रीलंका में हैं और फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद ही टीम से जुड़ पाएंगे। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नुवान तुषारा को भी फिटनेस क्लीयरेंस मिलने के बाद ही खेलने की अनुमति मिलेगी। इन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों में टीमों को अपने संयोजन में बदलाव करना पड़ेगा, जिससे टूर्नामेंट की शुरुआत और भी दिलचस्प होने की उम्मीद है।

## प्रशंसकों की याद में चिन्नास्वामी स्टेडियम की 11 सीटें खाली रहेंगी - आरसीबी

बेंगलुरु। मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कहा है कि गत वर्ष चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की घटना में जान गंवाने वाले दर्शकों की याद में स्टेडियम की 11 कुर्सियों को हमेशा के लिए खाली रखा जाएगा। इससे इन लोगों के प्रति सम्मान प्रकट किया जाएगा। गत वर्ष आईपीएल में आरसीबी की जीत के बाद उसे जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत हो गयी थी। आरसीबी ने सीट खाली रखन को फैसला राज्य क्रिकेट संघ के साथ बैठक के बाद लिया है। इस फैसले के तहत स्टेडियम के एक प्रमुख स्टैंड की 11 सीटों को अब खाली रखा जाएगा। आईपीएल ही नहीं घरेलू टूर्नामेंट और अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी ये नियम लागू रहेगा। आरसीबी इस सत्र में अपना शुरुआती मैच 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी। इस मैच से पहले भगदड़ में मारे गए सभी 11 प्रशंसकों की याद में स्टेडियम के मुख्य द्वार पर एक स्मारक पट्टिका बनाई गई है। मैच शुरू होने से पहले उन 11 प्रशंसकों के नाम भी स्क्रीन पर दिखाए जाएंगे। अभ्यास सत्र के दौरान आरसीबी के सभी खिलाड़ी 11 नंबर की जर्सी पहनकर इन दिवंगत प्रशंसकों के प्रति संवेदना जताएंगे। इन प्रशंसकों की आत्मा की शांति के लिए पूरे स्टेडियम में 1 मिनट का मौन भी रखा जाएगा।पिछले साल हुई भगदड़ को देखते हुए आरसीबी ने स्टेडियम और आसपास की भीड़ को संभालने के लिए इस बार कई इंतजाम भी किये हैं जिससे किसी भी भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

## आईपीएल 2026 में संजू सैमसन के पास बड़ा मौका

### धोनी के खास क्लब में शामिल होने की दहलीज पर

नई दिल्ली। संजू सैमसन ने टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई और अब उनकी नजर आईपीएल 2026 में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर टिकी है। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में नाबाद 97, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 89 रन की अहम पारियां खेलकर अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाया।

अब आईपीएल में भी अगर वह इसी फॉर्म को बरकरार रखते हैं, तो एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। दरअसल, विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर 5000 या उससे ज्यादा रन बनाने का कारनामा अभी तक सिर्फ एमएस धोनी ने किया है। धोनी ने 2008 से 2025 के बीच 278 मैचों की 242 पारियों में 5439 रन बनाए हैं, जिसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि केएल राहुल के नाम भी 5000 से ज्यादा रन हैं, लेकिन उन्होंने अपने पूरे




करियर में हर मैच विकेटकीपर के रूप में नहीं खेला है।

संजू सैमसन इस खास क्लब में शामिल होने के बेहद करीब हैं। उन्होंने 2013 से 2025 के बीच 177 मैचों की 172 पारियों में 3 शतक और 26 अर्धशतक की मदद से 4704 रन बनाए हैं। उन्हें 5000 रन के आंकड़े तक पहुंचने के लिए केवल 296 रनों की जरूरत है। अगर वह यह मुकाम हासिल कर लेते हैं, तो आईपीएल इतिहास में ऐसा करने वाले दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बन जाएंगे। आगामी सीजन सैमसन के लिए इसलिए भी खास रहने वाला है क्योंकि इस बार वह चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलते नजर आएंगे, जहां उन्हें धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलेगा। इससे पहले वह लंबे समय तक राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे और 2021 में टीम की कप्तानी भी संभाली। उनकी कप्तानी में टीम 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। आईपीएल 2026 सैमसन के करियर का एक अहम मोड़ साबित हो सकता है, जहां वह न सिर्फ अपनी टीम के लिए योगदान देना चाहेंगे, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी इतिहास रचने के करीब खड़े हैं।

## केकेआर ने रसेल की जर्सी रिटायर की

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने वेस्टइंडीज के अनुभवी खिलाड़ी आंद्रे रसेल के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनकी 12 नंबर की जर्सी को रिटायर कर दिया है। ऐसे में अब केकेआर का कोई भी खिलाड़ी 12 नंबर की जर्सी में नजर नहीं आयेगा। रसेल लंबे समय से केकेआर के लिए खेलते आये हैं। टीम में उनके अहम योगदान देखते हुए फ्रेंचाइजी ने उनकी जर्सी रिटायर की है। इसी के तहत ही एक कार्यक्रम में रसेल को सम्मानित भी दिया गया। इस अवसर पर वह भावुक हो गए। केकेआर के मुख्य कार्यकार वेंकी मैसूर ने मंच पर रसेल को एक फ्रेम की हुई जर्सी भेंट की और घोषणा की कि अब से केकेआर का कोई भी खिलाड़ी 12 नंबर की जर्सी नहीं पहनेगा।



गौरतलब है कि आईपीएल 2026 के लिए हुई नीलामी से पहले रसेल ने एक वीडियो भी जारी किया था। इसमें उन्होंने कहा था, 'मेरे दिल में केवल केकेआर है।' रसेल ने कहा था कि अगर वे आईपीएल खेलेंगे तो केवल केकेआर के लिए, वरना नहीं खेलेंगे। उन्होंने अपना वादा निभाया और अब वे खिलाड़ी की जगह टीम के 'पावर कोच' की नई भूमिका में है। रसेल साल 2014 और 2024 की केकेआर की खिताबी जीत में शामिल रहे हैं।

रसेल ने कहा, 'मैंने हर मैच ऐसे खेला जैसे वह मेरा आखिरी मैच हो। मुझे खेल छोड़ने का कोई दुख नहीं है क्योंकि मैंने मैदान पर अपना सब कुछ दे दिया है।' उन्होंने टीम के लिए नई भूमिका निभाने को लेकर कहा, 'इस भूमिका में होने का मुझे कोई अफसोस नहीं है। मैं उत्साहित हूं.' रसेल ने आगे कहा, 'हमारे पास सबसे युवा और बहुत ही प्रतिभाशाली कोचिंग स्टाफ है। मैं ऐसे कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बनना पसंद करूंगा। इससे मेरा काम आसान हो जाता है। मुझे उम्मीद है कि मैं जो भी जानकारी या अनुभव उनके साथ साझा करूंगा, उससे उनका काम और भी आसान हो जाएगा।'

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रवलन के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात डॉ. राकेश चौरे ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बालाघाट के शाखा प्रबंधक दीपक लखेरा ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि महिलाएं आज अंतरिक्ष, चिकित्सा, कंप्यूटर विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं तथा इसरो के चंद्रयान और मंगलयान जैसे मिशनों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती मौसम हरिनखेडे ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए और 'मिसाइल वुमन' के रूप में प्रसिद्ध वैज्ञानिक टेसी थॉमस के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एक लघु विज्ञान फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों एवं तकनीकी प्रगति को दर्शाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. संदीप कुमार (सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र, आत्मानंद शासकीय मॉडल महाविद्यालय दुर्ग, छत्तीसगढ़) ने अपने व्याख्यान में बताया कि भारत में शिक्षा, अनुसंधान एवं विज्ञान के क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी 43 प्रतिशत से अधिक है, जो वैश्विक




औसत से बेहतर है। उन्होंने कहा कि महिला वैज्ञानिक चिकित्सा विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण शोध कार्यों का नेतृत्व कर रही हैं। द्वितीय मुख्य वक्ता श्री हरिराम साहू (सहायक प्राध्यापक, माइक्रोबायोलॉजी, संत गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरूद, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़) ने फंगस, बैक्टीरिया एवं माइक्रोबायोलॉजी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित 54 वर्किंग एवं नॉन-वर्किंग मॉडल तथा पोस्टर प्रस्तुत किए गए। उत्कृष्ट मॉडलों को पुरस्कृत करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5000 रुपये, द्वितीय को 3000 रुपये एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2000 रुपये की राशि प्रदान की गई। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे एवं आयोजन समिति के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तेजेन्द्र सिंह शिव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. राकेश चौरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया।

## कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का समापन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में आयोजित दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन का 25 मार्च 2026 को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गौरी लिल्हारे (अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति) एवं विद्या परिहार (विधायक प्रतिनिधि) शामिल हुईं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर एवं आयोजन समिति के डॉ. सरोज घोड़ेश्वर, श्री विजय तुरकर, डॉ. राहुल सूर्यवंशी एवं श्रीमती मनिका चौबे का विशेष योगदान रहा। स्नेह सम्मेलन के दौरान छात्राओं द्वारा अंताक्षरी प्रतियोगिता एवं इको क्लब की छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली एवं महाविद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान हासिल करने



वाली छात्राओं के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय, राज्य एवं अंतरविश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार मासुरकर, डॉ. दीपरत्ना मासुरकर, श्रीमती सीमा मिश्रा, डॉ. स्वाति खोब्रागड़े, डॉ. अनुभूति सेंडिमन सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को स्वल्पाहार वितरित किया गया। यह स्नेह सम्मेलन छात्राओं के प्रतिभा प्रदर्शन एवं उत्साहवर्धन का एक सफल मंच साबित हुआ।

## घायल तेंदुए को मिला नया जीवन- रेस्क्यू एवं उपचार के बाद जंगल में हुई वापसी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के वन क्षेत्र में मानवता और वन्यजीव संरक्षण की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली, जहां एक घायल तेंदुए को न केवल बचाया गया, बल्कि उपचार के बाद सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ दिया गया।

घटना 13 मार्च 2026 की है, जब वन परिक्षेत्र बालाघाट सामान्य की बीट आगरवाड़ा अंतर्गत ग्राम बीजाटोला के पास नहर किनारे एक तेंदुए के घायल होने की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया। वनसंरक्षक गौरव चौधरी एवं वनमंडल अधिकारी नित्यानंदम एल. के निर्देशन में, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक से अनुमति प्राप्त कर विशेषज्ञ टीम को मौके पर भेजा गया। रेस्क्यू अभियान में नानाजी देशमुख वन्यप्राणी पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय की पशुचिकित्सक टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। टीम ने घायल तेंदुए का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे उपचार हेतु मुक्की रेस्क्यू सेंटर भेज दिया था। कुछ दिनों तक चले उपचार के बाद तेंदुए की स्थिति में सुधार हुआ और विशेषज्ञ पशुचिकित्सकों द्वारा उसे पूर्णत: स्वस्थ घोषित करते हुए फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किया गया। इसके पूरी कार्रवाई वन विभाग की सजगता, विशेषज्ञों के समन्वय और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस प्रयास से न केवल एक वन्यजीव का जीवन बचाया गया, बल्कि जैव विविधता



बाद 24 मार्च को वन विभाग, पशुचिकित्सकों एवं कान्हा टाइगर रिजर्व के स्टाफ की मौजूदगी में तेंदुए को मानव व्यवधान से दूर एक सुरक्षित आरक्षित वन क्षेत्र में सफलतापूर्वक छोड़ दिया गया। यह संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

## जनगणना-2027- फील्ड ट्रेनर्स को दिया जा रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में जनगणना-2027 के लिए सभी आवश्येक तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में ई-दक्ष केन्द्र में मकान सूचीकरण कार्य के लिए जिले में फील्ड ट्रेनर्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में कटंगी, तिरोड़ी, वारासिवनी, खैरलांजी एवं बालाघाट तहसील के साथ-साथ नगर पालिका वारासिवनी, कटंगी और बालाघाट के लिए नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स शामिल हो रहे हैं।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री डी.पी. बर्मन, प्रभारी जिला जनगणना अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार गौरव, जिला प्रभारी रोहित पांडे तथा जिला मास्टर ट्रेनर राकेश पटले एवं विनोद आड़े द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को मकान सूचीकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान जनगणना शाखा के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के माध्यम से फील्ड ट्रेनर्स को कार्य की बारीकियों से अवगत कराते हुए इसे निर्धारित समय सीमा में सुचारू रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन की सख्ती, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में रेत एवं अन्य खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में लगातार




कार्यवाही भी की जा रही है।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 25 मार्च 2026 को कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज विभाग की टीम द्वारा दोनों वाहनों को मौके पर ही जप्त कर लिया गया है। साथ ही संबंधित ट्रैक्टर मालिकों के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रशासन द्वारा कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया है कि विद्यालय से 8 किलोमीटर के दायरे में निवास करने वाले अभिभावकों के बच्चों के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए छात्र की आयु 31 जुलाई 2026 तक 11 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है, जबकि कक्षा 9वीं के लिए आयु सीमा 14 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड तथा कक्षा 5वीं/8वीं उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। विद्यालय कार्यालय से आवेदन पत्र 25 मार्च 2026 से कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।

विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र प्राप्त करने से पूर्व स्थायी निवास प्रमाण एवं जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की गलत या भ्रामक जानकारी पाए जाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। यदि आवेदन संख्या निर्धारित सीटों से अधिक होती है, तो प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा।

## संपत्तिकर व जलप्रभार पर अधिभार में छूट 31 मार्च तक बढ़ाई गई

### नागरिकों से 31 मार्च तक संपत्तिकर एवं जलकर की राशि जमा करने की अपील

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभारों पर अधिभार (सरचार्ज) में दी जा रही छूट को 31 मार्च 2026 तक निरंतर बनाए रखने का निर्णय लिया गया है। यह छूट लोक अदालत के तहत प्रदान की जा रही है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 162 एवं 163 तथा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 130, 131 एवं 132 में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए यह विशेष छूट प्रदान की गई है।

नगर पालिका बालाघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बी डी कतरोलिया ने नगरीय क्षेत्र बालाघाट के नागरिकों से अपील की है कि इस विशेष छूट का लाभ लेने के लिए अपना संपत्ति कर जल कर 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करायें। समय सीमा में कर जमा नहीं करने पर अधिभार लिया जायेगा और सख्तीर से करों की वसूली की जायेगी। जलकर की राशि जमा नहीं करने पर नल कनेक्शीन काटने की कार्यवाही भी की जायेगी। निर्धारित समय सीमा के बाद 1 अप्रैल 2026 से बकाया करों में दोगुनी वृद्धि की जाएगी। इसके साथ ही बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से प्रकाशित किए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित करदाता की स्वयं होगी। अत: नागरिक अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते अपने बकाया कर जमा कर नगर के विकास में सहयोग करें।

## कार व मोटरसाइकिल में भिड़ंत -मां,बेटा गंभीर रूप से घायल

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी आमगांव मार्ग पर ग्राम पालडोंगरी बांस डीपो के पास 25 मार्च 2026 को दोपहर 12-30 के करीब एक मोटर सायकल एवं कार में जबरदस्त भीडंत हो गई जहां मोटर सायकल में सवार माँ बेटे गंभीर रूप से घायल हो गये वहीं कार सवार को भी चोटें आई है घायलो को स्थानीय लोगो ने निजी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी लाया जाकर उपचार किया गया है। घटना की मुख्य वजह तेज रफ्तार कार वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाना सामने आ रही है। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय और तहसील क्षेत्रों में रोजाना सामने आ रहे सड? हादसों की कड़ी में बुधवार को लांजी में पालडोंगरी बांस डिपो के पास कार और मोटर सायकल की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। दरअसल, बिसोनी निवासी मां-बेटे प्रमोद पिता दिलीप कुचलाहे (22) अपनी मां रामकली कुचलाहे (45) को लेकर अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 एमयू 8942 से पालडोंगरी बांस डिपो गए थे। वहां से वापस लौटते समय दोपहर लगभग 12-30 से 1 बजे के बीच बालाघाट से




छत्तीसगढ़ की ओर जा रही कार एम पी 50 जेड डी 4645 के चालक ने कथित रूप से लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए मोटर सायकल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटर सायकल सवार प्रमोद और उसकी मां दोनों घायल हो गए। हादसे में रामकली कुचलाहे का एक हाथ टूट गया, जबकि हथेली में गंभीर चोट आने से 8 से 10 टांके लगाने पड़े। वहीं प्रमोद को भी चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि बालाघाट से रायगढ़ जा रही कार में सवार एक महिला को भी इस दुर्घटना में चोटें आई हैं। हालांकि कार सवारों ने अपने बारे में अधिक जानकारी देने से इंकार कर दिया। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद आगे की कार्रवाई लांजी पुलिस द्वारा की जाएगी। घायल प्रमोद ने बताया कि वह अपनी मां के साथ डिपो लकड़ी लेने गया था। लौटते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार कार को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन चालक ने गति कम नहीं की और सीधे बाइक को टक्कर मार दी। घटना की जानकारी लगते ही लांजी पुलिस ने घटना स्थल पर पंहुचकर मामले को संज्ञान में लेते हुये विवेचना जारी की गई।

## पीजी कॉलेज के छात्रों ने रैली निकालकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 25 मार्च को जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

रैली में महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां एवं स्लोगन लेकर जल है तो कल है जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों में पहुंची, जहां विद्यार्थियों ने लोगों को जल बचाने के उपायों के बारे में जानकारी दी।

इस आयोजन की सफलता में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे का कुशल मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। वहीं कार्यक्रम के संचालन एवं रैली को सफल बनाने में प्राध्यापक श्री आनंद सिंह पारधी, श्री संजय कुमार बिसेन (सहायक प्राध्यापक), भिवेन्द्र धुर्वे एवं




अतुल मेश्राम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के संदेश का प्रभावी प्रसार हुआ।

# कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने 25 मार्च को महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारियों की बैठक लेकर आंगनवाडी केंद्रो के माध्यम से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ भी उपस्थित थे। इस बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके उपचार की समीक्षा की गई। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पोषण ट्रेकर एप्प के डाटा के आधार पर सेम (एसएएम) एवं मेम (एमएएम) श्रेणी के बच्चों का चिन्हांकन करें। इसके लिए आंगनवाडी केंद्रों में नियमित रूप से बच्चों के वजन एवं ऊँचाई की माप ली जाए। बालाघाट नवीन परियोजना एवं लालबर्रा में कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन में संतोषजनक प्रगति नही पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की गई और इसमें शीघ्र सुधार लाने के निर्देश दिये गए। कुपोषित बच्चों का 12 फालोअप अनिवार्य रूप से होना चाहिए और इसके बाद वह कुपोषण से मुक्त हो जाना चाहिए। यदि कोई बच्चा कुपोषण से मुक्त नही होता है तो यह माना जाएगा कि उसके 12 फालोअप नही लिये गए है और उसका सहीं उपचार नही किया गया है। इसके लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। कुपोषण से ग्रसित बच्चों के कम संख्या में कुपोषण से मुक्त होने पर बिरसा की प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए।

आंगनवाडी केंद्रो के 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा दिलाने की समीक्षा के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पोषण ट्रेकर में दर्ज सभी पात्र बच्चों को इसमें शामिल किया जाए। 03 से 06 वर्ष की आयु का जो भी बच्चा पोषण ट्रेकर एप्प में दर्ज हो जाता है उसे आंगनवाडी की सभी सेवाओं का लाभ मिलना चाहिए। स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए बाल विकास परियोजना कटंगी एवं खैरलांजी में कम बच्चों का पंजीयन होने पर नाराजगी जाहिर की गई और इसमें शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान



बताया गया कि जिले के आंगनवाडी केंद्रो के 74 हजार 284 बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा दिलाया जाना है। इनमें से 12 हजार 451 बच्चें प्रायवेट स्कूलों में दर्ज है और 37 हजार 823 बच्चों द्वारा माह में कम से कम 21 दिन स्कूल पूर्व शिक्षा ग्रहण की है।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने राइज बलगिनिटी एप्प के माध्यम से आंगनवाडी की सेवाओं पर निगरानी के लिए चिन्हित आंगनवाडी केंद्रो में इसका नियमित रूप से उपयोग करने एवं उससे प्राप्त डाटा का विश्लेषण करने के निर्देश दिये। पोषण ट्रेकर एप्प एवं राइज बलगिनिटी एप्प के डाटा में समानता आना चाहिए। यदि इनके डाटा में भिन्नता पायी जाएगी तो माना जाएगा कि आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रेकर एप्प में गलत एंट्री की जा रही है। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि सभी पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाया जाए।

## न्यूज गैलरी

## जिले में डीजल, पेट्रोल, एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

### पेट्रोलियम उत्पाद की कमी के संबंध में अफवाह फैलाने वालों पर होगी कडी कार्यवाही

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की कमी नही है और इनका पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की सुचारू रूप से आपूर्ति की जा रही है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस का क्रय करें और इसका अनावश्यक भण्डारण न करें।

जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की कमी होने या उपलब्ध नही होने संबंधी गलत, भ्रामक जानकारी एवं अफवाह न फैलायी जाए। यदि कोई भी व्यक्ति इस संबंध में अफवाह फैलाएगा या गलत जानकारी देगा तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। जिले के समस्त नागरिकों को सूचित किया गया है कि वर्तमान में जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर, पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। गैस कंपनियों द्वारा नियमित रूप से गैस एजेंसियों को आपूर्ति की जा रही है तथा सभी पेट्रोल पंपों पर भी ईंधन की कोई कमी नहीं है।

आमजन से अपील की गई है कि गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी आवश्यक वस्तुएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा जानकारी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नागरिकगण अपनी समस्या के निराकरण हेतु निम्न कंट्रोल रूम नंबरों 9340437137, 8989779431, 7582955069 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पर सतत निगरानी रखी जा रही है एवं आमजन की सुविधा हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# पेट्रोल खत्म होने की अफवाह से शहर में हड़कंप, पंप हुए खाली

## रातभर उमड़ी भीड़, दूसरे दिन भी नहीं संभले हालात, प्रशासन की अपील बेअसर

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**शहर में 24 मार्च की देर रात पेट्रोल खत्म होने की अफवाह ने अचानक अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। रात करीब 11 बजे के बाद सोशल मीडिया और मोबाइल संदेशों के जरिए फैली खबर के चलते बड़ी संख्या में वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते शहर, कोसमी और आसपास के क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं और स्थिति बेकाबू होती नजर आई। हालात को संभालने के लिए प्रशासन तत्काल सक्रिय हुआ। कलेक्टर मृणाल मीणा, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, एसडीएम गोपाल सोनी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया और लोगों को समझाइश देते हुए स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। हालांकि प्रशासन के आश्वासन के बावजूद अफवाह का असर कम नहीं हुआ और लोगों में पेट्रोल भरवाने की होड़ मच गई। इसका असर दूसरे दिन 25 मार्च को भी देखने को मिला, जब सुबह से ही शहर और आसपास के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने पेट्रोल भरवाया, जिससे दोपहर और देर शाम तक कई पेट्रोल पंप खाली हो गए।**

स्थिति और चिंताजनक तब हो गई जब प्रशासन के पर्याप्त स्टॉक के दावे के बावजूद जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आई। देर शाम तक कई पंपों पर पेट्रोल उपलब्ध नहीं रहा। वहीं 25 मार्च की रात तक पेट्रोल-डीजल की स्थिति को लेकर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने के प्रयास भी विफल रहे, जिससे आमजन में असमंजस और बढ़ गया। इधर पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि जल्द ही टैंकरों के माध्यम से पेट्रोल की आपूर्ति पहुंचने की उम्मीद है।



### दूसरे दिन भी नहीं थमी भीड़, कई पंपों का स्टॉक खत्म

25 मार्च की सुबह भी स्थिति सामान्य नहीं हो सकी और शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर फिर से भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अत्यधिक दबाव के चलते बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पंप सहित कई स्थानों पर पेट्रोल का स्टॉक समाप्त हो गया, जबकि अन्य पंप संचालकों ने भी सीमित आपूर्ति होने की बात कही। शाम होते-होते हालात और बिगड़ गए। कालीपुतली चौक, रानी अवंती बाई चौक और आसपास के कई पेट्रोल पंपों में पेट्रोल पूरी तरह खत्म हो गया। पंप संचालकों ने अलग-अलग समय पर टैंकर आने की बात कही कहीं रात तक तो कहीं अगले दिन और दो दिन बाद सप्लाई पहुंचने की संभावना जताई गई।

### रिकॉर्ड बिक्री के बाद खाली हुए टैंक

पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार, सामान्य दिनों की तुलना में इस बार कई गुना अधिक बिक्री दर्ज की गई। कालीपुतली चौक स्थित पेट्रोल पंप पर जहां रोजाना करीब 6,000 लीटर पेट्रोल बिकता था, वहीं इस दिन 10,000 से 10,500 लीटर तक की बिक्री हुई। इसी तरह रानी अवंती बाई चौक स्थित पंप पर सामान्य 2,500 लीटर की जगह 4,000 से 4,500 लीटर तक पेट्रोल की खपत हुई। बस स्टैंड स्थित रवि शंकर एंड कंपनी पेट्रोल पंप पर भी 6,000 लीटर से अधिक पेट्रोल की बिक्री दर्ज की गई, जिससे स्टॉक समाप्त हो गया। मोती गार्डन के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर भी लंबी कतारें देखने को मिलीं। यहां उपलब्ध करीब 7,000 लीटर पेट्रोल को नियंत्रित ढंग से वितरित करने के लिए पंप प्रबंधन ने सीमा तय कर दी। दोपहिया वाहनों को 200 रुपये तक का पेट्रोल और डीजल वाहनों को 500 रुपये तक ही ईंधन दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके।

### कंट्रोल रूम नंबर भी नहीं आए काम, बढ़ी चिंता

गौरतलब है कि 24 मार्च को ही कलेक्टर मृणाल मीणा और एसपी आदित्य मिश्रा द्वारा जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद 25 मार्च की शाम तक अधिकांश पेट्रोल पंपों के खाली हो जाने से आमजन में चिंता और असमंजस की स्थिति बढ़ गई। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब प्रशासन द्वारा जारी कंट्रोल रूम नंबरों पर कॉल रिसीव नहीं हो पाई। लोग लगातार संपर्क करने का प्रयास करते रहे, लेकिन स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाने से भ्रम की स्थिति बनी रही। इस संबंध में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन व्यस्तता के चलते उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों का नंबर दिया, उन्होंने भी फोन नही उठाया ।

### सप्लाई सिस्टम में बदलाव का असर

काली पुतली चौक स्थित एक पेट्रोल पंप के प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में पेट्रोल टैंकर मंगवाने की प्रक्रिया में बदलाव हुआ है। पहले टैंकर बिना अग्रिम भुगतान के आ जाते थे, लेकिन अब टैंकर मंगाने के लिए पहले ही 20 से 25 लाख रुपये तक की राशि जमा करनी पड़ती है। इस वजह से तत्काल सप्लाई मंगाने में कठिनाई हो रही है। हालांकि उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।

### जरूरत से ज्यादा भरवाया गया पेट्रोल, पंप हुये खाली

पेट्रोल को लेकर फैली अफवाह का सीधा असर ईंधन की खपत पर देखने को मिला। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि सामान्य दिनों में जितनी मात्रा में पेट्रोल-डीजल की बिक्री होती है, उतना ही स्टॉक इस बार भी उपलब्ध था, लेकिन अफवाह के चलते लोगों ने घबराहट में आवश्यकता से अधिक ईंधन भरवा लिया। संचालकों के अनुसार, बड़ी संख्या में वाहन चालक न केवल अपनी गाडियों की टंकियां फुल करवा रहे थे, बल्कि कैन, बोतल और अन्य बर्तनों में भी पेट्रोल-डीजल संग्रह करने लगे। इस वजह से अचानक मांग कई गुना बढ़ गई और कुछ ही घंटों में अधिकांश पेट्रोल पंपों का स्टॉक समाप्त हो गया। पंप संचालकों ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और आगे भी किसी प्रकार की कमी या रुकावट नहीं है। उन्होंने बताया कि यह स्थिति केवल अफवाह और घबराहट के कारण बनी, न कि वास्तविक कमी के कारण।

# पानी मांगने के बहाने वृद्ध महिला से मंगलसूत्र की लूट

## किरनापुर के मोहगांवकला में दिनदहाड़े वारदात, सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर क्षेत्र के ग्राम मोहगांवकला में दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आई है। यहां खेत में काम कर रही एक वृद्ध महिला से दो अज्ञात युवकों ने पानी मांगने के बहाने उसका मंगलसूत्र लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार महिला खेत में कार्य कर रही थी, तभी दो युवक उसके पास पहुंचे और पानी मांगने लगे। जैसे ही महिला पानी देने के लिए आगे बढ़ी, आरोपियों में से एक युवक ने उसके गले से करीब एक लाख रुपए कीमत का सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित महिला ने रजेगांव चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए हैं, जिसके आधार पर उनकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में चोरी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। जहां पहले चोर सूने मकानों और दुकानों को निशाना बनाते थे, वहीं अब अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे दिनदहाड़े लोगों को निशाना बनाने लगे हैं। ताजा मामला किरनापुर क्षेत्र के ग्राम मोहगांवकला से सामने आया है, जहां खेत में काम कर रही एक वृद्ध महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोहगांवकला निवासी गोपीका सोनवाने अपने खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे। एक युवक सड़क किनारे मोटरसाइकिल पर खड़ा रहा, जबकि दूसरा युवक पानी पीने के बहाने महिला के पास पहुंचा। महिला ने बताया कि उन्होंने युवक को पहले ही कह दिया था कि उनके पास पानी नहीं है और यदि उसे पानी पीना है तो गांव की ओर जाकर पी सकता है। इसके बावजूद युवक महिला के पास पहुंच गया और मौका देखकर अपने पास रखे चाकू से उनके गले में पहना मंगलसूत्र काट लिया। अचानक हुई इस घटना से महिला घबरा गई और डर के कारण ज्यादा शोर नहीं कर सकी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला के अनुसार लूटे गए मंगलसूत्र की कीमत लगभग 1 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद जब महिला ने शोर मचाया, तब आसपास कोई मौजूद नहीं था। घर पहुंचकर उन्होंने परिजनों को पूरी जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस चौकी में दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता गोपीका सोनवाने के बयान दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों संदिग्ध युवक एक सीसीटीवी कैमरे में नजर आए हैं, जिसके आधार पर उनकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। यह पूरी घटना 25 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।



# साई नगर में एक व्यक्ति की फांसी लगाने से मौत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर के वार्ड नंबर 32 साई नगर में 40 वर्षीय व्यक्ति ईश्वर पिता कुंवर लाल चंद्रोल ने अपने घर में फांसी लगा ली। जिसे तुरंत ही फांसी के फंदे से उतार कर जिला अस्पताल लाये, जिसे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस व्यक्ति की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। इस व्यक्ति के द्वारा शराब के नशे में फांसी लगाने की संभावना व्यक्त जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईश्वर चन्द्रोल 6 भाई और दो बहने हैं ।सभी की शादी हो चुकी है। 6 भाई एक ही मकान में अलग-अलग रहते हैं। ईश्वर चन्द्रोल के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। बताया गया कि ईश्वर चन्द्रोल शराब पीने का आदी था। जिसने 6,7 माह पहले नशे की हालत में कांच के टुकडे खा लिया था। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया था। 25 मार्च को ईश्वर चन्द्रोल शराब के नशे में घर में था। शाम 5ः00 बजे ईश्वर चन्द्रोल की पत्नी पड़ोस में चली गई थी। बच्चे खेल रहे थे ।इसी दौरान ईश्वर चन्द्रोल ने घर में फांसी लगा लिया। जिसे फांसी के फंदे पर झूलते हुए परिवार के लोगों ने देखें और उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारे। खबर मिलते ही बड़े भाई राधेलाल चन्द्रोल भी पहुंच गए थे। जिन्होंने तुरंत ही ईश्वर चन्द्रोल को कार से जिला अस्पताल लाये। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिए। ईश्वर चन्द्रोल की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल पुलिस ने ईश्वर चन्द्रोल का शव कब्जे में लिए और प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए शव को जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दी है ।जिसका पोस्टमार्टम 26 मार्च को किया जाएगा। इस व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में फांसी लगाने की संभावना व्यक्त की जा रही है मामले की आगे जांच कोतवाली पूरी द्वारा की जा रही है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट